# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 14 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 128 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.3 | 24.1 |
| डालटनगंज | 28.6 | 23.6 |
| धनबाद | 31.8 | 27.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ न्यूज

### बिहार में 17 से शुरू होगी राहुल की यात्रा

**नयी दिल्ली।** बिहार में एसआईआर और कथित वोट चोरी को लेकर मचे राजनीतिक घमासान के बीच राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक की सभी पार्टियां 17 अगस्त से राज्य में 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू करेंगी. इसको लेकर सासाराम में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने गठबंधन के नेताओं से मुलाकात की. केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह लड़ाई अब सड़कों पर लड़ी जाएगी. 17 अगस्त से राहुल गांधी विशाल वोट अधिकार यात्रा शुरू करेंगे.

### खाटूश्याम से लौट रहे 11 श्रद्धालुओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई. दौसा-मनोहपुर रोड पर बापी के पास कंटेनर और यात्री पिकअप की जोरदार भिड़ंत में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. एक महिला श्रद्धालु ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. सभी यूपी के कासगंज (एटा) के रहने वाले हैं. ये लोग खाटूश्याम के दर्शन कर लौट रहे थे. नौ लोगों को इलाज के लिए रेफर किया गया है.

### क्रिकेटर सुरेश रैना ईडी के समक्ष हुए पेश

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को दिल्ली में ईडी के समक्ष पेश हुए. सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया. माना जा रहा है कि पूर्व रैना कुछ विज्ञापनों के जरिए इस ऐप से जुड़े हुए हैं. ईडी इस ऐप से उनके संबंधों के बारे में पूछताछ करना चाहती थी.

### घुसपैठ की कोशिश नाकाम, जवान शहीद

**उरी।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एलओसी पर भारतीय सेना ने बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी. इसके बाद आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया. उरी सेक्टर में एलओसी से घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के साथ सैनिकों की मुठभेड़ हुई. इस दौरान हमारे एक सैनिक ने देश की बहादुरी से रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया. सेना ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है.

### पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है. कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है. ओलंपिक पदक विजेता सुशील पर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या का मामला दर्ज था. दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें बेल दे दी थी. शिकायतकर्ता की वकील ने कहा, सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई. इसीलिए पीड़ितों के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया गया है.

**स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्ष बीत गये. हम 15 अगस्त को 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे**

# केवल जश्न नहीं अभिनव संकल्प का दिन है 15 अगस्त

अयोध्या नाथ मिश्र

स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्ष बीत गये. हम 15 अगस्त को 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाएंगे. यह दिन भारतीय समाज/राष्ट्र जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण वेला है. प्रदीर्घ गुलामी



की बेड़ियों ने भारत राष्ट्र को चारों ओर से जकड़ लिया था. सबसे बड़ा दुष्प्रभाव भारतीय संस्कृति,शिक्षा, समृद्धि और समाज अर्थात लोकजीवन पर पड़ा था. भारत की आम अवाम बहुतायत में मौलिक रूप से गुलाम हो गई थी. हमारी बौद्धिक संपदा पर सुनियोजित आक्रमण का प्रभाव जीवन के सभी क्षेत्रों में दिखाई पड़ता था. शिक्षा जो "विद्या ददाति विनयम,विनयात पात्रत्वाम..." का आधार थी कामचलाऊ नौकर चरित्र निर्माण कर रही थी. ऊपर से नीचे सब नौकर थे. ...और नौकर अपने मालिकों के इशारे पर जुल्मो-सितम ढाते थे. चंद पैसे लगान की अदायगी में



विलम्ब पर कोड़े तो पड़ते थे, जमीन नीलाम हो जाती थी. उपज हमारी, श्रम हमारा, लाभ किसी और का!

भारतीय समृद्धि के मूल हस्त कौशल को यूरोपीय औद्योगीकरण ने निगल लिया. सोने की चिड़िया दाने -दाने को मोहताज. लोक संसाधन की उपेक्षा ने अनेक कठिनाइयों को जन्म दिया. अकाल दुर्भिक्ष बाढ़ सुखाड़ से त्रस्त ग्रामीण जीवन हैजा प्लेग मलेरिया फाइलेरिया एवं अन्य जेनेटिक बीमारियों से जूझने को अभिशप्त हो गया. आज भी लोग हैजा प्लेग से हुई मृत्युलीला की चर्चा करते हैं. कुल मिलाकर केवल भारत की भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की सुनियोजित लूट का कार्यक्रम और वह भी अमानवीय.

विश्व की 23% जीडीपी का भारत तीन प्रतिशत पर पहुंच गया. इसी के साथ-साथ सामाजिक विद्वेष अर्थात "बांटो और राज करो "की नीति के चलते अनेक प्रकार की सामाजिक विकृतियां घर करने लगीं और भारतीय समाज अपनी अज्ञानता वश उसे तेजी से अंगीकार भी किया. कोई अपने को शासित समझता तो कोई शासक वर्ग का! इसी के साथ-साथ विभेदकारी नीति के तहत समाज जीवन को अलग-अलग जातियों उपजातियों के टुकड़ों में बांट दिया. इतना ही नहीं उन सब के बीच विभेद कैसे उत्पन्न हो, आर्थिक-सामाजिक खाई कैसे बने और उनके हाथ में कटोरा कैसे आए इसके लिए शासको ने भरपूर प्रयास, एक से बढ़कर एक उपक्रम किये. नतीजा सामने था, गरीबी दर गरीबी, फूट, परस्पर वैमनस्यता की खाई स्पष्टतः दिखने लगी.

## आजादी लिए बिना दुख मेटी ना हमार

कहा गया है 'सहते- सहते अनय जहां मर रहा मनुज का मन हो' तो उसके बीच से ही चिंगारी उत्पन्न होती है और उस ज्वाला में बड़ी जलन होती है. समाज जीवन उसे समेट कर अपनी ऊर्जा बनाता है. भारत में यही हुआ 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन (सिपाही विद्रोह) से उत्पन्न ज्वाला बड़ी तेजी से पूरे देश में फैल गई. परिणाम हुआ "आजादी लिए बिना दुख मेटी ना हमार" का नारा गांव-गांव से उठने लगा. मेरा उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन को दोहराना नहीं है. हमारी सामाजिक चेतना इससे अनुप्राणित होती है और युवा पीढ़ी इस पृष्ठभूमि की परिणति को देख रही है. किस प्रकार भारत के अमर्त्य स्वातंत्र्य वीर पुत्रों ने देश की आजादी के लिए अपने सर्वस्व का सहर्ष बलिदान किया, यह हमारा ज्वलंत इतिहास है. मत कह क्या-क्या हुआ? देश ने बहुत खोया, बहुत गंवाया, यहां तक कि आजादी की प्राप्ति के कालखंड में भी हमने अपने समाज जीवन को न केवल उद्वेलित देखा, बल्कि मानवता के कदम कदम पर सर्वनाश का सुनियोजित उपक्रम भी सामने आया. लाखों ने बलिदान दिया. देश आजाद हुआ परंतु देश विभक्त भी हुआ, टुकड़े हुए, वह भी धर्म सम्प्रदाय आधारित! इस क्रम में क्या नहीं हुआ?

**आजादी से सीख लेनी है, प्रेरणा लेनी है :** 15 अगस्त अर्थात आजादी का यह दिन हमें अपने अतीत की उन तमाम स्मृतियों की ओर बरबस ले जाता है. हमें उनसे सीख लेनी है, प्रेरणा लेनी है और एक नए भारत एक नई सामाजिक संस्कृति, एक सुसंपन्न समृद्ध भारत को विश्व पटल के शीर्ष पर ले जाने का संकल्प लेने को प्रेरित करता है 15 अगस्त. 15 अगस्त आजादी के जश्न का दिन है, खुशियां मनाने का दिन है कि हम आज एक सर्वशक्तिमान सार्वभौम संवैधानिक व्यवस्था के तहत सुसंपन्न राष्ट्र हैं. लेकिन इसी के साथ इस जश्न के शोर में कई ऐसे शब्द, कई ऐसे स्वर कानों को सुनने के लिए बाध्य कर जाते हैं. यह कि तुम्हारे सामने बहुत बड़े संकल्प खड़े हैं जो अधूरे हैं और पीढ़ियों को इन्हें पूरा करना है.

**असमर्थ को समर्थन देने का समय :** भारत नॉलेज इकोनामी में अनादिकाल से अग्रणी रहा है, हमने विश्व को मार्ग दिखाया है, ज्ञान दिया है, समृद्धि का पाठ समझाया है और बहुत हद तक संस्कार भी दिया है. आज भारत को अपनी संस्कृति आधारित शिक्षा, समाज जीवन के मौलिक पहलुओं और समृद्धि के लिए कौशल की बड़ी आवश्यकता है. केवल साक्षरता की गणना के आधार पर शैक्षिक स्थिति का आकलन और बीपीएल के मूल्यांकन आधारित प्रति व्यक्ति आय की इकोनॉमी सोने की चिड़िया नहीं बना पाएगी और नहीं हम अपने समस्त लोक जीवन को जीवनावश्यक उपयोगी साधन सुविधा दे पाएंगे! **शेष पेज 11 पर...**

**बिहार पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम की अहम टिप्पणी, कहा**

# वोटर-फ्रेंडली एसआईआर

एजेंसियां।नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को बिहार में चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि हम समझ रहे हैं कि आप आधार के बारे में बात कर रहे हैं. पहचान पत्रों की संख्या बढ़ाना वोटर-फ्रेंडली कदम है, और यह बाहर किया जाने वाला यानी एक्सक्लूजनरी कदम नहीं है. उन्होंने कहा कि पहले 7 दस्तावेज मान्य थे, अब 11 हैं, जिससे लोगों के पास और विकल्प होंगे.

मामले की सुनवाई में शामिल जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर कोई कहता है कि सभी 11 दस्तावेज जरूरी हैं, तो यह एंटी-वोटर होगा, लेकिन अगर कहा जाता है कि 11 विश्वसनीय दस्तावेजों में से कोई भी दें?, तो यह अच्छी बात है. याचिकाकर्ताओं के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जस्टिस बागची की टिप्पणी पर कहा कि वह उनसे असहमत हैं और बताया कि असल में यह एक्सक्लूजनरी है.

सिंघवी ने कहा, (1) आधार शामिल नहीं है - यह एक्सक्लूजनरी है. यह वह दस्तावेज है जिसका कवरेज सबसे अधिक है. (2) पानी, बिजली, गैस कनेक्शन - इसमें (मांगे गए डॉक्यूमेंट्स में) शामिल नहीं हैं (3) इंडियन पासपोर्ट - 1-2% से कम कवरेज है. संख्या के संदर्भ में, वे प्रभावित करने के लिए इसे बरकरार रख रहे हैं. लेकिन स्वभाव से, यह न्यूनतम कवरेज वाला दस्तावेज है. (4) अन्य सभी दस्तावेजों का कवरेज 0-2-3% के बीच है. अगर किसी के पास जमीन नहीं है, तो दस्तावेज 5,6,7 बाहर हैं. मुझे आश्चर्य है कि बिहार में कितने लोग इसके लिए योग्य होंगे? बिहार में निवास प्रमाण पत्र मौजूद नहीं है. फॉर्म 6 में केवल सेल्फ-डिक्लेरेशन की जरूरत होती है.

वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा, चुनाव से महीनों पहले क्यों? बाद में करवाते, पूरा साल लग जाएगा. चुनाव आयोग 11 दस्तावेजों का हवाला देकर प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है. 3 दस्तावेजों के सोर्स उन्हें नहीं पता, बाकी 2 बेहद संदिग्ध और अप्रासंगिक हैं. ये 11 की लिस्ट ताश के पत्तों की तरह हैं. ये आधार, पानी और बिजली के बिलों की जगह ले लेते हैं.



### क्या है इस प्रक्रिया का मकसद

बता दें कि एसआईआर 2003 के बाद मतदाता सूची का पहला बड़ा पुनरीक्षण है. इसका मकसद बिहार में



अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को सही करना है. चुनाव आयोग ने बिहार से शुरुआत कर, गैर-नागरिकों समेत अपात्र मतदाताओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है. इस प्रक्रिया के तहत 2003 की सूची में शामिल न रहे मतदाताओं को जन्मस्थान का प्रमाण और नागरिकता का स्व-घोषणा पत्र जमा करना होगा. आलोचकों का कहना है कि फॉर्म-6 में नागरिकता प्रमाण की अनिवार्यता नहीं है, जिससे गैर-नागरिकों के शामिल होने की आशंका है.

### नागरिकता प्रमाण के मुद्दे पर पूरी तरह 180 डिग्री टर्न लिया

सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग ने नागरिकता प्रमाण के मुद्दे पर पूरी तरह 180 डिग्री का रुख बदल लिया है. किसी को नागरिक न मानने के लिए पहले कोई आपत्ति करने वाला होना चाहिए, फिर ईआरओ नोटिस देगा और जवाब का समय देगा. उन्होंने सवाल किया कि इतने बड़े ज्यूडिशियल टास्क दो महीने में कैसे पूरे होंगे? सिंघवी ने सुझाव दिया कि एसआईआर दिसंबर से शुरू कर एक साल में पूरी की जाए, और कोई भी इसके खिलाफ नहीं है.

### जज की सिविल सर्विसेज वाली टिप्पणी पर सिंघवी बोले-

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह दिलचस्प है कि सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के पास पासपोर्ट हैं. पंजाब में भी देखा गया है कि लोग पासपोर्ट बनवाते हैं. सिंघवी ने आपत्ति जताई कि मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट के आंकड़े 2005-2025 के बीच के क्यों दिए जा रहे हैं, जबकि इस अवधि में पास करने वाले सभी वोटर नहीं हो सकते. इस पर कोर्ट ने कहा कि सर्टिफिकेट उसी साल पास करने वालों को दिया जाता है, इसलिए यह समसामयिक है. साथ ही कोर्ट ने कहा कि बिहार को कमतर न आंका जाए, आईएएस और आईएफएस में बिहार का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है. अभिषेक सिंघवी ने कहा कि यह प्रतिनिधित्व केवल एक वर्ग तक सीमित है, जबकि बाढ़ प्रभावित और ग्रामीण गरीब वर्ग के लोगों को दस्तावेज हासिल करने में मुश्किल होती है. कई राज्यों में स्थायी निवास प्रमाण पत्र नहीं होते.

### 13 करोड़ स्थायी निवास प्रमाण पत्र जारी होने का आंकड़ा कैसे आया

कोर्ट ने पूछा कि बिहार में 13 करोड़ स्थायी निवास प्रमाण पत्र जारी होने का आंकड़ा कैसे आया, जबकि यह राज्य की कुल जनसंख्या से ज्यादा है. ईसीआई ने कहा कि यह डेटा राज्यों या अन्य अथॉरिटी से लिया गया उदाहरण है. सिंघवी ने आपत्ति जताई कि तीन दस्तावेजों के लिए सोर्स नहीं दिया गया, दो दस्तावेज बिहार में लागू ही नहीं होते. उन्होंने कहा कि आधार, ईपिक को छोड़कर पानी-बिजली बिल जैसे सरल दस्तावेज नहीं शामिल किए जा रहे हैं, और ये आंकड़े दानिश केस के हलफनामे में दिए गए हैं. जस्टिस बागची ने कहा कि स्थायी निवास प्रमाण पत्र के लिए जारी करने वाला विभाग भी खाली छोड़ा गया है. सिंघवी ने दोहराया कि किसी को गहन पुनरीक्षण से समस्या नहीं है, लेकिन दो महीने में इसे लागू करना व्यावहारिक नहीं है.

**मंगलवार को कोर्ट में क्या हुआ था :** इससे पहले 12 अगस्त को शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाता सूची में नागरिकों या गैर-नागरिकों को शामिल करना या बाहर करना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है. कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर में आधार और मतदाता कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं करने के अपने रुख को दोहराया.

**विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा :** संसद के अंदर और बाहर चल रहे एसआईआर पर विवाद बढ़ने के बीच शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा है, क्योंकि चुनाव आयोग ने दावा किया है कि चुनावी राज्य बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता आबादी में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को या उनके माता-पिता को 2003 की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी.



**गांव की पगडंडियों पर घूमने निकले सीएम हेमंत सोरेन**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपने पैतृक गांव नेमरा में गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते नजर आए. इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है. मुख्यमंत्री ने कहा, गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव है, जल-जंगल-जमीन से है गहरा नाता, ये केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं. -पेज 2 भी देखें

### पीएम मोदी सितंबर में जा सकते हैं अमेरिका

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिये जाने के बीच



खबर आयी है कि पीएम मोदी सितंबर में न्यूयॉर्क सिटी में आयोजित यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली की बैठक में शिरकत कर सकते हैं. अमेरिकी यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मुलाकात राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होने के कयास लगाये जा रहे हैं. यूएनजीए का 80वां सत्र 9 सितंबर को शुरू हो रहा है. उच्च-स्तरीय आम बहस 23 से 29 सितंबर तक चलेगी. ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा. बता दें कि 15 अगस्त को ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात पहले से तय है. इस बैठक में यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होगी. ट्रंप पुतिन मुलाकात से पहले पीएम मोदी की पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बात हो चुकी है. जेलेंस्की ने मोदी से फोन पर बात के बाद कहा था कि वे सितंबर में यूएनजीए के दौरान पीएम मोदी से व्यक्तिगत मुलाकात करेंगे. पीएम मोदी की अन्य विश्व नेताओं से भी द्विपक्षीय बैठकें हो सकती हैं. अहम बात यह है कि पीएम मोदी के लिए 26 सितंबर की सुबह यूएनजीए में 15 मिनट के भाषण का स्लॉट तय है.

**राहुल गांधी ने पुणे कोर्ट में दिया आवेदन, किया दावा**

# सावरकर पर बयान से मुझे जान का खतरा है

एजेंसियां।पुणे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुणे की एक कोर्ट में आवेदन देकर दावा किया है कि उनकी जान को खतरा है.



आवेदन सावरकर पर उनकी टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में दिया गया है. उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए. राहुल गांधी ने दावा करते हुए कहा, हाल ही में उन्होंने जिन मुद्दों को उठाया है और पहले सावरकर पर जो टिप्पणियां कीं, उनसे उनकी सुरक्षा को खतरा बढ़ा है.इसके शिकायतकर्ता, गोडसे के वंशज हैं. इनके परिवार का हिंसा और असंवैधानिक गतिविधियों से जुड़ा दस्तावेज़ी इतिहास मौजूद है.

उन्होंने कहा, यह स्पष्ट और ठोस आशंका है कि मुझे नुकसान पहुंचाया जा सकता है, झूठे मामलों में फंसाया जा सकता है. शिकायतकर्ता के परिवार का हिंसा से जुड़ा इतिहास है. इतिहास को खुद को दोहराने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए. यह बयान उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के संदर्भ में दिया.

### भाजपा नेताओं से मिली धमकियों का दावा

राहुल ने कहा कि 'वोट चोरी' के आरोपों ने उनके विरोधियों को भड़का दिया है. बीजेपी की तरफ से उन्हें दो सार्वजनिक धमकियां मिल चुकी हैं. इसमें केंद्रीय मंत्री रवीनीत सिंह बिट्टू ने उन्हें 'देश का नंबर वन आतंकवादी' कहा. वहीं बीजेपी नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने भी धमकी दी. उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया कि उनकी सुरक्षा के लिए इन खतरों को गंभीरता से लिया जाए, क्योंकि उनकी जान को खतरा वास्तविक है.

**यह कदम पूरी तरह अप्रासंगिक :** वहीं सावरकर के पोते सत्यकी ने कहा कि यह आवेदन पहले दायर किया गया था, लेकिन जानबूझकर राहुल की ओर से मामले में देरी की जा रही है. राहुल का यह कदम पूरी तरह अप्रासंगिक है. कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि सुनवाई के लिए राहुल गांधी की व्यक्तिगत मौजूदगी जरूरी नहीं है, इसके बावजूद वह कार्यवाही में देरी कर रहे हैं. उनका यह आवेदन मामले से किसी भी तरह जुड़ा नहीं है और इसका कोई औचित्य नहीं है.

**नयी रणनीति : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और धमकियों का नहीं हुआ भारत पर असर**

# डोभाल के बाद अब विदेश मंत्री जयशंकर जाएंगे रूस

एजेंसियां।नयी दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% बेस और 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है. ट्रंप ने भारत के रूस से तेल खरीदने की बात को गलत बताते हुए यह अतिरिक्त टैरिफ लगाया है. साथ ही भारत से ऐसा न करने के लिए भी कहा है. हालांकि बताया जा रहा है कि ट्रंप इस बात से नाराज़ हैं कि भारत ने पाकिस्तान के साथ सीज़फायर का क्रेडिट उन्हें नहीं दिया. ट्रंप की धमकियों के बावजूद भारत ने साफ कर दिया है कि उनके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है और रूस से कम कीमत में तेल खरीदना जारी रखेंगे. ट्रंप की धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं हो रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को रूस भेजा था.



### ट्रंप को करारा जवाब

पिछले हफ्ते डोभाल रूस गए थे और अगले हफ्ते जयशंकर रूस जा रहे हैं. पुतिन भी इस साल भारत आएंगे और पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे. उनके भारत दौरे की तारीख की सिर्फ आधिकारिक घोषणा होना बाकी है. ट्रंप की धमकियों के बाद अब पीएम मोदी के दो करीबी लोगों का रूस जाना और पुतिन का भी जल्द ही भारत आने पर सहमति देना, ट्रंप को करारा जवाब है कि उनकी धमकियों का भारत-रूस संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

**अगले हफ्ते भारतीय विदेश मंत्री जाएंगे रूस :** डोभाल के बाद अब अगले हफ्ते भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, रूस जाएंगे. जानकारी के अनुसार जयशंकर 21 अगस्त को रूस का दौरा करेंगे. ट्रंप से बढ़ते तनाव के बीच जयशंकर का रूस दौरा काफी अहम है. जयशंकर इस दौरान रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के संबंधों में और मज़बूती लाने के विषय पर मीटिंग करेंगे. इतना ही नहीं, जयशंकर इस दौरान मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात करेंगे. जयशंकर के इस रूस दौरे का उद्देश्य भारत-रूस के बीच पहले से मज़बूत संबंधों में और मज़बूती लाना है.

### चीन के विदेश मंत्री वांग यी आएंगे भारत, डोभाल से करेंगे मुलाकात

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के बाद भारत की विदेश नीति में बीते कुछ दिनों से बदलाव देखने को मिल रहा है. चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत दौरे पर आएंगे और एनएसए अजित डोभाल से मिलेंगे. उनका दौरा कूटनीति में बदलाव की ओर बड़ा का संकेत है. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि भारत रूस से कच्चे तेल लेना बंद करे. इस पर भारत से मिले जवाब के बाद अमेरिका ने पाकिस्तान को अपने बगल में बैठा लिया. ऐसे में चीन और भारत जैसे दो बड़ी शक्तियों का साथ आना अमेरिका के लिए चिंता का सबब है. भारत रूस और चीन के साथ रिश्तों को मजबूत करने में लगा हुआ है. ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले हफ्ते दिल्ली से कोई बड़ा फैसला सामने आ सकता है. पीएम मोदी भी शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे. भारत बहुत बड़ा बाजार है और यही कारण है कि चीन के साथ उसके रिश्ते सामान्य होने से अमेरिका टेंशन में है.

**भाजपा ने वोटर लिस्ट से जुड़े मामले पर लगाया बड़ा आरोप, कहा**

# भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर लिस्ट में जोड़ा गया सोनिया का नाम

एजेंसियां।नयी दिल्ली

भाजपा पर विपक्षी दलों ने मतदाता धोखाधड़ी में चुनाव आयोग के साथ



सांठगांठ करने का आरोप लगाया है. इस बीच भाजपा ने बुधवार को पलटवार करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर 45 साल पुराना आरोप दोहराया है.

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि 1980 से 1982 के बीच, जब सोनिया गांधी भारतीय नागरिक भी नहीं थीं, उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज किया गया था. वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर 1980 की मतदाता सूची का एक अंश साझा करते हुए इसे घोर चुनावी कदाचार बताया. भाजपा ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी का जन्म 1946 में इटली में हुआ और 1968 में उनकी शादी राजीव गांधी से हुई. मालवीय का दावा है कि 1980 के लोकसभा चुनाव से पहले, नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान उनका नाम जोड़ा गया. यह कदम कानून का उल्लंघन था, क्योंकि भारतीय नागरिकता मतदाता पंजीकरण की अनिवार्य शर्त है. भारी विरोध के बाद 1982 में उनका नाम सूची से हटा दिया गया.

### कांग्रेस बोली-ध्यान भटकाने की कोशिश

कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा 45 साल पुराने मामले को उठाकर आज के मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है. विपक्ष का आरोप है कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और अब बिहार में बीजेपी और चुनाव आयोग ने मिलकर मतदाता सूची में धांधली की है. कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा और चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि कर्नाटक के महादेवपुरा में एक ही कमरे से 80 वोट समेत 1.02 लाख अवैध वोट गिने गए. बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से विपक्षी मतदाताओं को सूची से हटाया जाने की साजिश की जा रही है.

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का नौवां दिन: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निभाई रस्में





शुभम संदेश। रांची

दिशोम गुरु शिबू सोरेन को इस दुनिया से विदा लिए बुधवार को पूरे नौ दिन हो गए हैं. परिजनों के लिए ये दिन भावुकता से भरे रहे हैं. दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सहित समस्त परिवार नेमरा स्थित पैतृक आवास पर पारंपरिक श्राद्धकर्म की विधियों में लगे हुए हैं. हर दिन की तरह बुधवार को भी कई तस्वीरें नेमरा से सामने आई, जिसमें मुख्यमंत्री और उनके परिजन दिशोम गुरु की स्मृति में पारंपरिक रीति-रिवाज निभाते नज़र आए. वहीं सुबह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नेमरा गांव में बच्चों के बीच फल वितरण कर एक स्नेह से भरा क्षण साझा किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे.

मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से फल दिए और उनका हालचाल जाना. बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी. श्राद्धकर्म के बीच मुख्यमंत्री नेमरा गांव के लोगों के और भी करीब आ गये हैं. गौरतलब है कि मंगलवार को, श्राद्धकर्म के आठवें दिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त विधि-विधान के साथ पारंपरिक रस्में पूरी की थीं. इस दौरान दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि देने के लिए भारी संख्या में लोग नेमरा पहुंचे, जिससे क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना पड़ा. बरलंगा चौक के पास पुलिस पदाधिकारी और दर्जनों जवान 24 घंटे मुस्तैदी से तैनात हैं.

सड़क पर डिवाइडर लगाए गए हैं, जिससे यातायात व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है. लुकैयाटांड़ के पास अस्थायी पुलिस पिकेट बनाया गया है, जहां वीआईपी आगंतुकों को रिसीव कर विशेष सायरन वाहन और पुलिस एस्कॉर्ट के माध्यम से दिवंगत नेता के पैतृक निवास तक ले जाया जा रहा है. इसके अतिरिक्त, सुथरपुर पुल, उपरबरगा मोड़ और सुथरपुर मोड़ पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है. लगभग दो किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पल-पल की निगरानी कर रहे हैं. दिशोम गुरु शिबू सोरेन की विदाई केवल एक परिवार का शोक नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक भावनात्मक क्षति है. ऐसे में राज्य सरकार और प्रशासन उनके सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेमरा की गलियों और पगडंडियों पर घूमते नजर आए, कहा

# गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है




**बोले मुख्यमंत्री**

- गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव
- गांव में झलकती है पिता की परछाई, जैसे वो आज भी साथ हों
- जल-जंगल-जमीन से है गहरा नाता, यह केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं

शुभम संदेश। रांची/नेमरा

नेमरा गांव के रास्तों पर चलते हुए, किसानों से मिलते हुए, जल-जंगल-ज़मीन के मुद्दों पर बोलते हुए — हर जगह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में पिता शिबू सोरेन की विरासत जीवित दिखाई देती है. यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि विचारों, सिद्धांतों और सेवा के संकल्प का है. झारखंड की धरती प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, कल-कल बहती नदियों और हरे-भरे खेतों के लिए जानी जाती है. इस धरती के सच्चे बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रकृति से गहरा लगाव है. यह लगाव केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उनके जीवनशैली और नीतियों में साफ़ दिखाई देता है. गांव के प्राकृतिक वातावरण में पले-बढ़े मुख्यमंत्री आज भी अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में प्रकृति के साथ समय बिताना नहीं भूलते. इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा की गलियों और पगडंडियों पर घूमते हुए नजर आए. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना.

मुख्यमंत्री को लोग सिर्फ राज्य का मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन जी की परछाई के रूप में भी देखते हैं. चाहे ग्रामीण इलाकों का दौरा हो, गरीब और वंचितों की समस्याएं सुनना हो या जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाना — हर कार्य में गुरुजी की सोच और आदर्श साफ़ झलकते हैं. जनसेवा, सरल स्वभाव और लोगों से गहरे जुड़ाव की वही विरासत, जिसे गुरुजी ने दशकों तक निभाया, आज मुख्यमंत्री अपने कार्यों से आगे बढ़ा रहे हैं. मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व में वही सादगी, वही संघर्ष और वही अटूट समर्पण झलकता है, जिसने गुरुजी को लोगों के दिलों में अमर कर दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है. गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल, जंगल और ज़मीन राज्य की पहचान और अस्तित्व का आधार हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन तीनों संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि यह केवल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध झारखंड बनाने का संकल्प है. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की संस्कृति, परंपरा और आजीविका जल, जंगल और ज़मीन से अभिन्न रूप से जुड़ी है. यही कारण है कि राज्य सरकार जल संरक्षण, वनों की रक्षा और भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू कर रही है. उन्होंने कहा कि झारखंड की असली पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर है. सरकार जल संरक्षण, वन संरक्षण और भूमि अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरती हरी-भरी और जीवनदायी बनी रहे.



### गांव और प्रकृति से जुड़ी हैं बचपन की यादें

मुख्यमंत्री का बचपन गांव की गोद में बीता, जहां सुबह की ठंडी हवा, खेतों की हरियाली और नदी की कलकल ध्वनि उनका रोज़ का साथी था. इसी वातावरण में पला-बढ़ा मन आज भी प्रकृति की गोद में सुकून पाता है. मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही हरा-भरा, स्वच्छ और जीवनदायी बना रहे जितना यह आज है. वे मानते हैं कि विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के साथ तालमेल बिठाए. मुख्यमंत्री का मानना है कि जल, जंगल और ज़मीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं. ये लोकगीतों, त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों में रचे-बसे हैं. इसलिए, इनके संरक्षण को सांस्कृतिक संरक्षण के रूप में भी देखा जाना चाहिए.

### पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

शुभम संदेश। रांची/दिल्ली

लैंड स्कैम के आरोपी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जामनत याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने ईडी को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की कोर्ट में छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद छवि रंजन ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगाई है. बता दें कि 6 अगस्त को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है.

छवि ने जिस केस में बेल मांगी है, वह रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़ा केस है. इसमें एक अभियुक्त अमित अग्रवाल को पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने बेल दी है. लैंड स्कैम से जुड़े इस केस में ईडी ने आईएएस छवि रंजन के अलावा चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल व दिलीप घोष को आरोपी बनाया है.

### जेएसएससी सहायक आचार्य की परीक्षा परिणाम में बड़ी गड़बड़ी

- एक ही अभ्यर्थी का दो आरक्षित श्रेणियों में हो गया चयन

रांची । जेएसएससी द्वारा आयोजित सहायक आचार्य की परीक्षा के परिणाम की घोषणा विभिन्न विषयों में हो रही है. इसी बीच इस सहायक आचार्य की परीक्षा के परिणाम में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है. इसमें कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें एक ही अभ्यर्थी दो-दो आरक्षित श्रेणियों में पास हो गए. एक मामला सरायकेला-खरसावां जिले का है जहां एक अभ्यर्थी अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) दोनों में चयनित हुआ है, वहीं एक अन्य अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जनजाति (एसटी) दोनों श्रेणियों में सफल रहा. साहिबगंज जिले से भी एक अभ्यर्थी का नाम अनारक्षित व अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दोनों सूचियों में पाया गया है.

### निलंबित आईएएस विनय चौबे की बढ़ी मुश्किलें

## हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में एसीबी ने बनाया आरोपी

शुभम संदेश। रांची

**प्राथमिक जांच में हुए कई चौंकानेवाले खुलासे**

एसीबी ने इस मामले की प्राथमिक जांच (प्रीलिमिनरी इंक्वायरी) पहले ही कर ली थी, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए थे. हजारीबाग की लगभग 2.75 एकड़ खासमहल की जमीन 1948 में एक ट्रस्ट को 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी.

शराब घोटाले में पहले से ही जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की परेशानियां और बढ़ गई हैं. अब उन्हें हजारीबाग के खासमहल जमीन घोटाले में भी उन्हें आरोपी बनाया गया है. इस मामले में बुधवार को उनकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हजारीबाग स्थित एसीबी की विशेष अदालत में पेशी हुई. यह मामला एसीबी थाना प्रभारी सौरभ लकड़ा की शिकायत पर दर्ज किया गया है. इससे पहले एसीबी इस मामले में तत्कालीन खासमहल पदाधिकारी विनोद चंद्र झा, बसंती सेठी, उमा सेठी, इंद्रजीत सेठी, राजेश सेठी, विजय प्रताप सिंह और सुजीत कुमार सिंह को भी आरोपी बना चुकी है.

एसीबी की प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. जांच के अनुसार, हजारीबाग की लगभग 2.75 एकड़ खासमहल भूमि, जिसे वर्ष 1948 में एक ट्रस्ट को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया था, उस लीज को 1978 में बढ़ाकर 2008 तक के लिए नवीनीकृत किया गया था. लेकिन वर्ष 2008 से 2010 के बीच, एक साजिश के तहत इस जमीन को सरकारी बताकर 23 निजी व्यक्तियों को अवैध रूप से आवंटित कर दिया गया. एसीबी ने इस गड़बड़ी को गंभीर अनियमितता मानते हुए विस्तृत जांच शुरू की.

### फर्जी बैंक गारंटी से कंपनियों ने शराब बेच कर की मोटी कमाई, विभाग को शून्य लाभ

रांची। झारखंड में हुए 38 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में फर्जीवाड़े की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है. कंपनियों ने फर्जी बैंक गारंटी के जरिये टेंडर हासिल किया और बिना कोई भुगतान किए शराब की बिक्री कर मोटी कमाई कर ली. वहीं, बिक्री से हुई आमदनी विभाग के खाते में जमा ही नहीं की गई, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ. एसीबी द्वारा कोर्ट में सौंपी गई केस डायरी में इस घोटाले का खुलासा हुआ है. जांच में सामने आया कि जेएसबीसीएल के तत्कालीन जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास और जीएम ऑपरेशन सह फाइनेंस सुधीर कुमार की भूमिका संदिग्ध रही है. एसीबी रिपोर्ट के अनुसार, सुधीर कुमार दास ने पहले एक एजेंसी को बकाया भुगतान पर रोक लगाई, लेकिन बाद में बिना वरिष्ठ अधिकारियों की मंजूरी के 24 जुलाई 2024 को 39 लाख और फिर 92 लाख रुपये का भुगतान स्वीकृत कर दिया. साथ ही, मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों मार्शन और विजन को टेंडर तो दिया गया, लेकिन सुधीर कुमार ने उनके दस्तावेज और बैंक गारंटी का सत्यापन नहीं किया. बाद में सामने आया कि दोनों कंपनियों की बैंक गारंटी फर्जी थी. इसके बावजूद कंपनियों के साथ अनुबंध रद्द नहीं किया गया.

### एनटीपीसी अधिग्रहण क्षेत्र के विस्थापितों के आवासों पर एक्शन लेने पर हाईकोर्ट की रोक

रांची। हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के रैयतों के लिए कट ऑफ डेट निर्धारण और घरों को पुराने कानूनों से मुआवजा देकर घर से बेघर करने के मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में बुधवार को हुई सुनवाई के बाद एक आस जगी है. कोर्ट ने सरकार और एनटीपीसी को हलफनामा दायर कर अगली सुनवाई तक रैयतों के आवासों पर किसी तरह का कार्रवाई करने पर रोक लगा दिया है. रैयतों की तरफ से अधिवक्ता श्रेष्ठ गौतम और हिमांशु हर्ष ने पक्ष रखा. कोर्ट में वादियों के अधिवक्ताओं ने पक्ष रखते हुए कहा कि एनटीपीसी सीबी एक्ट और भूमि अधिग्रहण एक्ट 1894 के तहत प्रावधानों के तहत जमीनों का अधिग्रहण किया है लेकिन उसके शर्तों का पालन नहीं करते हुए घरों और जमीनों का वर्तमान समय में पुराने नियमों के तहत जमीन कब्जा कर रही है और लोगों को घरों से बेदखल कर रही है. चूंकि कंपनी वर्तमान समय में लोगों को नोटिस देकर घर खाली करवा रही है इसलिए वर्तमान समय के अनुसार भूमि अधिग्रहण कानून के हिसाब से सामाजिक सर्वे और मुआवजा तय होना चाहिए.

### झारखंड सरकार का बड़ा फैसला : अब सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी कोर्ट में गवाही के लिए यात्रा भत्ता

रांची। झारखंड सरकार ने सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को राहत देते हुए एक अहम फैसला लिया है. अब उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी यात्रा भत्ता मिलेगा, जिन्हें न्यायालय द्वारा किसी मामले में साक्ष्य देने या गवाही के लिए बुलाया जाता है. यह सुविधा केवल उन मामलों में लागू होगी, जिनमें राज्य सरकार पक्षकार है.वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, न्यायालय में गवाही देने के लिए की गई यात्रा का खर्च संबंधित विभाग द्वारा वहन किया जाएगा, जहां वे कर्मचारी सेवानिवृत्ति से पूर्व कार्यरत थे. यह भत्ता उनके अंतिम वेतनमान के अनुसार देय होगा और इसका भुगतान देशीय यात्रा व्यय मद से किया जाएगा. इस निर्णय से सेवानिवृत्त कर्मियों को गवाही के दौरान यात्रा के लिए अपने निजी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे उन्हें वित्तीय कठिनाइयों से राहत मिलेगी. यात्रा भत्ता केवल उन न्यायिक मामलों में मिलेगा, जिनमें राज्य सरकार पक्षकार है.

### बैंकर्स समिति की बैठक में बोले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर

## ऋण-जमा अनुपात में हो सुधार, वित्तीय समावेशन पर जोर

शुभम संदेश। रांची

प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 92वीं बैठक में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में वित्तीय समावेशन एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का ऋण–जमा अनुपात वर्ष-दर-वर्ष बेहतर हो रहा है और जून 2025 तिमाही में यह 51.32% तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.54% की वृद्धि को दर्शाता है. इसे राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संकेत बताया गया. उन्होंने वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में भी इसी गति और उत्साह के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए.



वित्त मंत्री ने बैंकों से कहा कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषण पर विशेष ध्यान दें, ताकि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक ऋण और वित्तीय सेवाओं की पहुँच बढ़ सके. उन्होंने विशेष रूप से गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में सुधार कर इसे अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया और कहा कि इस प्रक्रिया में जहां भी सरकार की मदद की आवश्यकता हो, उसे उपलब्ध कराया जाएगा.

बैठक में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) फंड के उपयोग पर भी चर्चा हुई. वित्त मंत्री ने कहा कि यह फंड केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रों—महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास तथा कला-संरक्षण—में ही खर्च होना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड के कई बैंकों द्वारा सीएसआर फंड का उपयोग अपेक्षित उद्देश्यों से हटकर किया गया है, जो उचित नहीं है.

बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक एवं एसएलबीसी झारखंड के अध्यक्ष पी. आर. राजगोपाल, विशेष सचिव वित्त विभाग संदीप सिंह (भा.प्र.से), मुख्य कार्यपालक अधिकारी जेएसएलपीएस अनन्या मित्तल (भा.प्र.से), क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड गौतम कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया अशोक कुमार पाठक, महाप्रबंधक एसएलबीसी झारखंड गुरु प्रसाद गोंड, उप महाप्रबंधक एसएलबीसी झारखंड सी. एच. गोपाला कृष्णा एवं संतोष कुमार सिन्हा सहित राज्य के सभी 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक उपस्थित रहे.

### अमेरिका के डॉक्टरों ने वीडियो कॉल पर देखी मंत्री रामदास सोरेन की हालत

- 2-3 दिन के लिए टला ऑपरेशन

रांची। झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति में 11वें दिन भी कोई सुधार नहीं हुआ हैं. इस बीच मंगलवार को अमेरिका के डॉक्टरों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल के डॉक्टरों के साथ बात की और वीडियो के माध्यम से लाइफ सपोर्ट पर चल रहे रामदास सोरेन की हालत को देखा. उनके शरीर में चल रहे मूवमेंट का अध्ययन किया. जिसके बाद डॉक्टरों ने कुछ खास दवा संबंधी निर्देश देकर ऑपरेशन के लिए अभी दो-तीन दिन और इंतजार करने की सलाह दी हैं. बता दें कि 2 अगस्त को रामदास सोरेन की तबीयत जमशेदपुर स्थित उनके घोड़ाबांधा स्थित आवास पर बिगड़ गयी थी.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


रांची, गुरुवार 14 अगस्त 2025 I भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 128 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





## खरसावां के कुंडियासाई गांव में फिर डायरिया का प्रकोप!, एक बच्चे की मौत

**शुभम संदेश। खरसावां**



जिले के कुंडियासाई टोला में डायरिया फैलने की खबर से हड़कंप मच गया है. ग्रामीणों का कहना है कि डायरिया से एक 10 साल के बच्चे की मौत हो गई है, वहीं दर्जन भर लोग अभी भी डायरिया से पीड़ित हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जाता है कि सोमवार रात गांव के 5-6 लोगों को अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत हुई. अमर सिंह नाम के बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, परिजन उसे आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने बच्चे को सरायकेला सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई.

**इन लोगों को अस्पताल में कराया गया है भर्ती :** सुरती हेंब्रम (14), मांदरी सिजुई (46), सुमिता हेंब्रम (40), सुनीता हेंब्रम (26), मेची पायेडा (50), मुनी बांकिरा (24), मुंगु सिजुई (55), महाकाल नारायण सिजुई (16), समीर हेंब्रम (18).

**स्वास्थ्य विभाग ने लिया जायजा :** डायरिया फैलने की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंच गई है. कल से ही डॉक्टरों की टीम वहां कैंप किये हुए है. बीडीओ और प्रभारी चिकित्सा समेत कई अधिकारी भी गांव पहुंच चुके हैं. स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा दी गई है. वहीं जांच में सामने आया है कि गंदा पानी पीने की वजह से डायरिया फैला है. गांव में मौजूद दो पुराने कुएं से लोग पानी निकालकर पीते हैं. आशंका है कि इसी कुएं के पानी से लोग बीमार पड़े हैं. फिलहाल हेल्थ डिपार्टमेंट ने इन कुओं के पानी के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं.

### रामगढ़ : धुएं से जंग, पैडल के संग

## 2 युवा करेंगे साइकिल से 2000 किमी की यात्रा

**शुभम संदेश। रामगढ़**



देशभर में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ रही है और इसे कम करने के लिए रामगढ़ के दो युवाओं ने उठाया है एक अनोखा कदम. साइकिल पर सवार होकर ये युवा निकल पड़े हैं 2000 किलोमीटर लंबी यात्रा पर, वैष्णो देवी और लद्दाख तक. मकसद है लोगों को ज्यादा से ज्यादा साइकिल का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना. झारखंड के रामगढ़ जिले के रहने वाले संतोष और अभिषेक कुमार इन दोनों की मंज़िल दूर है, लेकिन मकसद साफ पर्यावरण को बचाना और लोगों में साइकिल चलाने की आदत बढ़ाना.

आज के दौर में सड़कों पर वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. आंकड़े चौंकाने वाले हैं, प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है. जबकि दुनिया के कई विकसित देशों में साइकिल का इस्तेमाल आम बात है. दोनों युवक साइकिल से भारत भ्रमण पर हैं, वैष्णो देवी और लद्दाख तक यह दोनों 2000 किलोमीटर का सफर तय करेंगे और रास्ते में जहां भी जाएंगे, लोगों को साइकिल अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे.

दोनों चाहते है कि लोग ज्यादा से ज्यादा साइकिल का उपयोग करें. यह न सिर्फ पर्यावरण के लिए अच्छा है बल्कि सेहत के लिए भी. अभिषेक कुमार, जिन्होंने पिछले साल केदारनाथ तक पैदल यात्रा भी की थी, इस बार साइकिल से निकले हैं. दोनों कहते है कि साइकिलिंग एक बेहतरीन व्यायाम है. हमारी कोशिश होगी कि जहां भी भीड़भाड़ होगी, वहां लोगों को साइकिल अपनाने के लिए प्रेरित करें. छोटा सा प्रयास, लेकिन बड़ा असर. रामगढ़ के ये दोनों युवा अपने पैडल के साथ बदलाव की रफ़्तार भी बढ़ा रहे हैं.

### ब्रीफ न्यूज

#### खूंटी : बुलेट सवार युवक ने पिकअप में मारी टक्कर, मौत

**खूंटी।** शहर में एक बड़े सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. जिले के खूंटी-तोरपा पथ पर भगत सिंह चौक पेट्रोल पंप के नजदीक खड़े पिकअप वाहन को बुलेट ने ऐसी जोरदार टक्कर मारी कि बुलेट सवार युवक की मौत हो गई. मामला मंगलवार देर रात का है. वहीं मृतक की पहचान खूंटी जिले के बेलवादाग निवासी 21 वर्षीय शीतल कुमार कश्यप के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को लेकर बताया कि युवक बुलेट में सवार होकर खूंटी से बेलवादाग ओर जा रहा था। इसी क्रम में उसने सड़क के किनारे खड़े पिकअप वाहन में टक्कर मार दी. घटना की सुचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को उपचार के लिए खूंटी के सदर अस्पताल ले गई. जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई.

#### धनबाद में सबसे अधिक 102 मिमी बारिश रिकॉर्ड

**रांची।** झारखंड के धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश 102.2 मिलिमीटर रिकॉर्ड की गई. इस दौरान रांची में 43.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. नहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35.4 और सबसे कम तापमान गोड्डा में 21.4 डिग्री सेल्सियस रिपोर्ट किया गया. मौसम विभाग के अनुसार तो 16 अगस्त तक राज्य की विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है. इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे हालांकि इस दौरान बारिश दर्ज नहीं की गई लेकिन मौसम में ठंढक महसूस की गई. बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री जमशेदपुर में 34.5 डिग्री, डाल्टनगंज में 33.2 बोकारो में 34.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

### चाईबासाः गोइलकेरा के पोस्ता जंगल में सुबह-सुबह मुठभेड़

## नक्सली एरिया कमांडर अरुण ढेर, एसएलआर हुआ बरामद

**शुभम संदेश। रांची/चाईबासा**



चाईबासा जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वन पोस्ता जंगल में बुधवार की सुबह पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन का एरिया कमांडर अरुण उर्फ निलेश मारा गया. वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा का रहने वाला है. उल्लेखनीय है कि चाईबासा जिले के एसपी राकेश रंजन को सूचना प्राप्त मिली थी कि पोस्ता जंगल में नक्सली संगठन भ्रमणशील है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं. सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया. इस दौरान बुधवार की सुबह करीब चार बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो करीब 8 बजे तक चली. करीब चार घंटे तक चली इस मुठभेड़ में खुद को कमजोर पाता देख नक्सली भाग खड़े हुए. मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाकर नक्सली अरुण का शव बरामद किया गया. बता दें कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाये जा रहे हैं. यह मुठभेड़ भी इसी सर्च ऑपरेशन का हिस्सा था. फिलहाल सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है और वह यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इलाके में कोई और नक्सली न छिपा हो.

**कई के घायल होने की सूचना :** इस मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है. सुरक्षाबलों ने मौके से एक एसएलआर राइफल भी बरामद की है. इस संबंध में आईजी अभियान डॉ. माइकल राज ने जानकारी दी कि चाईबासा के गोइलकेरा क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में कुछ नक्सली हताहत हुए हैं और फिलहाल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी है.

**सारंडा और कोल्हान के जंगलों में सक्रिय हैं शीर्ष नक्सली :** बताया जा रहा है कि भाकपा (माओवादी) के कई बड़े नेता-जैसे मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा-अपने दस्तों के साथ कोल्हान और सारंडा के जंगलों में सक्रिय हैं. इन्हें पकड़ने के लिए सुरक्षा बल लगातार ऑपरेशन चला रहे हैं.

#### मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान

आईजी अभियान डॉ. माइकल राज ने बताया कि मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है. पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इलाके में पैदल सर्च ऑपरेशन चला रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक नक्सली को ढेर कर दिया. एसडीपीओ शुभम प्रकाश टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और बरामद हथियार को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. सुरक्षाबलों का कहना है कि इलाके में अब भी खतरा बरकरार है, इसलिए तलाशी अभियान जारी रहेगा.

### 17 अगस्त से झारखंड में हॉकी का धमाल

## 1152 खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में

**शुभम संदेश। रांची**



झारखंड में हॉकी का रोमांच फिर लौटने वाला है. 17 से 19 अगस्त तक राज्यस्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन होने जा रहा है. इसके लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और आज हुई अहम बैठक में इंतजामों की समीक्षा भी कर ली गई. इस प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालिका और अंडर-17 बालक वर्ग के मैच होंगे. हर जिले से 16 खिलाड़ी, 1 कोच और 1 मैनेजर शामिल होंगे. यानी कुल मिलाकर 1152 खिलाड़ी, 24 कोच और 24 टीम मैनेजर हिस्सा लेंगे. मैच लीग-कम-नॉकआउट फॉर्मेट में होंगे और नियम जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूर्नामेंट सोसाइटी के अनुसार रहेंगे. बैठक में आयोजन सचिव धीरसेन सोरेंग ने साफ निर्देश दिए कि खिलाड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य और ठहरने का बेहतरीन इंतजाम हो, ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो. उनका कहना था कि इस प्रतियोगिता का मकसद सिर्फ जीतना नहीं, बल्कि हॉकी को बढ़ावा देना और बच्चों में खेल भावना को मजबूत करना भी है. जिला स्तरीय मुकाबले पिछले महीने ही पूरे हो चुके हैं. वहां से विजेता बनी टीमें अब राज्य स्तर पर भिड़ेंगी. यहां हर वर्ग की विजेता टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा. नेशनल टूर्नामेंट से पहले विजेता टीमों के लिए 21 दिन का स्पेशल ट्रेनिंग कैंप भी होगा. झारखंड का इस प्रतियोगिता में इतिहास भी कमाल का है- अब तक 10 बार नेशनल चैंपियन बन चुका है. आखिरी बार 2023 में मिजोरम में आयोजित प्रतियोगिता में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू की अंडर-17 बालिका टीम ने झारखंड को जीत दिलाई थी. इस बार भी स्कूली शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि अक्टूबर में दिल्ली में होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में झारखंड फिर से जीत का परचम लहराएगा.

### अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मरीज को नहीं मिला बेड

## खटिया लेकर अस्पताल पहुंचे जिप सदस्य



**शुभम संदेश। चाईबासा**

पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है. मंगलवार देर रात मंझारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल खुद खाट लेकर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंच गए. दरअसल, सदर प्रखंड के टेकराहातु गांव निवासी 70 वर्षीय मोरन पूर्ति को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन इमरजेंसी वार्ड में एक भी बेड खाली नहीं था. मरीज को स्ट्रेचर पर लिटा कर इलाज किया जा रहा था. इसकी जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य कुंकल अपने घर से खाट लेकर अस्पताल पहुंचे और बरामदे में रखे स्ट्रेचर से मरीज को नीचे उतारकर खाट पर सुला दिया. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अस्पताल में बेड की कमी से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. जिला परिषद सदस्य ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है. गरीब मरीजों को इलाज के लिए पर्याप्त सुविधा तक नहीं मिल रही. अमीर लोग बड़े शहरों में इलाज करा लेते हैं, लेकिन ग्रामीण और पिछड़े इलाकों के लोग पूरी तरह सरकारी व्यवस्था पर निर्भर हैं. जब अस्पताल में बेड तक न मिले तो इलाज कैसे हो? इस संबंध में सिविल सर्जन से संपर्क करने की कोशिश की गई. लेकिन संपर्क नहीं पाया.

## कोलकाता में फंदे से झूलता मिला गिरिडीह की विवाहिता का शव

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

गिरिडीह की एक विवाहिता का शव कोलकाता स्थित ससुराल में फंदे से झूलता मिला. मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है. घटना के बाद मायके और ससुराल पक्ष के बीच जमकर विवाद हुआ, यहां तक कि मृतका के पति की पिटाई भी कर दी गई. मिली जानकारी के अनुसार, पचंबा थाना क्षेत्र के बरतर कालीमंडा रोड निवासी शंकर प्रसाद साहू की 25 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी की शादी करीब एक वर्ष पूर्व मिर्जागंज निवासी अमरेंद्र साहू से हुई थी. शादी के बाद अमरेंद्र अपनी पत्नी को कोलकाता के वीआईपी नगर स्थित आवास पर ले गया, जहां उसका पूरा परिवार रहता है. रानी के परिजनों का आरोप है कि शुरुआती कुछ माह सब ठीक रहा, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष ने दहेज में नकद और जेवर की मांग शुरू कर दी. मांग पूरी नहीं होने पर रानी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा. इसी बीच 11 अगस्त को परिजनों को सूचना मिली कि रानी ने फांसी लगा ली है. सूचना मिलने पर रानी के मायकेवाले कोलकाता पहुंचे, जहां अस्पताल में उन्होंने रानी का शव देखा.

## लिव-इन में रह रही लड़की की हत्या, प्रेमी और मां गिरफ्तार

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के जुगीशोल में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही 16 वर्ष की नाबालिग की हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप प्रेमी अब्दुल और उसकी मां गुलनाज पर लगा है. नाबालिग के पिता के द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया, जिसके बाद शिकायत मिलते ही पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग बीते तीन माह से प्रेमी अब्दुल के साथ लिव इन में रह रही थी. इस दौरान उसने नौवीं कक्षा के बाद पढ़ाई भी छोड़ दी थी. घर से भागने के बाद परिजनों ने उसे वापस बुलाने का काफी प्रयास भी किया, पर उसने वापस आने से साफ़ इनकार कर दिया. जिसके बाद नाबालिग को उनके परिजनों ने उसे अलग कर दिया था. पिता ने बताया कि अब्दुल के साथ रहने के दौरान बेटी के साथ मारपीट की जाती थी. सास गुलनाज के द्वारा भी उसे प्रताड़ित किया जाता था.

### खूंखार की सेवा : 14 दिन की जंग के बाद घायल लकड़बग्घे ने फिर लगाई आजादी की दौड़

## हजारीबाग वन विभाग की टीम ने रिस्क लेकर किया इलाज

**शुभम संदेश। हजारीबाग**




हजारीबाग के शांत और हरे-भरे जंगलों में 14 दिन पहले एक दर्दनाक घटना सामने आई. एक लकड़बग्घा, जो प्रकृति का अहम प्रहरी माना जाता है, लहूलुहान हालत में मिला. उसका जबड़ा बुरी तरह फटा हुआ था कारण बेहद खौफनाक था. पत्थर तोड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाला बारूद उसने गलती से खा लिया था. यह विस्फोटक उसके लिए मौत से सीधी मुठभेड़ बन चुका था.

जैसे ही यह खबर हजारीबाग के वन विभाग और रेस्क्यू टीम तक पहुंची, कार्रवाई में एक पल की देरी नहीं की गई. घायल लकड़बग्घे को सुरक्षित पकड़ा गया और तत्काल इलाज शुरू हुआ. शुरुआती दिन आसान थे क्योंकि वह निश्चल पड़ा था शरीर में हलचल तक नहीं. लेकिन जैसे-जैसे दवा असर करने लगी, उसका स्वाभाविक जोश लौट आया और उसके साथ इलाज की चुनौती भी कई गुना बढ़ गई. वन प्रेमी मुरारी सिंह याद करते हुए कहते हैं, जब वह पूरी ताकत से छटपटाता था, उसे काबू में रखकर इंजेक्शन लगाना किसी जंग से कम नहीं था. लेकिन हार मानना हमारे लिए विकल्प ही नहीं था. टीम ने दिन-रात उसकी देखभाल की कभी इंजेक्शन, कभी पट्टियां, कभी उसके डर और गुस्से को शांत करने की कोशिश. 14 दिनों के अथक प्रयास के बाद बुधवार को वह न सिर्फ पूरी तरह स्वस्थ है बल्कि अपनी पुरानी रफ्तार के साथ जंगल की ओर लौट गया. लकड़बग्घा न केवल एक विलुप्तप्राय प्रजाति है बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है. झारखंड में, खासकर हजारीबाग, इनका गढ़ माना जाता है. लेकिन खदानों में इस्तेमाल होने वाला बारूद इनके लिए जानलेवा बन चुका है. इस कहानी में खुशी इस बात की है कि मौत के मुहाने से एक जिंदगी को खींच लाने वाली टीम की मेहनत रंग लाई है. जब वह लकड़बग्घा जंगल की ओर दौड़ता हुआ गया, उसकी हर छलांग में आज़ादी, जीवन और उम्मीद की झलक थी और पीछे खड़े हर शख्स की आंखों में संतोष के आंसू.

## प्रवचन-भगवान कृष्ण माखन चोर नहीं, बल्कि भक्तों के कष्टों के चोर हैं

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ अब भगवान कृष्ण की महिमा के प्रचार-प्रसार में जुट गया है. इसके तहत बुधवार को शहर के लगभग पांच स्थानों पर भगवान कृष्ण के वास्तविक स्वरूप पर प्रवचन दिए गए. प्रवचन में बताया गया कि भगवान कृष्ण माखन चोर नहीं, बल्कि भक्तों के कष्टों के चोर हैं. वे बिना बोले ही अपने भक्तों का दुख हर लेते हैं, इसलिए उन्हें 'हरि' कहा जाता है. 'कृष्ण' का अर्थ है अपनी ओर आकर्षित करने वाला, और वे सृष्टि के केंद्र बिंदु से सूक्ष्म रूप में समस्त जगत को अपनी ओर खींचते हैं. सहस्त्रार चक्र पर विराजमान होकर वे जीवभाव को ईश्वर की ओर उन्मुख करते हैं. प्रवचन में कहा गया कि मन की संकीर्णता आत्मा के विस्तार में बाधा है. जब यह कुंठा दूर होती है तो हृदय विस्तारित होकर वैकुंठ का रूप ले लेता है. यही आंतरिक वैकुंठ है, जहां ईर्ष्या, द्वेष, भय, लज्जा, मान-अपमान जैसे भाव समाप्त होकर केवल ईश्वर प्रेम शेष रहता है.

# नेमरा पहुंचे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मणिशंकर, दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की

**मणिशंकर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया आग्रह**

**▸▸ पूरे झारखंड में निकली जाए गुरुजी की अस्थि कलश यात्रा, ताकि गांव के लोग भी अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें**

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मणिशंकर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि व वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन शर्मा के साथ रामगढ़ के नेमरा गांव पहुंचे. दोनों नेताओं ने गांव में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पुर पुष्प-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्होंने संवेदना प्रकट की. मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मणिशंकर ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि गुरुजी की अस्थि कलशयात्रा पूरे झारखंड में निकाली जाए, ताकि इस राज्य के लोगों को गुरुजी को श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम जोहार कहने का मौका मिल सके. झारखंड के गांव-गांव में दिवंगत शिबू सोरेन को आम लोग सम्मान एवं आदर्श के रूप में देखते हैं. ऐसे में गांव के लोगों को भी अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मिल सकेगा.



**शिबू सोरेन का संघर्ष स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए**
मणिशंकर ने कहा कि हेमंत सोरेन राजधर्म के साथ पुत्रधर्म का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रहे हैं. झारखंडवासियों का दुःख-दर्द समझते हुए नेमरा गांव से ही जरूरी फाइलों का निबटारा रहे हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के स्कूलों के पाठ्यक्रम में वीर शिबू सोरेन के संघर्ष और बलिदान की गाथा को शामिल किया जाए.

**रांची और देवघर में बने संग्रहालय**

कांग्रेस नेता मणिशंकर ने अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए गुरुजी द्वारा किए गए संघर्ष की याद दिलाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनकी याद में रांची और देवघर में म्यूजियम (संग्रहालय) की स्थापना कराने की मांग की. झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के साथ ही संथाल आंदोलन का जीवंत चित्रण फोटो व दस्तावेजों के माध्यम से विश्व के लोगों को अवलोकन कराने के लिए म्यूजियम (संग्रहालय) की स्थापना जरूरी है. रांची झारखंड की राजधानी है और देवघर एक पर्यटन स्थल है, जहां देश-विदेश के लोगों को झारखंड आंदोलन के महानायक, आदिवासी अस्मिता के प्रतीक शिबू सोरेन के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्राप्त होगा.

**गुरुजी को मिले भारत रत्न**

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मणिशंकर ने प्रधानमंत्री से आदिवासियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है. इसके साथ ही झारखंड कैबिनेट और विधानसभा से पारित कर गुरुजी को भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को अविलंब भेजने का आग्रह किया. प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि और वरिष्ठ कांग्रेस नेता निरंजन शर्मा ने भी हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की.

## होटल रेडिसन ब्लू में चल रहे जुआ रैकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार हुए

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी के प्रतिष्ठित रेडिसन ब्लू होटल में चल रहे जुए के बड़े रैकेट का पुलिस ने पर्दाफाश किया है. मंगलवार की देर रात हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने दस लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सभी लोगों को चुटिया थाने ले जाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा.

**गुप्त सूचना पर पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में की छापेमारी_** जानकारी के अनुसार, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि जुआ खेलने वालों का एक बड़ा गिरोह होटल में एक कमरा बुक कर इस अवैध धंधे को चला रहा है. सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर एसएसपी की निगरानी में चुटिया, कोतवाली, लालपुर और डेलीमार्केट थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई. पुलिस की टीम जब रेडिसन ब्लू होटल के कमरे में पहुंची, तो वहां जुए का खेल चल रहा था. पुलिस को देखते ही जुआरी भागने लगे. लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके सभी को पकड़ लिया. मौके से भारी मात्रा में नगद, ताश की गड्डियां और अन्य सामान बरामद किए गए हैं. पांच सितारा होटल में इस तरह खुलेआम चल रहे जुए के रैकेट का खुलासा होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं.

### सिरमटोली सरनास्थल फ्लाईओवर का रैंप हटाने के मामले में सुनवाई अगले माह

# हाईकोर्ट ने नगर निगम से चार सप्ताह में मांगा जवाब

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सिरमटोली सरना स्थल के पास से फ्लाईओवर का रैंप हटाने के लिए दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार और रांची नगर निगम से जवाब मांगा है. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने दोनों का चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. जनहित याचिका पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने दायर की है. सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि आदिवासियों का सरना स्थल सिरमटोली में है. यहां आदिवासियों के त्योहार मनाए जाते हैं. त्योहारों में सरना स्थल में काफी भीड़ होती है. रैंप बन जाने से लोगों को काफी कठिनाई हो रही है. पहले रैंप नहीं था, तो आयोजन सुगमतापूर्वक होता था. फ्लाईओवर का रैंप बना दिए जाने से धार्मिक आयोजनों में काफी परेशानी हो रही है. अदालत से रैंप हटा वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है. मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी.




**राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में सुनवाई 27 अगस्त को**

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ 'मोदी सरनेम' टिप्पणी मामले में सुनवाई एक बार फिर टल गई. रांची स्थित एमपी/एमएलए मामलों की विशेष अदालत में बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट न बैठने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया. अब अगली सुनवाई 27 अगस्त 2025 को होगी.इस मामले में शिकायतकर्ता अधिवक्ता प्रदीप मोदी को आरोप तय होने के बाद साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. राहुल गांधी पर 6 जुलाई 2024 को आरोप तय किए गए थे. झारखंड हाईकोर्ट से उन्हें इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मिल चुकी है.

**कोर्ट ने भैरव सिंह की जमानत याचिका खारिज की**

सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त एके मिश्रा (नंबर-1) की अदालत में बुधवार को हिंदूवादी नेता भैरव सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अद्यतन केस डायरी का अवलोकन करने के बाद अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी. पूर्व में पिछली सुनवाई के दौरान भैरव सिंह के अधिवक्ता ने घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज और केस डायरी प्रस्तुत करने की मांग की थी. भैरव सिंह को चुटिया थाना क्षेत्र में पार्किंग टेंडर को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट के आरोप में 19 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. तब से वे न्यायिक हिरासत में हैं.

**रिम्स मामले में अगली सुनवाई 22 अगस्त को, महाधिवक्ता ने कोर्ट से मांगा समय**

झारखंड हाईकोर्ट में रिम्स की लचर व्यवस्था दूर करने के लिए दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने सरकार का जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया गया. महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से अदालत को बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में जवाब तैयार कर लिया गया है, लेकिन दाखिल नहीं किया जा सकता है. जवाब दाखिल करने के लिए महाधिवक्ता ने समय मांगा. रिम्स की ओर से बताया गया कि उनकी ओर से सुझाव शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल कर दिया गया है. इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 22 अगस्त निर्धारित कर दी.

**राष्ट्रीय ध्वज में देश की एकता और समर्पण की भावना समाहित है : नीलम चौधरी**



**रांची।** भाजपा प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा सह लक्ष्य विकास हमारा प्रयास एनजीओ की सचिव नीलम चौधरी द्वारा संचालित योगा क्लास की महिला बहनों द्वारा एचईसी,सेक्टर 2 धुर्वा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है. चौधरी ने कहा कि तिरंगा अभियान हमारी देश की एकता व राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाता है. यह कार्यक्रम हमें अपने देश के गौरवशाली इतिहास और बलिदानों की याद दिलाता है. इस तरह के आयोजन न केवल देशभक्ति को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समाज में एकता और समरसता को भी बढ़ावा देते हैं. इस कार्यक्रम में अनुपम कुमारी, कंचन कुमारी, पम्मी, सीमा रानी, शिवानी, सुनीता, रीता ,उषा, गीता, सुनीता, अनिता कृष्णन, पूनम, आशा, स्मिता, प्रमिला सहित दर्जनों महिलाएं शामिल हुईं.

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को 'कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा' के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक गांव में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की. इस दौरान उन्होंने स्मृति शेष- दिशोम गुरु शिबू सोरेन को स्मरण करते हुए प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें "गुरूजी" के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरुजी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव शिक्षा, सेवा और एकता का संदेश दिया. उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा समाज को दिशा देता रहेगा. सभा में उपस्थित लोगों ने गुरुजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. मौके पर "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के संरक्षक दीपक पुनरियार, जिला संरक्षक अनंत कंड़हरआर, सुभाष पुनरियार, गोविंद पुनरियार, सुखदेव जालबनवार, अशोक हिन्दयार, चंद्र मोहन सखवार , सुभाष हिंदयार के अलावा सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे.



**कांग्रेस प्रभारी के राजू सहित मंत्री और विधायकों ने गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश , विधायक प्रदीप यादव व रामगढ़ विधायक ममता देवी ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना की.

### झारखंड के लिए गर्व का क्षण

## डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित

**शुभम संदेश। रांची**



दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के गवर्निंग बॉडी चुनाव 2025 में झारखंड के राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. यह पहली बार है, जब झारखंड के किसी सांसद ने इस प्रतिष्ठित क्लब की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद हासिल किया है. गौरतलब है कि 1947 में स्थापित यह क्लब देश के सांसदों व पूर्व सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मंच है. इस चुनाव में कुल 1295 वोटरों ने हिस्सा लिया, जिनमें झारखंड से 23 वोटर शामिल थे और 21 ने मतदान किया. चुनाव के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मतदान किया. झारखंड के सभी वर्तमान एवं पूर्व सांसदों ने एकजुटता दिखाते हुए डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा का समर्थन कर उनकी जीत सुनिश्चित की. झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अजय राय ने जीत कीबधाई देते हुए कहा कि डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा का इस महत्वपूर्ण पद पर चुना जाना झारखंड के लिए गर्व का विषय है. यह न केवल राज्य की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला क्षण है, बल्कि इससे झारखंड की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलेगी.

**राष्ट्र धर्म रक्षा मंच ने अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ मोरहाबादी में किया प्रदर्शन**



**रांची।** राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया. इस मौके पर मंच के कार्यकर्ताओं और कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अमेरिका की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की. मौके पर संघ अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की इस आर्थिक तरक्की से अमेरिका और चीन जैसे देश अस्थायी रूप से लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं. इसी वजह से 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर आर्थिक दबाव डालने की कोशिश की जा रही है. संघ अध्यक्ष ने कहा कि भारत पर किसी भी तरह का दबाव काम नहीं करेगा. हमारे देश की 150 करोड़ की आबादी में बड़ी संख्या में युवा हैं. भारत अब किसी भी मायने में कमजोर देश नहीं है.

### मानविकी -2025 में संस्कृति, कला और रचनात्मकता की अदभुत झलक

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'आर्ट पिच' और 'थ्रेड्स ओडिसी' बने आकर्षण का केंद्र

**शुभम संदेश। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में वार्षिक मानविकी महोत्सव 'मानविकी-2025' का भव्य आगाज़ हुआ, जिसने विद्यालय परिसर को रचनात्मकता, सांस्कृतिक विविधता और बौद्धिकता के रंगों से सराबोर कर दिया. उद्घाटन समारोह की शुरुआत स्वागत गीत और पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई.पहले दिन का प्रमुख आकर्षण रहा "ड्रेप ऑफ कल्चर-रैंप वॉक", जिसमें छात्रों ने भारतीय राज्यों की पारंपरिक पोशाकों में सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया. रैंप पर उतरे प्रत्येक परिधान ने भारत की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक पहचान की कथा को रेखांकित किया.महोत्सव को पर्यावरणीय दृष्टि से जागरूक बनाते हुए, छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए पुनः उपयोग में आने वाली सामग्री से सजावट तैयार की, जिसने सौंदर्य के साथ-साथ सतत विकास का संदेश भी दिया.



'आर्ट पिच' और 'थ्रेड्स ओडिसी' जैसे प्रमुख कार्यक्रमों ने छात्रों की रचनात्मकता, कला-संवेदना और सांस्कृतिक समझ को नए आयाम दिए. प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू ने दोनों कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.आर्ट पिच में गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल को द्वितीय और सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल को तृतीय स्थान मिला. थ्रेड्स ओडिसी में जेके इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया.रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स से जुड़े कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी जीवंत बना दिया.प्रतिभागियों की कलात्मक सोच, गहन शोध और प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए, यह कहा जा सकता है कि 'मानविकी' केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक सेतु है, जहां कला और बौद्धिकता का सशक्त संगम देखने को मिला.

## एक नजर

**डीएवी हेहल में जेपीएससी में सफल छात्र अनुराग और मनाली को सम्मानित किया गया**



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में बुधवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान 11वीं जेपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले दो पूर्व छात्रों अनुराग सिन्हा और मनाली उरांव का सम्मान किया गया. अनुराग सिन्हा ने 145वीं रैंक के साथ झारखंड वित्त सेवा में तथा मनाली उरांव ने 343वीं रैंक के साथ झारखंड प्रोबेशन सेवा में स्थान प्राप्त किया है. उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य बिपिन राय ने स्मृति-चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि हमारे पूर्व छात्र-छात्राएं जब जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हैं, तो यह केवल उनका ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का सम्मान होता है. अनुराग और मनाली ने जिस लगन, अनुशासन और संकल्प के साथ यह उपलब्धि हासिल की है, वह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है. वहीं सम्मान प्राप्त करते हुए अनुराग सिन्हा ने कहा कि वे आज जो भी हैं उसमें डीएवी हेहल के संस्कार और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने बताया कि मेहनत, धैर्य और समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है.

**जुलाई की मंईयां सम्मान राशि रांची की लाखों महिलाओं के खातों में पहुंची**

**रांची।** राजधानी रांची की बहनों के लिए खुशखबरी है. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई महीने की 2500 की सम्मान राशि सीधे बैंक खाते में भेज दी गई है. पहले चरण में 3 लाख 86 हजार 693 महिलाओं को कुल 96 करोड़ 67 लाख 32 हजार 500 रुपये डीबीटी के जरिए मिले हैं. जिले के अलग-अलग इलाकों में यह राशि इस तरह दी गई है – अनगड़ा में 16,490, अरगोड़ा (नगर निगम) में 11,923, बड़गाईं (नगर निगम) में 8,924, बेड़ो में 20,622, बुंडू में 8,489, बुंडू नगर पंचायत में 3,424, बुढ़मू में 17,657, चान्हो में 19,715, हेहल (नगर निगम) में 15,170, इटकी में 10,455, कांके में 31,540, कांके (नगर निगम) में 1,291, खलारी में 9,675, लापुंग में 11,216, मांडर में 23,279, नगड़ी में 17,677, नगड़ी (नगर निगम) में 7,439, नामकुम में 17,696, नामकुम (नगर निगम) में 8,368, ओरमांझी में 18,164, राहे में 9,527, रातू में 18,467, सिल्ली में 21,194, सोनाहातू में 12,820, तमाड़ में 18,500 और सदर (नगर निगम) में 26,971 महिलाओं को लाभ मिला है.जिन महिलाओं का नाम पहले से लिस्ट में है. लेकिन बैंक खाते से आधार लिंक नहीं है, उन्हें तुरंत आधार सीडिंग करानी होगी, वरना आगे पैसा नहीं मिलेगा.

**एक्वावर्ल्ड मछलीघर में 15 अगस्त को 'इंडिपेंडेंस डे' स्पेशल का आयोजन, देशभक्ति की बहेगी बयार**

**रांची।** एक्वावर्ल्ड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त की शाम 4 बजे से इंडिपेंडेंस डे स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन होगा. इस कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता, गीत गायन प्रतियोगिता, डांस शो, डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम होंगे. यह जानकारी एक्वावर्ल्ड के प्रबंधक आनंद कुमार नायक ने दी. उन्होंने बताया कि एक्वावर्ल्ड राष्ट्रीय त्योहारों पर शुरुआती दौर से ही देशभक्ति थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है, ताकि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक कमें देशभक्ति की भावना का संचार हो. ज्ञात हो कि पिछले तीन दशकों से एक्वावर्ल्ड लगातार शहर के लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है. संडे स्पेशल के साथ ही साथ नए साल के मौके पर एक पखवारे तक चलनेवाले एक्वावर्ल्ड कार्निवाल ने शहर के लोगों में अलग पहचान बना ली है. एक्वावर्ल्ड के निदेशक प्रतुल शाहदेव लगातार नए-नए इनोवेशन के जरिए एक्वावर्ल्ड को अलग पहचान दिलाने में कामयाब रहे हैं.

**आयुक्त और रांची के उपायुक्त ने राज्यपाल को बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राजभवन में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त और रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की. मौके पर आयुक्त ने राज्यपाल को मोरहाबादी मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने के लिए आमंत्रित किया गया. उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से राज्यपाल को अवगत कराया गया.

**अरगोड़ा और कचहरी चौक से हटा अवैध कब्जा**

**रांची।** रांची नगर निगम ने बुधवार को शहर में दो जगहों से अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त कार्रवाई की. पहला अभियान अरगोड़ा चौक स्थित पार्क और उसके चारों ओर, साथ ही पास की अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी में चला. यहां कई लोगों ने फुटपाथ, पार्क के किनारे और कॉलोनी के आसपास अस्थायी दुकानें, शेड और ढांचे बना रखे थे. निगम की जेसीबी मशीन से इन ढांचों को तोड़ा गया और मजदूरों ने कब्जा किया हुआ सामान ट्रक में भरकर जब्त कर लिया. कई जगह टिन शेड, बांस-लकड़ी के ढांचे और तख्त भी हटाए गए. दूसरा अभियान कचहरी क्षेत्र में, समाहरणालय भवन के बाहर चलाया गया. यहां सड़क किनारे वेंडर्स और ठेलेवालों ने लंबे समय से जगह घेर रखा था. निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी अस्थायी दुकानें और ढांचे हटवा दिए.

**जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भव्य आयोजन**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रणामी ट्रस्ट की ओर संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 16 अगस्त को धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा. इस अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन किए जाएंगे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है. यह जानकारी ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सरार्फ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. सर्राफ ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी विद्युत रोशनियों, फूलों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है. जन्माष्टमी पूर्व संध्या से ही भजन-कीर्तन, संकीर्तन और प्रभु श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का गुणगान आरंभ हो जाएगा.

**युवक की हत्या करने के आरोपी ने किया सरेंडर**

**रांची।** राजधानी के हिंदपीढ़ी में साहिल नाम के युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी अरमान ने बुधवार को सरेंडर कर दिया. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम लगातार अरमान की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी. इसी दबिश से परेशान होकर अरमान ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया. उल्लेखनीय है कि इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व पार्षद असलम को जेल से निकलते ही मंगलवार को गिरफ्तार कर फिर से जेल भेज दिया.बीते दस अगस्त को हिंदपीढ़ी में साहिल की गोली मारकर हत्या करने के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था. हिंदीपीढ़ी ग्वाला टोली में उपद्रव की स्थिति बन गयी थी. कुछ उपद्रवियों ने अरमान के घर में घुसकर तोड़फोड़ की. आगजनी भी की. अमन सोसाइटी सामुदायिक हॉल में भी उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया. बुलेट मोटरसाइकिल में आग लगा दी. सैकड़ों कुर्सियों और शीशे को तोड़ डाला था. मृतक के परिजनों ने पूर्व पार्षद के भाई पर हत्या में शामिल होने का शक जताया है. साहिल की हत्या करने के बाद से अरमान फरार हो गया था.

**आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन ने शिक्षण सामग्री वितरित की**

**रांची।** रांची के इंद्रपुरी मोहल्ले में आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान में इनके प्राथमिक शिक्षा विभाग "ज्ञानशाला" के अंतर्गत बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई. इस अवसर पर लगभग 35 बच्चे और मोहल्ले की कुछ महिलाएं शामिल थीं. बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ाया. इसके अतिरिक्त, राखी द्वारा संचालित मौजूदा कोचिंग क्लास को आईएसडीजी के सहयोग से ज्ञानशाला के रूप में विकसित करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके. इस अवसर पर आईएसडीजी की ओर से स्नेहा मिश्रा एवं शुभ्रा तिवारी भी उपस्थित थीं.

## ब्रीफ न्यूज

### काकोरी कांड शताब्दी पर 'बज़्म-ए-तहज़ीब' का आयोजन आज

**मेदिनीनगर।** ऐतिहासिक काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष पर तहज़ीब फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां को समर्पित एक विशिष्ट सांस्कृतिक संध्या ₹बज़्म-ए-तहज़ीब₹ का आयोजन 14 अगस्त को किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू डीडीसी जावेद हुसैन होंगे. कार्यक्रम अंतर्गत रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां की दोस्ती पर आधारित दास्तानगोई के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की शौर्यगाथा का विशेष प्रस्तुतीकरण किया जाएगा. यह दास्तानगोई लखनऊ इप्टा के कलाकार शहजाद रिज़वी और फ़रजाना मेहदी प्रस्तुत करेंगे.

### रामाशीष यादव ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**पलामू।** यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव ने रामगढ जिले के नेमरा गांव में पहुंचकर झारखंड राज्य के शिल्पकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की. रामाशीष यादव ने उनके पुत्र तथा वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आत्मीय मुलाकात कर आदरणीय दिसोम गुरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके त्याग, संघर्ष और जन सेवा को नमन किया. यादव ने कहा कि गुरूजी का संपूर्ण जीवन समाज और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा है. उनके योगदान को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी.

### झामुमो नेता ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धाजंलि

**लातेहार।** जिले के हेरहंज प्रखंड के झामुमो पदाधिकारी नेमरा गांव पहुंचे. यहां उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्पजंलि कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और शोक संवदेना जाहिर की. इस दुःख की घड़ी में साथ उनके साथ खड़े रहने की बात कही. झामुमो नेताओं में प्रखड अध्यक्ष विजय उरांव ने कहा कि दिशोम गुरू का निधन न सिर्फ झारखंड वरन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उन्होंने आदिवासी और आदिवासियत को बचाने के लि संघर्ष किया. झारखंड निर्माण में उनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता है. प्रखंड सचिव भोला राम, प्रखंड कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष रॉकी लोहरा, जिला सह सचिव रामवृक्ष गंझू, जिला उपाध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, गेंदिया देवी आदि मौजूद थे.

### प्रकाश झा ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**रामगढ़।** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक प्रकाश झा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नेमरा, रामगढ़ स्थित उनके पैतृक गांव में मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रकाश झा ने शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे जनजातीय समाज के सशक्त स्वर थे, जिनका जीवन संघर्ष और सेवा से भरा रहा. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की. मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य के सामाजिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर भी चर्चा की. मौके पर स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे.

## ग्रामीणों ने अपनी रैयती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# कब्जाधारियों से जमीन मुक्त कराने की मांग

**शुभम संदेश। बालूमाथ (लातेहार)**



बालूमाथ अंचल के कोलपटिया गांव के निवासियों ने अपनी रैयती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से हस्तक्षेप की मांग की है. इस संबंध में दिनेश कुमार पांडेय, भोलानाथ पांडेय और भुनेश्वर पांडेय ने उपायुक्त को एक लिखित आवेदन सौंपा, जिसमें जमीन से कब्जेधारियों को हटवाने और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है. आवेदकों के अनुसार, खाता संख्या 74, प्लॉट संख्या 467, रकबा 5.69 एकड़ जमीन मीना देवी (पति भोलानाथ पांडेय), सुकमणी देवी (पति भुनेश्वर पांडेय) और कांति देवी (पति दिनेश कुमार पांडेय) के नाम पर दर्ज है और इसका रसीद भी रेंट रूल के आधार पर कटा हुआ है. यह जमीन वर्ष 1976 के सर्वे में अनिरुद्ध पांडेय और राजेंद्र पांडेय के नाम खतियान में दर्ज थी, जो आपस में सगे भाई थे. दोनों भाइयों के नाम पर अलग-अलग खतियान दर्ज हैं. राजेंद्र पांडेय ने वर्षों पहले अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी और अब वह गांव में नहीं रहते. आवेदकों ने बताया कि प्लॉट नंबर 374 की रसीद अकल महतो और सोहर महतो के नाम पर निर्गत कर दी गई है, जो 25.5 डी के नक्से के आधार पर किया गया. वहीं, संतोषी यादव और चमन यादव को उनके पिताजी द्वारा केवल 10-15 डी जमीन जोतने के लिए दी गई थी. अब गांव के कुछ लोग जैसे लालजी यादव, प्रकाश यादव, रामधानी यादव, कुलदीप यादव, नान्हु यादव, चमन यादव, संतोषी यादव, लोचन ठाकुर, चैतलाल ठाकुर, सोहर यादव, अकल यादव आदि सर्वे के नाम पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं.

उन्होंने बताया कि मामले की सूचना स्थानीय विधायक को दी गई थी, जिसके बाद गांव के लोगों द्वारा दबाव बनाने के लिए उपायुक्त को स्कूल और तालाब की बंदोबस्ती का झूठा आरोप लगाकर आवेदन सौंपा गया. जबकि वास्तविकता यह है कि स्कूल और तालाब की जमीन अलग प्लॉट व खाता नंबर में दर्ज है. स्कूल की जमीन खाता नंबर 74, प्लॉट नंबर 524, रकबा 91 डी है, जबकि तालाब के प्लॉट संख्या 521, 522 और 523 हैं. जिन जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, उनमें स्कूल या तालाब नहीं है. आवेदकों ने आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारियों और जमीन दलालों की भूमिका इस मामले में संदिग्ध है. उन्होंने उपायुक्त से निष्पक्ष जांच कराकर उनकी रैयती जमीन को कब्जेधारियों से मुक्त कराने की मांग की है.

## यातायात में व्यवस्था में सुधार को लेकर डीआईजी की बैठक, टैंपो चालकों पर कहा

# ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाएगा

**शुभम संदेश। पलामू**



प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में शहरी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर डीआईजी नौशाद आलम ने अपने कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में ट्रैफिक प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी और नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे. बैठक में डीआईजी आलम ने शहरी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या के कारणों पर चर्चा की. साथ ही पूछा कि इस स्थिति से आम नागरिकों को कैसे राहत दी जा सकती है. उन्होंने कहा कि यातायात जाम केवल लोगों की दिनचर्या को प्रभावित नहीं करता, बल्कि आपातकालीन सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न करता है. बैठक में अधिकारियों व प्रतिभागियों ने अपने सुझाव दिए. विमर्श के बाद कई ठोस बिंदुओं पर सहमति बनी, जिन पर आगे कार्ययोजना तैयार कर लागू किया जाएगा. डीआईजी ने बताया कि इन सुझावों को पलामू उपायुक्त के पास औपचारिक पत्र के माध्यम से भेजा जाएगा, ताकि आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जा सके.

बैठक में सहमति बनी कि शहर में संचालित सभी टेंपो चालकों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाएगा, जिससे पहचान आसान हो और अनुशासन बना रहे. इसके अलावा प्रत्येक टेंपो को एक यूनिक स्कैनर कोड (बारकोड) और विशेष पहचान चिह्न दिया जाएगा. यह बारकोड टेंपो पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होगा, जिससे किसी भी शिकायत, सुरक्षा जांच या ट्रैकिंग में सुविधा हो. साथ ही, नगर निगम द्वारा रूटवार कलर कोड प्रणाली लागू की जाएगी. एक ही रूट पर चलने वाले टेंपो एक ही रंग से चिन्हित होंगे, जबकि अन्य रूट के टेंपो अलग रंग में होंगे. इस कदम से यातायात में अनुशासन और व्यवस्था लाने में मदद मिलेगी.

डीआईजी नौशाद आलम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना को लागू करते समय आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है.

### डीसी ने किया परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह पलामू जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समारोह में प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण करेंगे. समारोह को लेकर जवानों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया जो बुधवार को संपन्न हो गया. परेड पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया. उपायुक्त ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. इस दौरान डीसी व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त ने मुख्य समारोह के दिन समय पर उपस्थित होने और एहतियात बरतने का निर्देश दिया. उन्होंने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी आमजनों से अपने-अपने स्तर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की. इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी जवानों को नशा मुक्ति की दिलायी गयी.

# उपायुक्त ने परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास में भाग लिया



**शुभम संदेश। लातेहार**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा. इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया. इस दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया.इस दौरान सभी का उत्साहवर्धन किया गया. पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी देशभक्ति से ओत-प्रोत हों शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं. विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें. पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए.विदित हो कि 15 अगस्त को प्रातः 09.05 बजे जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में झंडोतोलन किया जायेगा. मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# एनएसएस ने किया हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**शुभम संदेश। हुसैनाबाद**



राष्ट्रीय सेवा योजना, एके सिंह कॉलेज जपला इकाई के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया. राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत स्वयंसेवकों और अन्य छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे के साथ महाविद्यालय परिसर से चलकर कुसुवा गांव होते हुए जपला देवरी मेन रोड तक हर घर पर भारत की शान तिरंगा को फहराने के लिए प्रेरित किया. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों और अन्य छात्राओं को अपने देश और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव - ₹इदं न मम् इदं राष्ट्राय स्वाहा₹ का संदेश दिया. हर घर तिरंगा कार्यक्रम में प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. डॉ.शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. अयुब, प्रो. जयशंकर प्रसाद, प्रो.अभिषेक कुमार, प्रो. राहुल कुमार सिंह, प्रो. डॉ. रविरंजन मिश्रा, प्रो. अशोक कुमार देव, नरेंद्र कुमार सिंह, अनिकराज पाल, अरविंद कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष प्रताप सिंह, नितेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, स्वयंसेवकों में गौरव कुमार, पुष्पा कुमारी, अमन कुमारी, अंकु कुमारी, उज्जवल कुमार, काजल कुमारी, बबिता कुमारी, सलोनी कुमारी, सहित अनेक स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. ज्ञात हो कि इस वर्ष 79 वां स्वतंत्रता दिवस ए के सिंह कॉलेज में ध्वजारोहण के साथ मनाया जा रहा है, ध्वजारोहण का समय प्रातः 10:45 बजे तथा उसके तुरंत बाद तिरंगे को सलामी एन एस एस के स्वयंसेवकों द्वारा दी जाएगी, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. सभी स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का इस अवसर पर उपस्थिति अनिवार्य है.

### नगर पंचायत लातेहार में टाउन हॉल भाड़े पर है उपलब्ध

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार के रेलवे स्टेशन रोड में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) अब विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भाड़े पर उपलब्ध है. नगर प्रशासक ने बताया कि नगर भवन की दर 20,000 रुपये प्रति दिन तय की गयी है. टाउन हॉल में एक बड़ा हॉल, स्टेज, रूम, शौचालय, विद्युत व्यवस्था और जनरेटर की सुविधा उपलब्ध है, जिससे किसी भी बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है. सके साथ ही नगर पंचायत लातेहार के पास चलन्त शौचालय (मोबाइल टॉयलेट) भी है, जिसे शादी-विवाह सहित अन्य आयोजनों के लिए भाड़े पर लिया जा सकता है. मोबाइल टॉयलेट की भाड़े की दर आयोजन स्थल की दूरी के अनुसार तय की जाएगी.

## बैठक

## डीसी ने कल्याण विभाग से संचालित विद्यालयों की समीक्षा की

# आवासीय परिसर की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा

**शुभम संदेश। लातेहार**



उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कल्याण विभाग से संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, मंगरा (बरवाडीह) एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, हेठाटोली (गारू) एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, नेगाई (लातेहार) में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के समग्र विकास की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने विद्यालयों की आधारभूत एवं मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की. इसमें खेल मैदान की स्थिति, आवासीय परिसर की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता, मेडिकल सुविधा, विद्युत आपूर्ति, फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थिति, विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही पुस्तकें, आवासन एवं भोजन की गुणवत्ता, स्टाफ की उपलब्धता, सेनेटरी पैड की व्यवस्था तथा परिसर की साफ-सफाई जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाए, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके.

विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने पर भी बल दिया गया. बच्चों के आधार कार्ड एवं बैंक खातों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन विद्यार्थियों के बैंक खाते अब तक नहीं खुले हैं, उनका खाता शीघ्र खोला जाए. इसके लिए उन्होंने एलडीएम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा एकलव्य विद्यालय हमारे प्रतिभाशाली बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव हैं. यहां शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन-स्तर में सुधार हमारी प्राथमिकता है. बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) प्रवीण कुमार गगराई, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, समेत विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने की आधारभूत संरचना से संबंधित बैठक

**लातेहार।** डीसी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने पीवीयूएनएल, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये. उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया.

## एक नजर

### स्वास्थ्यकर्मियों ने फलेरिया रोधी दवा वितरित की



**पांडू (पलामू)।** पांडू चिकित्सा पदाधिकारी विरोचित आनंद के निर्देशानुसार प्रखंड के तमाम गांव में एवं घर में जाकर स्वास्थ्यकर्मियों ने मलेरिया का दवा वितरण किया एवं खिलाया. मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बिरोजित आनंद ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्यकर्मी टीम गठित कर पांडू प्रखंड के गांव टोला पर जाकर हर घर के लोगों को फलेरिया उन्मूलन संबंधी बात को समझावें एवं दवा खिलाएं. उन्होंने कहा यह स्वास्थ्य विभाग का जनकल्याणकारी योजना है. इस योजना के तहत सभी ग्रामीणों को फलेरिया मुक्त करने के लिए सरकार का यह उपयोगी योजना है. जिसका लाभ ग्रामीण लें एवं फलेरिया को जड़ मूल से भगाएं.

### भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, भरा देशभक्ति का जज्बा




**लातेहार।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में भाजपाइयों ने लातेहार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली. तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शहर के थाना चौक स्थित कारगिल पार्क से की गयी. यहां सुथापित शहीद स्मारक में भाजपाइयों ने माल्यापर्ण किया.तिरंगा यात्रा कारगिल पार्क से लातेहार की मुख्य सड़क से होते हुए समहारणालय मोड़ तक गयी. इस दौरान वातावरण देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो गया. यात्रा के आगे आगे ध्वनि विस्तारक यंत्र में देशभक्ति गीत बज रहे थे.भाजपाइयों ने भी गगनभेदी नारे लगाये और तिरंगे की आन, बान व शान के लिए जीने और मरने का संकल्प लिया. जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं. यहा आजादी का अमृत काल है. उन्होने कहा कि देश की आजादी के न जाने कितने वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की आहुति दी है. यह अवसर उन्हें याद करने का है. उन्होने कहा कि आज पूरा देश एक तिरंगे के नीचे खड़ा है. मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, महामंत्री बंशी यादव व अमलेश कुमार सिंह (सांसद प्रतिनिधि), राजीव रंजन पांडेय, राजन तिवारी, अनिल सिंह, आनंद सिंह, छोटू राजा, मुकेश कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार, विष्णुदेव प्रसाद, विवेक चंद्रवंशी, गया प्रसाद, गौरव दास, हरिओम प्रसाद, मोनू सिंह, गुजंन प्रसाद, राकेश कुमार, अश्विनी सिंह के अलावाशहर के सरस्वती विद्या मंदिर व गांधी इंटर कॉलेज के छात्र व छात्रायें मौजूद थीं.

### सेविकाओं एवं पर्यवेक्षिकाओं को मिला मिशन बुनियाद का प्रशिक्षण



**बरवाडीह।** उपयुक्त एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत बरवाडीह ब्लॉक सभागार में 12 से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक जयश्री कुमारी साहू, प्रशिक्षक सह जिला समन्वयक मिशन बुनियाद, ने किया. इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को मिशन बुनियाद से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा एवं बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करना तथा आंगनबाड़ी कार्य को प्रभावी बनाना रहा. कार्यक्रम में ईसीसीई की अवधारणा, खेल आधारित शिक्षा की भूमिका, बच्चों के समग्र विकास में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी, ईसीसीई गतिविधियों का संचालन एवं मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा का महत्व, समयबद्ध कार्य की महत्ता जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. इस प्रशिक्षण का लक्ष्य आंगनबाड़ी सेविकाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि करना और ईसीसीई के लक्ष्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है.

### ससमय करें प्रमाण पत्रों के कार्यों का निष्पादनः डीसी

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने डीईजीएस/ई-ऑफिस यूआईडीएआई/एनआईसी/आधार संबंधी बैठक में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली. इस दौरान सीएससी मैनेजर द्वारा निष्क्रिय सीएससी संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित होने से संबंधित जानकरी ली गयी. इसी तरह एज वाइज आधार जेनरेशन रिपोर्ट की भी समीक्षा की गयी. वहीं ब्लॉक में आधार संबंधी कार्य की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 5 ब्लॉक में आधार का कार्य नहीं हो रहा है.उपायुक्त ने यूआईडी के डीपीओ को इन पांचों प्रखंडों में आधार का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही.इसी तरह एनरोलमेंट व आधार अपडेशन के कार्य पर भी जानकरी ली गयी. डीआईओ रणवीर सिंह ने बताया कि पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में रामगढ़ प्रखंड में झारनेट स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिये.इस दौरान डीसी ने प्रत्येक पंचायत में वीएलई को अनिवार्य रूप से बैठने का भी निर्देश दिया. भारत नेट परियोजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में कनेक्टिविटी का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने व नियमित रिचार्ज बनाए रखने पर बल दिया.

### रमेश शुक्ला अनुशासन के प्रतीक थेः प्रो राजाराम तिवारी

**मेदिनीनगर।** चंद्रशेखर दुबे इंटर महाविद्यालय, चनेया-राजहरा में बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय रमेश शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान प्राचार्य प्रो. द्विजेंद्र पाठक व संचालन प्रो मोहम्मद हामिद ने किया. मौके पर प्रो राजाराम तिवारी उर्फ राजू तिवारी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय शुक्ला न केवल एक विद्वान शिक्षक थे, बल्कि शिक्षा और अनुशासन के प्रतीक भी थे. उन्होंने अपने कार्यकाल में महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल को सुदृढ़ करने, छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों का संचार करने और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में अमूल्य योगदान दिया. प्राचार्य द्विजेंद्र पाठक ने कहा कि स्वर्गीय रमेश शुक्ला का व्यक्तित्व बहुआयामी था. वे गंभीर चिंतक, उत्कृष्ट प्रशासक और प्रेरणादायी शिक्षक रहे. उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय ने कई शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल कीं. उनका सरल, सौम्य और मिलनसार स्वभाव उन्हें सभी के बीच प्रिय बनाता था.

### डीसी ने की राजस्व संग्रहण से संबंधित कार्यों की समीक्षा

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का अयोजन किया गया. बैठक में जिले के नगर पंचायत क्षेत्र एवं अंचलों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई. समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए. राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए गये. बैठक में उपायुक्त के द्वारा भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई. इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज से सम्बंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया. बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के अलावा सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे. सभी पदाधिकारियों को ससमय निर्देशों को पूरा करने को कहा गया. इस दौरान विभाग से संबंधित अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई.

## ब्रीफ न्यूज

### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा टाऊन रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को मालगाड़ी (ट्रेन) के चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत हो गयी. वहीं सूचना मिलते ही आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल भेज दिया. समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी है.

### आधार पंजीकरण/ अद्यतन विशेष कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** कोडरमा, डोमचांच और जयनगर प्रखंड अंतर्गत छुटे हुए पीवीटीजी वर्ग के लोग, 0-5 वर्ष के बच्चे, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभुक महिलाएं, पोषाहार टीएचआर प्राप्त करने वाली महिलाएं, स्कूल के बच्चे एवं आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनाने हेतु दिनांक 13 अगस्त से 27 सितंबर तक विशेष आधार पंजीकरण एवं अद्यतन कैम्प का आयोजन किया जाएगा. डीसी ऋतुराज ने निर्देश दिया है कि प्रखंड मुख्यालय के आधार ऑपरेटर निर्धारित समय पर आधार मशीन के साथ नीचे वर्णित ग्राम पंचायतों में आयोजित इन विशेष कैम्पों में उपस्थित रहें, ताकि लक्षित समूह के सभी व्यक्तियों का समय पर आधार पंजीकरण/ अद्यतन कार्य सुनिश्चित हो सके.

### हत्यारोपी पुत्र सहित तीन को आजीवन सश्रम

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने नवलशाही थाना कांड संख्या 06/2024, एसटी 60/2024 की सुनवाई करते हुए एक पुत्र द्वारा अपने ही पिता की हत्या करने के मामले में भादवि की धारा 302, 120बी में पुत्र समेत तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही 30 हजार का जुर्माना लगाया है. मालूम हो कि नीमाडीह, गिरिडीह निवासी पुत्र समसुल अंसारी ने असगर अंसारी उप प्रमुख और द्वारिका तुरी से मिलकर अपने पिता शकूर अंसारी की टांगी से मारकर हत्या करवा दिया था. वहीं सजा की सुनवाई के मामले में प्रभारी लोक अभियोजक शिवशंकर राम और अधिवक्ता रीतम कुमारी द्वारा अपनी दलीलें पेश करते हुए तीनों अभियुक्तों को सजा की मांग की.

### मवेशी ले जा रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के तिलोकरी के लोगों ने बुधवार की अहले सुबह गौ तस्करी से जुड़े दो लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. जानकारी अनुसार अहले सुबह कुछ ग्रामीणों ने दो युवकों को एक गाय और एक बछड़े को ले जाते हुए देखा. ग्रामीणों ने संदेह होने पर उन दोनों युवकों को पकड़ा और पूछताछ की. पूछताछ के क्रम में युवकों ने अपना नाम इम्तिहान अंसारी, इमरान अंसारी दोनों के पिता करामात अंसारी ग्राम इरगोबाद थाना जयनगर बताया.पूछताछ करने के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक गांव से दलाल के माध्यम से गाय को खरीदतें हैं और वह इरगोबाद निवासी करामात अंसारी के पास पहुंचाने का काम करते हैं, गायों को काफी संख्या में संग्रह करने के बाद कोलकाता भेजा जाता है. ऐसे में ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की जानकारी दिया. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया. ग्रामीणों ने मामले को लेकर पुलिस को एक आवेदन भी दिया है. इस संबंध में थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ जारी है.

"हर घर रेल तिरंगा" में 18,000 रेल परिवारजन की रही ऐतिहासिक भागीदारी

# शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में शहर में निकली रैली

**शुभम संदेश। हजारीबाग**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी "हर घर तिरंगा" अभियान को एक नई ऊर्जा देते हुए, अमदाबाद महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में अहमदाबाद में साबरमती में न्यू रेलवे कॉलोनी में "हर घर रेल तिरंगा" रैली का भव्य आयोजन हुआ. इस आयोजन में 2000 से अधिक रेल परिवारजन शामिल हुए. रैली की शुरुआत सामुदायिक भवन, साबरमती से हुई और रेलवे कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए देशभक्ति के रंग में सराबोर वातावरण में "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारे गूंजते रहे. कार्यक्रम में माननीय विधायक डॉ. हर्षदभाई पटेल ने भी भाग लिया. उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' आह्वान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है, और रेल परिवार इसका शानदार उदाहरण है." शेफाली गुप्ता, जो वर्षों से जनसेवा और सामुदायिक उत्थान में अग्रणी रही हैं, ने कहा — "हर घर रेल तिरंगा, हर दिल में भारत – यही हमारे देशप्रेम की असली पहचान है." उनकी प्रेरणा ने इस अभियान को केवल एक रैली नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय एकता के उत्सव में बदल दिया.

रैली के उपरांत 500 से अधिक घरों में कॉलोनीवासियों को तिरंगा वितरित किया गया, ताकि 15 अगस्त को हर घर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराए. अहमदाबाद मंडल द्वारा 14 अगस्त को मणिनगर और अन्य रेलवे कॉलोनियों में भी यही अभियान जारी रहेगा. इस साल अहमदाबाद rail मंडल के 18,000 से अधिक घरों में तिरंगा बाटने का प्लान है. साथ ही अहमदाबाद मंडल ने अपने स्टाफ के बीच फोटो तिरंगा के साथ फोटो कम्पटीशन भी रखा गया. जिसमे रेलवे मेन को अपना भोगों तिरंगे के साथ खींच कर @DRMAhmedabad को टैग करना है या # HarRaikwayGharTiranga हैशटैग के साथ पोस्ट करना है. डिवीज़न ने अच्छे फोटो को अवार्ड भी देगा. पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद मंडल ने एक बार फिर साबित किया.

पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर कार्यशाला का आयोजन, बोले डीसी

# सूचकांक के आधार पर पंचायतों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी

**शुभम संदेश। कोडरमा**




इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा के ऑडिटोरियम में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त ऋतुराज ने की. दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उदघाटन किया गया. उपायुक्त ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंचायत के विभिन्न विकास सूचकों—जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना—के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा. इस सूचकांक के आधार पर पंचायतों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी और कमज़ोर क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे. कार्यशाला में विभागीय विशेषज्ञों द्वारा सूचकांक के मानदंड, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के तरीके एवं निगरानी तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई. उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया गया कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित डेटा अद्यतन और क्षेत्रीय निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है. उपायुक्त ने सभी प्रखंड व पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की सटीक जानकारी समय पर दर्ज करें तथा पंचायत उन्नति सूचकांक को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास करें. उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पंचायतों की कार्यकुशलता बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन स्तर को भी सुदृढ़ बनाएगी. इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीडीओ एवं पंचायत के मुखिया को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे.

### डीसी ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

**कोडरमा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बागीटांड स्टेडियम कोडरमा में आयोजित किया जायेगा. इसी क्रम में उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन–राष्ट्रगान एवं परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया. पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था,विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. विदित हो कि 15 अगस्त को प्रात: 09 .05 बजे बागीटांड स्टेडियम कोडरमा में झंडोतोलन किया जायेगा. इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत अन्य मौजूद रहे.

### दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को 10 साल सश्रम कारावास

**कोडरमा।** डरा-धमकाकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के प्रयास किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह स्पेशल पोक्सो जज गुलाम हैदर की अदालत ने बुधवार को गोविंद सिंह पिता गंगो सिंह 45 वर्षगोमो झुमरी तिलैया, कोडरमा निवासी को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई. साथ ही 10,000 जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर 4 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. न्यायालय ने 354बी आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास एवं 3000 जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी. यह मामला वर्ष 2024 का है. इसे लेकर तिलैया थाना में केस दर्ज कराया गया था. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया. इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया. कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया. वहीं बचाव पक्ष की ओर से डिफेंस काउंसिल किरण कुमारी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया. अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया.

## भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद

**शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)**



जयनगर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग दुकानों से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की. पुलिस ने मौके से ही दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया. बरामद माल की बाजार में कीमत लगभग 30 हजार रुपये आंकी गई है. जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि जयनगर क्षेत्र में कुछ राशन और जनरल स्टोर में अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री की जा रही है. सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम तिलोकरी स्थित महेन्द्र मोदी के राशन दुकान और तेतरौन स्थित प्रकाश यादव उर्फ राजेन्द्र यादव के जनरल स्टोर पर छापामारी की. प्रेस वार्ता के दौरान थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि छापामारी के दौरान विभिन्न कंपनियों की 94 पीस अंग्रेजी शराब (लगभग 25 लीटर) और 80 पीस बीयर (लगभग 47 लीटर) बरामद की. पुलिस ने बरामद शराब और बीयर को जब्त करते हुए महेन्द्र मोदी पिता स्व. प्रभुनाथ मोदी, तिलोकरी और प्रकाश यादव उर्फ राजेन्द्र यादव पिता तेजन महतो तेतरौन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. आगे कहा कि इस मामले में कांड संख्या 185/25 के तहत धारा 274/275 बीएनएस और 47(ए) उत्पाद अधिनियम में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का केरेडारी में हुआ भव्य शुभारंभ

## 32 टीमें लेंगी टूर्नामेंट में हिस्सा

**शुभम संदेश। केरेडारी**



मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत, नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के 8वें टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन बुधवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड में हुआ. कृषि फार्म मैदान में आयोजित इस टूर्नामेंट में केरेडारी प्रखंड की 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं. टूर्नामेंट का उद्घाटन बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में किया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, मशाल जलाई, नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया और फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया. टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पहला मैच बुंडू बनाम इतिज टीम के बीच खेला गया जिसमें बुंडू की टीम 1-0 गोल से विजयी हुई. इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल इस टूर्नामेंट के जरिए क्षेत्र में एक खेल क्रांति ला रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंड के खेल मैदानों में चहल-पहल बढ़ गई है और फुटबॉल का रोमांच दिख रहा है. सांसद जायसवाल खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी और मेडल देकर सम्मानित कर रहे हैं, साथ ही टूर्नामेंट को रोमांचक बनाने के लिए विशाल आकर्षक नमो ट्रॉफी और नकद पुरस्कार भी दे रहे हैं. निश्चित रूप से, सांसद का यह प्रयास खेल और खिलाड़ियों के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा.

इस कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, भाजपा नेता राजू साव, पूर्व मुखिया तापेश्वर साहू, नमो खेल श्रृंखला के संयोजक बंटी तिवारी, उपेंद्र सिंह, बद्रीनारायण सिंह, प्रीतम साहू, नरेश महतो, शेर सिंह, जगदीश सिंह, मूलचंद साव, नारायण यादव, महेन्द्र सिंह, बालगोविंद सोनी, चंद्रदेव साहू, भरत पाण्डेय, प्रभु साव, बैजनाथ शर्मा, विनोद कुमार सिंह, कंचन यादव, चोलेश्वर साहू, बासुदेव प्रजापति, प्रयाग महतो शामिल थे.

**यात्रा** चितरपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नारों से गूंजा वातावरण

# लोगों ने प्रतिभागियों का किया उत्साहवर्धन

**शुभम संदेश। रामगढ़ (चितरपुर)**



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चितरपुर मंडल भाजपा द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. यह पदयात्रा मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार के नेतृत्व में चितरपुर बाजार टांड़ से शुरू होकर रजरप्पा मोड़ तक निकाली गई. पूरे मार्ग में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया. कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद जैसे नारों से माहौल को जोश और गर्व से भर दिया. इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना और समाज में एकता, भाईचारा एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था. यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया. तिरंगा लहराकर लोगों ने देशभक्ति का संदेश दिया और यात्रा को सफल बनाने में सहयोग किया.

इस तिरंगा यात्रा में कई प्रमुख भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, पियुष तिवारी, रमेश प्रसाद वर्मा, प्रेतनाथ सिंह, अर्जुन कुमार वर्मा, निरंजन कुमार, बिनोद बिहारी चौधरी, महेंद्र राम, अजय दांगी, मुकेश सिंह, मदन साव, लक्ष्मण महतो, ज्ञानचंद महतो, मिथलेश तिवारी, नंदू पांडेय, मुकेश यादव, मूंगालाल महतो, बैजनाथ प्रसाद, जगलू महतो, दीपक दांगी, देवधारी करमाली, हितेश पटेल, शैलेस राम, दिगंबर चौधरी, हमला महतो, जयंती पौद्धार, सुबिन तिवारी, रामप्रसाद राम, कृष्ण प्रसाद, खेदन प्रसाद, प्रयाग साव, महेंद्र महतो और किशोर महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थे. तिरंगा यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी और आने वाले स्वतंत्रता दिवस के लिए जनमानस को प्रेरित किया. आयोजकों ने इसे हर वर्ष और भव्य तरीके से मनाने का संकल्प लिया.

### बसरिया में दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न

**चौपारण।** बसरिया गांव में रविवार रात दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और समिति के नये पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया. बैठक में गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही. 2025 के लिए पिंटू सोनी को समिति का अध्यक्ष, चंदन दांगी को उपाध्यक्ष, दामोदर केशरी को सचिव और नितेश साव को कोषाध्यक्ष चुना गया. वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आकाश सोनी को अध्यक्ष, मुकेश केशरी को सचिव, विजय साव को कोषाध्यक्ष, प्रेम प्रजापति को मंच संचालक और चंदन राणा को मीडिया प्रभारी बनाया गया. नवनिर्वाचित अध्यक्ष पिंटू सोनी ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कृति का प्रतीक है.

## एक नजर

### चतरा की उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल का निरीक्षण किया



**चतरा।** स्वतंत्रता दिवस-2025 के सफल आयोजन को लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में डीसी कीर्तिश्री जी एवं एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया. रिहर्सल कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आगमन पर परेड की सलामी दी गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया. परेड में क्रमशः एसएसबी,जिला पुलिस बल (पुरुष – दो प्लाटून), जिला पुलिस बल (महिला), एवं होमगार्ड की टुकड़ियों ने आकर्षक प्रदर्शन किया. तत्पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. उपायुक्त ने परेड में शामिल सभी जवानों, बैंड पार्टी, विद्यालयों के बच्चों एवं पदाधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं तथा जिलेवासियों से अपील किया कि वे इस अवसर को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाएं. पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए स्वतंत्रता दिवस के दिन और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं. झंडोत्तोलन की समय-सारणी के अनुसार गोपनीय शाखा में सुबह 07:30 बजे, समाहरणालय में सुबह 08:00 बजे, शहीद स्मारक (फांसी तालाब) में सुबह 08:15 बजे (झंडोत्तोलन/माल्यार्पण), बाबा भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा पर सुबह 08:25 बजे (माल्यार्पण), रेड क्रॉस में सुबह 08:30 बजे और मुख्य कार्यक्रम स्थल (जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा) में सुबह 09:05 बजे झंडोत्तोलन होगा. रिहर्सल उपरांत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई, साज-सज्जा, पेयजल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों के पालन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

### विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा



**केरेडारी।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान में केरेडारी प्रखंड में उत्साह और जोश का बेहतरीन उदाहरण पेश किया. विधायक रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया. चौक में घूमकर हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है. उन्होंने कहा, "हर घर पर तिरंगा फहराना हमारे राष्ट्र के प्रति सम्मान का प्रतीक है और यह आने वाली पीढ़ियों में भी देश के प्रति समर्पण की भावना को जीवित रखेगा. हमारा संकल्प है कि पंचायत का कोई भी घर तिरंगे से वंचित न रहे. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से अवगत कराना और स्वतंत्रता दिवस को गौरवपूर्ण तरीके से मनाना था. पूरे पंचायत क्षेत्र में तिरंगे की शान लहराती रही और गलियों में देशभक्ति के गीतों की गूंज सुनाई देती रही. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के संयोजक मंडल महामंत्री नरेश कुमार महतो, बड़कागांव विधान सभा के सांसद प्रतिनिधि मति पूनम साव, केरेडारी सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, प्रीतम साव, बल गोविन्द सोनी, राजू साव, नारायण यादव, शेर सिंह, बद्री नारायण, बहादुर राम, राजू पांडेय, प्रयाग महतो, महेंद्र महतो, चरित्र महतो, कंचन यादव, बासुदेव प्रजापति, नागेश्वर महतो, राजीव कुमार, टिंकू कुमार, चंद्रदेव साव, जागेश्वर साव, प्रभु साव, तेजो साव, छात्रभुज महतो, कुमार साव, तपेश्वर साव, कन्हाई माली, गणेश महतो, सनोज महतो सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

### हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**जयनगर (कोडरमा)।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जयनगर प्रखंड में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान जलसहिया दीदियों ने गांव-गांव साफ-सफाई अभियान चलाया, ग्राम सभाओं का आयोजन किया और स्वच्छता रैलियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया. अभियान का उद्देश्य घर-घर तिरंगा फहराने के साथ ही ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. कार्यक्रम में कनीय अभियंता ओम प्रकाश, जिला आइईसी समन्वयक दीपक कुमार तमोली, प्रखंड वाश समन्वयक रोहित दास मौजूद रहे.

### स्वतंत्रता दिवस के परेड में शामिल होगीं कई टुकड़ियां



**हजारीबाग।** 15 अगस्त को देश 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है. आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष में मुख्य कार्यक्रम कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में आयोजित होगा. जिसकी तैयारियों के अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की उपस्थिति में विभिन्न बलों की टुकड़ियों द्वारा फुल ड्रेस परेड एवं फाइनल रिहर्सल कार्यक्रम का आयोजन आज (बुधवार) कर्जन ग्राउंड में किया गया. इस अवसर पर समारोह में होने वाली सभी औपचारिकताओं एवं कार्यक्रमों का क्रमवार अभ्यास किया गया. विभिन्न सुरक्षा बलों व कैडेट्स ने अनुशासित परेड, राष्ट्रीय ध्वज वंदन तथा सलामी की प्रस्तुति दी. फुल ड्रेस रिहर्सल में परेड टुकड़ियों के साथ-साथ पुलिस बल, एनसीसी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया. प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन किया. उसके बाद परेड का विसर्जन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. आयुक्त ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए.

### कोयला को लेकर पूर्व मंत्री व समर्थकों के साथ झड़प

**केरेडारी।** एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस से कोयला ढुलाई को लेकर 12 अगस्त की देर शाम केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, उनके समर्थकों, बाउंसरों और स्थानीय हाइवा वाहन मालिकों के बीच तीखी झड़प हो गई. इस हिंसक संघर्ष में दोनों पक्षों से डंडे और पत्थर चले, जिससे लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए. इनमें से एक गंभीर रूप से घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है. झड़प के दौरान योगेंद्र साव के समर्थकों ने हाइवा वाहन मालिकों के तीन फोर व्हीलर और एक हाइवा वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार एवं पगार टोपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया. 13 अगस्त की सुबह से आक्रोशित हाइवा वाहन मालिकों ने विरोध स्वरूप हजारीबाग-टंडवा मुख्य मार्ग (राज्य पथ संख्या-7) को जाम कर दिया. इस सड़क जाम के कारण दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया. प्रदर्शनकारी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, उनके पुत्र जोगिंदर साव, बाउंसरों और अन्य समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. इसके लिए वाहन मालिकों ने केरेडारी थाना में लिखित आवेदन भी सौंपा है.

### जयनगर में बिजली चोरी करते नौ लोग पकड़ाए

**जयनगर (कोडरमा)।** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय जयनगर में सहायक विद्युत अभियंता गजेन्द्र टोप्पो के नेतृत्व में अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया.इस दौरान 9 उपभोक्ताओं को मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया. विभाग के अधिकारी ने बताया कि कलीम खान, मो. सलाउद्दीन, इनाम खान, मोहम्मद इस्लाम खान,रियाज खान, किशुन पंडित, महादेव पंडित, ज़लील मियां सभी पर 13,152 की दर से कुल 1,18,368 रुपये की वसूली निर्धारित की गई है. साथ ही इनलोगों के विरुद्ध थाना में कांड संख्या 184/25 दर्ज किया गया है. मौके सौरभ कुमार, पवन कुमार आदि शामिल थे.

## ब्रीफ न्यूज

### दंपति को टांगी से मारकर किया घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी गूंगा टोली गांव में एक व्यक्ति ने वृद्ध दंपति 60 वर्षीय अवध मुंडा और उसकी पत्नी एतवारी मुंडा को टांगी से काटकर घायल कर दिया. घटना मंगलवार की देर रात 11 बजे की बतायी जा रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही चमरू उरांव शराब के नशे में धुत होकर अवध मुंडा के घर पहुंचा और दरवाजा को लात मार कर तोड़ दिया. घर के अंदर सोए पति-पत्नी को टांगी से काट दिया. अवध मुंडा के चेहरे में गंभीर चोट लगी जबकि उसकी पत्नी को टांगी के बेंत से मारने लगा. पत्नी किसी तरह घर से भाग कर अपनी जान बचाई और ग्रामीणों को घटना की सूचना दी.

### इटकी में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

**इटकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली की अध्यक्षता में ₹संगठन सृजन 2025₹ अभियान के तहत एक अहम बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में सभी ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों के विस्तार पर चर्चा की गई. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री आदरणीय बंधु तिर्की उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता को मिला वोट का अधिकार सबसे बड़ा और कीमती अधिकार है, जिसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है. उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं. उन्होंने साफ़ कहा कि यदि वोट देने का अधिकार छीन लिया गया.

### रड़गांव में जंगली हाथियों का अचानक आगमन

**तमाड़।** बुधवार की सुबह रड़गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तीन जंगली हाथियों का झुंड गांव में आ पहुंचा. ग्रामीणों के अनुसार, ये हाथी अचानक जंगल से निकलकर आबादी की ओर आ गए. सौभाग्यवश, हाथियों ने किसी व्यक्ति या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया. घटना के बाद गांव में कौतूहल का माहौल देखने को मिला. कई ग्रामीण हाथियों को नजदीक से देखने पहुंचे और उनके व्यवहार को समझने की कोशिश करने लगे. यह नजारा गांव के लोगों के लिए रोमांचक अनुभव बन गया. हालांकि, अभी तक इस घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन या वन विभाग को नहीं दी गई है. विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में तुरंत अधिकारियों को सूचित करना आवश्यक होता है ताकि हाथियों और ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

### पुलिस पर महिला ने लगाया परेशान करने का आरोप

**कोडरमा।** जयनगर थाना पुलिस पर एक महिला ने बिना किसी नए मामले के खुद और अपने परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया है. कोडरमा पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में दशारो खुर्द निवासी चमेली देवी ने कहा है कि उनके बेटे की शादी 18 अप्रैल को होनी थी, लेकिन शादी से पहले ही जयनगर थाना में अरुण कुमार चौधरी की शिकायत पर थाना कांड संख्या 95/25 दर्ज कर उनके बेटे को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया गया. चमेली देवी का आरोप है कि उनके बेटे को एक वीडियो और धमकी भरे संदेश मोबाइल पर भेजे गए थे, जिसके बाद विवाद खड़ा हुआ. मामले में न्यायालय से जमानत मिलने के बाद भी जयनगर पुलिस के एसआई विकास कुमार द्वारा बार-बार घर आकर थाने बुलाने की बात कही जा रही है.

## बख्तर साय मुंडल सिंह की साहस व वीरता की कहानी को जीवंत करता है नारोटोली का तालाब

# तालाब के नाम रक्तबांध को लेकर है कहानी

**निर्मल सिंह। गुमला**



स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम सेनानी बख्तर साय मुंडल सिंह के अदम्य साहस व वीरता की कहानी को अब भी जीवंत करता है नारोटोली का रक्तबांध तालाब. रक्तबांध तालाब रायडीह प्रखंड के नवागढ़ स्थित नारोटोली में है. तालाब का नाम रक्त बांध पड़ने के पीछे लोगों का मानना है कि यह तालाब अंग्रेजों की खून से बना है. यही कारण है कि तालाब को अब भी रक्तबांध के नाम से जाना जाता है.

वर्ष 1812 की बात , जब वासुदेव कोना के जमींदार बख्तर साय ने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की. तब अंग्रेजों ने वासुदेव कोना पर चढ़ाई करने और बख्तर साय को गिरफ्तार करने की योजना बनायी. अंग्रेजों का हुकूमत पहाड़ पानारी परगना के जमींदार मुंडल सिंह को भी पसंद नहीं था. वासुदेव कोना के जमींदार बख्तर साय और पहाड़ पनारी के जमींदार मुंडल सिंह एक साथ हो गए और अपने सेना के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का बिगूल फूंक दिया. अंग्रेजों से युद्ध करना और जीत हासिल करना गांव के सामान्य सिपाही के वश में नहीं था लेकिन बख्तर साय और मुंडल सिंह की अदभ्य साहस और चतुराई ने अंग्रेजाी सेना को पीछे हटने के लिए विवश कर दिया. उनकी अदम्य साहस और चतुराई के संदर्भ में बख्तर साय के पांचवीं पीढ़ी के राम विलास सिंह वृद्धों से सुनी कहानी अपने नए पीढ़ी को सुनाते हैं और कहते हैं कि जब अंग्रेजी सेना बख्तर साय के गिरफ्तार करने के लिए खोज करने लगी तब वे अपने साथी मुंडल सिंह और अपनी सेना के साथ नवागढ़ पहाड़ पर चढ़ गए. ढालूनुमा पहाड़ पर सिहैर लरंग के लतर से बड़े-बडे. पत्थर के टुकड़े को बांध देते थे. पहाड़ में पाया जानेवाला सिहैर लरंग लतर काफी मजबूत होता है.

उस समय गांव के लोग रस्सी के विकल्प में इसी लतर का उपयोग करते थे. लतर में पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े बांध कर जंग की तैयारी की और पहाड़ पर छुप गए. अंग्रेजों को जानकारी दी गई कि बख्तर साय सेना के साथ पहाड़ में छुपे हैं तब अंग्रेजी सेना पहाड़ पर चढ़ने लगे. बख्तर साय और मुंडल सिंह ने अंग्रेजी सेना को निशाना बनाकर पत्थर बांधे गए लतर को काटने लगे. लुढ़कते पत्थरों के टीला से अंग्रेजी सेना दबते गए. इस जंग में अंग्रेजी सेना का काफी नुकसान हुआ. नुकसान का आलम यह हुआ कि अंग्रेजी सैनिकों के खून से पहाड़ के नीचे तालाब बन गया और तालाब का नाम रक्त बांध पड़ गया.

## गुमला की आठ पंचायतों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है

# साढ़े सात सौ किसान चयनित

**निर्मल सिंह। गुमला**



गुमला जिले के चार प्रखंडों के आठ पंचायतों को जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए चयनित किया गया है. इस योजना के तहत लगभग 750 किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. जिला उद्यान विभाग की अगुवाई में यह पहल भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की एक महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग से प्रभावित मिट्टी की उर्वरता और किसानों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करना है. जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना प्रवीण ने जानकारी दी कि गुमला के किसानों के लिए जैविक खेती कोई नई बात नहीं है. यह उनकी पुरानी कृषि परंपरा का हिस्सा रही है. पिछले कुछ वर्षों में किसानों ने अधिक उत्पादन की चाह में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग बढ़ा दिया, जिससे खेतों की मिट्टी की उर्वरता में गिरावट आई है और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है. अब पुनः जैविक खेती की ओर लौटने का समय आ गया है.

जिन आठ पंचायतों को जैविक खेती के लिए चयनित किया गया है, उनमें कामडारा प्रखंड के रेड़वा और सरिता, गुमला प्रखंड के कुलाबिरा, कलिगा, और मुरकुंडा, रायडीह प्रखंड का ऊपर खटंगा, और घाघरा प्रखंड के बेलागड़ा व चुंदरी पंचायत शामिल हैं. इन पंचायतों में जैविक खेती को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रत्येक पंचायत से दो-दो कृषक परिवारों के सदस्यों को सीआरपी (कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन) के रूप में चयनित किया गया है. इन्हें 'कृषि सखी' के नाम से भी जाना जाता है.

कृषि सखी को जिला विज्ञान केंद्र से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ताकि वे अन्य किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीकों के बारे में मार्गदर्शन कर सकें और उन्हें हर संभव तकनीकी सहायता दे सकें.

इस जैविक कृषि पहल में प्रदान और जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) की भी सक्रिय भागीदारी है. ये संस्थाएं किसानों को जैविक खाद, बीज, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग दे रही हैं.

### जैविक खेती पर्यावरण के लिए है लाभकारीः परवीन



तमन्ना परवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और इसका सशक्तिकरण जैविक खेती से ही संभव है. उनका मानना है कि रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों को देखते हुए अब देशभर में पारंपरिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता है. अब गुमला के किसानों में भी यह समझ विकसित हो रही है कि जैविक खेती न सिर्फ पर्यावरण और मिट्टी के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है. यही कारण है कि सैकड़ों किसान अब स्वयं जैविक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं और रसायनिक उर्वरकों का त्याग कर रहे हैं. यह पहल गुमला जिला के लिए कृषि के क्षेत्र में एक नई क्रांति का संकेत है, जिससे आने वाले वर्षों में न सिर्फ उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि किसानों की आय और स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहेंगे.

### वाहन चेकिंग अभियान में 37 चालकों पर लगा जुर्माना



**लोहरदगा।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान में 37 वाहन चालकों पर कुल एक लाख बीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. यह अभियान उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में शहर और आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया. अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था. अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीनियर व एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज सी. शंकर मारडी और सी. सुधीर सिंह अपनी टीमों के साथ सक्रिय रूप से शामिल रहे. चेकिंग के दौरान प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग और नशे में गाड़ी चलाने की जांच की गई. नियमों का उल्लंघन करने वालों से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया. डीटीओ जया शंखी मुर्मू ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है और नियमों का पालन कर ही हम सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं. उन्होंने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, गति सीमा का पालन करें.

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मंत्री चमरा लिंडा करेंगे झंडोत्तोलन

**शुभम संदेश। गुमला**



जिला मुख्यालय और ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस समारोह की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई. ध्वज स्थल व ध्वज दंड का रंग रोगन के साथ ही मुख्य समारोह स्थल परमवीर अल्बर्ट एक्का में साफ सफाई और सजावट का काम अंतिम चरण में है. गुमला जिला में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होगा जिसमें पूर्वाह्न नौ बजे राज्य के अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा झंडोत्तोलन करेंगे. स्टेडियम में पुलिस जवान, एनसीसी कैडेट व स्कूली बच्चों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया गया. अधिकारियों की उपस्थिति में परेड एवं झंडोत्तोलन का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया. इसके अलावे सभी सरकारी दफ्तरों और शैक्षिक संस्थानों में झंडोत्तोलन की तैयारी की जा रही है. स्कूलों में राष्ट्रीय गान का भी पूर्वाभ्यास किया जा रहा है.

## डीसी ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण

**शुभम संदेश। लोहरदगा**



स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम मैदान में किया गया. इस अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया. परेड में जिला आरक्षी बल, महिला पुलिस बटालियन, एनसीसी की तीनों विंग, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां और एमबी डीएवी के छात्र शामिल हुए. परेड के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा ड्रिल और कराटे का प्रदर्शन किया गया. स्वतंत्रता दिवस -2025 के दिन सुबह 7.45 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा. इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 8 बजे से 8-45 बजे तक किया जाएगा. समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उपायुक्त लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण सुबह 10.30 बजे किया जाएगा. पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.40 बजे और पुलिस लाईन में सुबह 11.20 बजे किया जाएगा. उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.55 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा. अनुमण्डल कार्यालय लोहरदगा में सुबह 11.00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा. वहीं बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ध्वजारोहण सुबह 9.05 बजे किया जाएगा. इससे पूर्व मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.50 में होगा. मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात चयनित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ड्रिल डिस्प्ले किया गया.

## पिपरवार — सीआईएसएफ और होमगार्ड के जवान देंगे गार्ड ऑफ ऑनर

# कोयलांचल क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर



**शुभम संदेश। पिपरवार**

सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सीसीएल कार्यालय के अलावा थाना,पंचायत भवन, यूनियन कार्यालय सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन को लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है.जानकारी के अनुसार पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में सुबह 9:00 बजे,पिपरवार थाना परिसर में सुबह 9:30 बजे,राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के कार्यालय में 10:00 बजे, जनता मजदूर संघ के कार्यालय में 10:30 बजे, बचरा चार नंबर खेल मैदान में 11:00 बजे झंडोतोलन किया जाएगा. बचरा चार नंबर खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. सीआईएसएफ और होमगार्ड के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर को लेकर अभ्यास किया जा रहा है.वहीं स्थानीय सीसीएल अधिकारियों की देखरेख में इसकी तैयारी चल रही है.

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता

बुंडू। नगर विकास एवं आवास विभाग, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निर्देशानुसार नगर पंचायत बुंडू में 2 से 15 अगस्त तक ₹हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता₹ अभियान के तहत विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस अभियान की शुरुआत 7 अगस्त को एसएचजी महिला सदस्यों और नगर पंचायत कर्मियों के लिए कार्यशाला से हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर चर्चा हुई. 12 अगस्त को तिरंगा थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों व महिला समूहों ने देशभक्ति व स्वच्छता पर आधारित रंगोलियां बनाईं. महिला समितियों द्वारा आयोजित तिरंगा मेला में हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी व बिक्री हुई, जो महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनी. 13 अगस्त को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं 14 अगस्त को आरआरआर केंद्र संचालन और कचरा प्रबंधन जागरूकता अभियान प्रस्तावित है. नगर पंचायत प्रशासक ने सभी की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्वच्छता, देशभक्ति और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं.

### पूर्व मंत्री सुरेश पासवान का किया गया स्वागत

**पिपरवार।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा पिपरवार पहुंचे पूर्व मंत्री सुरेश पासवान का जोरदार तरीके से स्वागत किया. जानकारी के अनुसार सुरेश पासवान रामगढ़ के नेमरा गांव में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान पिपरवार में उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. साथ ही स्थानीय कई बातों पर विचार विमर्श किया. रात्रि विश्राम के बाद पूर्व मंत्री बुधवार की सुबह वापस लौट गए. इस मौके पर कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार कुंवर, क्षेत्रीय सचिव भीम सिंह यादव, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामू गोप, गांधीराम साहू, रूपलाल महतो, सुरेश कुमार, जोधन प्रसाद, रविंद्र कुमार सिंह, अकलू यादव, सुरेश चौधरी, नंदू कुमार सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे.

## एक नजर

### पुतला दहन में शामिल हुई महिला कांग्रेस कार्यकर्ता



**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन सिंह के नेतृत्व मे वोट चोरी के खिलाफ रांची के अलबर्ट एक्का चौक में चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया गया.इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से महिला कांग्रेस की कई कार्यकर्ता शामिल हुई.इस मौके पर महिला कांग्रेस ने जागो सुन लो गौर से-सावधान वोट के चोर से,चर्चा चारो ओर है-सरकार वोट चोर है, जो करेगा वोट चोरी का खेल- तो लगेगी हथकड़ी, जाएगा जेल, धिक्कार है, धिक्कार है-वोट चोर सरकार है आदि नारे लगा रहे थे.इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करते हुए वोटर चोरी का काम कर रहे हैं.कांग्रेस ने चुनाव आयोग और भाजपा के बीच खुलेआम मिलीभगत को उजागर किया.भाजपा ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को कमजोर कर रही है. पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिंकी सिंह, अनिता चौधरी, पार्वती सिंह, निलम सहाय, अनिता देवी, सीता राणा,मीनू सिंह, संगीता टोप्पो सहित महिला कांग्रेस कमेटी की कई सदस्य मौजूद थी.

### रजिस्टर्ड बच्चों की लंबाई की नियमित माप जरूरीः डीसी

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों और महिला पर्यवेक्षिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों को चिह्नित करें और सुधारात्मक कदम उठाएं. उपायुक्त ने कहा कि जिन केंद्रों में इंडीकेटर्स की स्थिति खराब है, उनकी सूची बनाकर नियमित मॉनिटरिंग की जाए. आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें और पंजी संधारित हो. रजिस्टर्ड बच्चों की लंबाई और वजन की नियमित माप जरूरी है. सेविका व सहायिका को कार्यों के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए गए, वहीं रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करने को कहा गया. बैठक में केंद्रों में विद्युत, पेयजल, भवन मरम्मति व निर्माण, नेटवर्क कनेक्टिविटी, पोषण ट्रैकर ऐप, पोषाहार वितरण, वीएचएसएनडी, एमटीसी केंद्रों में बच्चों की भर्ती व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई.

### क्लोन चेक पर फर्जी हस्ताक्षर से 3,90,600 रुपए की अवैध निकासी, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला।** फर्जी क्लोन चेक पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गुमला के जाली हस्ताक्षर से पंजाब नेशनल बैंक गुमला ब्रांच में नगर परिषद के खाता से 3,90,600 रुपये का अवैध निकासी हुई है. बैंक खाता से अवैध निकासी की जानकारी मिलने के बाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सारजेन मंराडी ने गुमला थाना में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज करने और मामले का अनुसंधान कर राशि रिकवरी करने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. गुमला थाना को दिए आवेदन में कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा है कि नगर परिषद का बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक में है. बैंक से नगर परिषद को चेक भी निर्गत है. नगर परिषद कार्यालय से पंजाब नेशनल बैंक का चेक अभी नहीं काटा गया है. जबकि चार चेक के माध्यम से 98,700 रुपये, 95,300 रुपये, 96,900 रुपये और 99,700 रुपये की निकासी का मामला में आया. जांच के दौरान चेक क्लोन और हस्ताक्षर फर्जी पाया गया. कार्यपालक पदाधिकारी ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने का अनुरोध किया है.

### कांग्रेस नेता मुख्तार आलम की पहल पर चलाया गया टीवी मुक्त भारत अभियान

**गुमला।** कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मुख्तार आलम के नेतृत्व में मंगलवार को टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत इस्लामिया फैजेआम मदरसा एवं अबुहुरैरा मदरसा सिसई रोड गुमला में यक्ष्मा जागरूकता सह स्क्रीनिंग कार्यक्रम रखा गया. मुख्तार आलम ने कहा कि गुमला के उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित 15 जुलाई 2025 को टीवी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया हैं. पूरे झारखंड राज्य में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, प्रखंड व पंचायत में सहिया के द्वारा घर-घर जाकर इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दे सर्वेक्षण के माध्यम से संभावित टीबी रोगी खोज की जा रही है. सरकार का मुख्य उद्देश्य यह है कि 2030 तक टीवी मुक्त भारत बनाया जाए. इस कार्यक्रम में मदरसा के सभी बच्चे शामिल हुए, शांतिपूर्वक सभी जानकारी बच्चों ने सुना और समझा, और उन्हें स्वास्थ्य की अन्य जानकारी भी दी गई. कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी गुमला डॉक्टर के के मिश्रा के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चल रहा है.टीवी विभाग के पदाधिकारी हरिशंकर मिश्रा,सुधांशु मिश्रा, मदरसे के संचालक मौलाना रशेदुल कादरी, मोहम्मद अनवारउल हक, मो, कारी सुहैब, लुसी बेक एवं अंजना साहू उपस्थित थे.

### जन जन तक पहुंचेगा हर घर तिरंगा अभियानः भारती

**लोहरदगा।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई. जिसे हरी झंडी दिखा कर सचिव इन्द्रजीत भारती द्वारा रवाना किया गया. उन्होंने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि आजादी के अमृत काल के महोत्सव को मना रहे हैं. इस दिन के लिए कितनी शहादत और यातनाएं देश वसियो ने सही थीं. ऐसे सभी आजादी के पुरोधाओं को नमन है. तिरंगा यात्रा टिको गांव के पोखरा टोली और आस पड़ोस के क्षेत्रों तक निकाली गई. प्रशिक्षुओं ने पूरे जोश से तिरंगा लेकर भारत माता की जयकार करते हुए इस यात्रा में भाग लिया और ग्रामीणों आशा, पुष्पा, फूलमंती, शान्ति, प्रेम, सतीश आदि को भी जागरुक किया कि वे अपने घरों पर तिरंगा लगाएं और इस अभियान को जन अभियान बनाकर सफल बनायें. इस यात्रा में आकर्षक का केन्द्र भारत माता के वेशभूषा रोशनी लकड़ा, किरण और बेला रानी लक्ष्मीबाई के रूप में थी. जिन्हें देख कर ग्रामीणों में अलग ही उत्साह दिखा.

### डोमचांच : इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच शहीद चौक की स्थित एक निजी क्लीनिक में बीमार बच्चे के इलाज के क्रम में कंपाउंड द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद मौत हो गई. इसके बाद परिजनों ने हो हंगामा करने लगे बाद में पुलिस ने आकर शव को कब्जे में ले लिया तथा क्लिनिक को बंद कर दिया. मृतक बच्चे की पहचान इंदरवाबस्ती निवासी सत्यम कुमार उम्र करीब 8 वर्ष पिता गणेश यादव के रूप में की गई है. मामले को लेकर अभी तक थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है.

### स्वतंत्रता दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**चतरा।** 15 अगस्त से शुरू होनेवाले फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी जोरों पर है. बुधवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवेश यादव के नेतृत्व में फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया गया. समिति के सदस्यों ने मैदान का जायजा लिया. अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जायेगा. टूर्नामेंट के उदघाटन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी के अलावा पंचायत के कई लोग शामिल होंगे. मौके पर खेल समिति सचिव समरेश सिंह ने बताया कि सदर प्रखंड के आरा पंचायत अंतर्गत संघरा खेल मैदान प्रांगण में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.

### फुटबॉल मैच के माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन का संदेश

**हजारीबाग।** कर्जन स्टेडियम में फाइलेरिया जैसी दीर्घकालिक व दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खाकर की. उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ स्वास्थ्य की दिशा में पहल नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता सुधारने का संकल्प है. इस आयोजन में करीब 1100 दर्शकों ने भाग लिया और ₹फाइलेरिया पर करें गोल, जीवन बने अनमोल₹ संदेश के साथ फुटबॉल मैच का आनंद लिया.

**मंथन**

# झारखंड में नशा, रफ्तार और कानून की सख्ती

राजधानी रांची के हरमू में हुई भीषण सड़क दुर्घटना ने सबको झकझोर दिया है. तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चला रहे चालक ने तीन निर्दोषों की जान ले ली. यह केवल एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि हमारी लापरवाह मानसिकता और कमजोर सड़क अनुशासन का कड़वा परिणाम है. परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ का यह निर्णय कि ऐसे मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी का आरसी स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा, स्वागत योग्य है. सड़क पर जानबूझकर खतरा पैदा करने वालों को अब चेतावनी नहीं, बल्कि कठोर दंड की जरूरत है. दुर्घटनाओं के पीछे दो सबसे बड़े कारण हैं - नशा और रफ्तार. निर्दोष लोग इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाते हैं. ऐसे में सरकार का सख्त रुख न केवल कानून का भय पैदा करेगा, बल्कि नागरिकों में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिक जागरूकता भी बढ़ाएगा. लेकिन केवल सरकारी कार्रवाई काफी नहीं. सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है. अगर हम किसी को नशे में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाते देखें, तो उसे नजरअंदाज करने के बजाय प्रशासन को सूचित करना चाहिए. यह कदम न केवल कानून को मजबूत करेगा, बल्कि कई जीवन बचा सकता है. हर सड़क हादसा एक परिवार की दुनिया उजाड़ देता है. हमें याद रखना होगा कि गाड़ी की स्टीयरिंग पर बैठते समय हमारी लापरवाही किसी और की जिंदगी छीन सकती है. सरकार की सख्ती और समाज की सतर्कता, दोनों मिलकर ही झारखंड को सुरक्षित सड़कों की ओर ले जा सकते हैं. नशा और रफ्तार पर अंकुश लगाना अब केवल कानून का काम नहीं, बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है.

**नजरिया**

# हजारीबाग में जनसुनवाई के दौरान भड़का जनाक्रोश

हजारीबाग के बड़कागांव में एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक की जनसुनवाई हिंसा-तोड़फोड़ में बदल जाना, विकास परियोजनाओं और स्थानीय जनता के बीच गहराते अविश्वास का संकेत है. महुंगाईकला पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य रैयतों की आपत्तियां सुनना था, लेकिन मुआवजा, पुनर्वास व रोजगार के मुद्दों पर लंबे समय से अनदेखी ने स्थिति को विस्फोटक बना दिया. जनसुनवाई का स्थान बदलना, प्रशासन और कंपनी की ओर से आश्वासन का अभाव, तथा संवाद की कमी ने ग्रामीणों के धैर्य को समाप्त कर दिया. नतीजा, गुस्सा हिंसा में बदल गया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी व जवान घायल हुए तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा. भूमि अधिग्रहण जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में केवल कानूनी औपचारिकताएं पूरी करना पर्याप्त नहीं होता. प्रभावित परिवारों के लिए समयबद्ध मुआवजा, सुरक्षित पुनर्वास और रोजगार की गारंटी जरूरी है. जब इन मुद्दों पर ठोस कार्य नहीं होता, तो परियोजनाएं जनता के लिए संघर्ष और टकराव का कारण बन जाती हैं. अब समय है कि प्रशासन और कंपनियां मिलकर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करें. हिंसा समस्या का समाधान नहीं, लेकिन इसे रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ जनता की नहीं, बल्कि उनकी है जो विकास के नाम पर उनकी जमीन और संसाधन ले रहे हैं. और यह तभी संभव है जब जनसुनवाई सच में सुनवाई बन सके, न कि केवल औपचारिकता और माना खानापूर्ति.

# असली सवालों से सबको है गहरी एलर्जी?

संयम श्रीवास्तव



कर्नाटक के मंत्री की बर्खास्तगी ने राहुल गांधी के वोट चोरी मुद्दे की हवा ही निकाल दी.

**कर्नाटक के मंत्री राजन्ना की बर्खास्तगी ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं. क्योंकि राजन्ना अपनी पार्टी की राज्य इकाई पर सवाल उठा रहे थे कि वोटर सूची जब बनी थी, तभी इन विसंगतियों पर सवाल क्यों नहीं उठाए?**

चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाकर इंडिया एलायंस के दलों ने केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के मंत्री की बर्खास्तगी से बहुत धक्का लगा है. दरअसल कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों के लिए एक तरह से खुद की सरकार और पार्टी को ही जिम्मेदार ठहरा दिया.राजन्ना ने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदाता सूची में अनियमितताएं कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थीं. उन्होंने कहा कि ये गड़बड़ियां हमारी आंखों के सामने हुईं, और कांग्रेस ने उस समय इसकी ठीक से निगरानी नहीं की.उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में एक ही व्यक्ति का नाम तीन अलग-अलग जगहों पर दर्ज था, जिससे वह कई बार वोट डाल सकता था. इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में कम आबादी के बावजूद संदिग्ध मतदाताओं के नाम जोड़े गए थे. जाहिर के राजन्ना के इस बयान ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी अभियान की हवा निकाल दी है.

दरअसल कांग्रेस और पूरा विपक्ष एक सुर में यह नरेटिव तैयार कर रहा था कि मतदाता सूची में धांधली के लिए बीजेपी और चुनाव आयोग जिम्मेदार हैं. पर राजन्ना के बयान ने कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी ही पार्टी की सरकार को इन अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया. राजन्ना ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को उस समय आपत्ति दर्ज करानी चाहिए थी, लेकिन वह चुप रही, और अब इस मुद्दे को उठाना ठीक नहीं है.जाहिर है कि राजन्ना के इस बयान से कांग्रेस हाईकमान की नाराजगी स्वाभाविक थी. इस बयान को अनुशासन भंग करने वाला मानते हुए पार्टी ने तुरंत राजन्ना को कर्नाटक मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया. कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि सिद्धारमैया ने पहले राजन्ना का इस्तीफा 10 दिन बाद स्वीकार करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन राहुल गांधी ने साफ कहा कि इस्तीफा नहीं, उन्हें बर्खास्त करो. कर्नाटक के सहकारिता मंत्री राजन्ना की बर्खास्तगी ने कांग्रेस के वोट चोरी के नैरेटिव को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है. राजन्ना ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची में अनियमितताओं के लिए अपनी ही पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें उन्होंने कहा कि एक ही व्यक्ति का नाम कई जगह दर्ज था और कम आबादी वाले क्षेत्रों में संदिग्ध मतदाता जोड़े गए.

दरअसल यही बात राजनीतिक विश्लेषक, चुनाव विशेषज्ञ और बीजेपी के नेता भी कह रहे हैं. पहली बात यह कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर महादेवपुरा में जो वोट बढ़ाने का जो आरोप लगाया है ,उसकी क्या गारंटी है कि वह सब बीजेपी के ही वोट थे? जाहिर है कि राजन्ना के बयान से यह सवाल उठाने वालों को जरूर बल मिल गया है. यही कारण है कि राजन्ना के बयान के बाद उनसे आनन फानन में इस्तीफा लिया गया ताकि राहुल गांधी के उस अभियान की हवा न निकल जाए. राहुल बीजेपी और चुनाव आयोग पर 40 लाख फर्जी वोट जोड़ने का आरोप लगा रहे हैं. पर कर्नाटक सरकार का ही एक मंत्री कह रहा है कि जब यह सब हो रहा था कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर आंखें मूंद ली थी. राजन्ना के बयान ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, क्योंकि यह उनकी अपनी सरकार की विफलता को उजागर करता है.

बीजेपी ने इस अवसर का फायदा उठाते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला शोभा करंदलाजे ने राजन्ना की बर्खास्तगी को सच बोलने की सजा बताया. जबकि बीवाई विजयेंद्र ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को जिम्मेदार ठहराया. अमित मालवीय ने राजन्ना के बयान को राहुल गांधी के आरोपों का खंडन करार दिया. राजन्ना की बर्खास्तगी ने कांग्रेस के आंतरिक मतभेदों को भी उजागर किया हाईकमान के दबाव में सिद्धारमैया को राजन्ना को हटाना पड़ा, जिससे सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव एक बार फिर सामने आया है. जाहिर है कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर पार्टी नेताओं के बीच मतभेद से पार्टी की जनता में विश्वसनीयता कम हुई है.

राहुल गांधी का वोट चोरी अभियान, जो बीजेपी के खिलाफ जनता में आक्रोश पैदा करने का प्रयास था वो निष्प्रभावी हो चुका है. राजन्ना के बयान ने यह आम धारणा बनी है कि कांग्रेस अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बीजेपी और चुनाव आयोग पर दोष मढ़ रही है. आगे चलकर यह घटना कर्नाटक में कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर सकती है, जहां 2024 में उसे केवल 9 सीटें मिली थीं. राजन्ना ने जो कहा, वही बिहार में हो रहा हैराजन्ना ने महादेवपुरा में जो वोट चोरी हुई उसके बारे जो कहा वह काफी कुछ बिहार में भी हो रहा है. पर राजनीतिक दल आखें मूंदे हुए हैं. जिस तरह कर्नाटक में मतदाता सूची बनते समय गोलमाल हुआ उसे राजन्ना के शब्दों में ऐसे कहा जाएगा कि आंखों के सामने हुआ उसी तरह बिहार में हो रहा है. बिहार में मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद राजनीतिक दलों का आपत्ति को लेकर चुप्पी कुछ उसी तरह की है. दल तत्काल आपत्ति दर्ज करने के बजाय बाद में विवाद खड़ा करने की रणनीति अपनाते दिख रहे हैं, जिससे उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं.

बिहार के मामले में राजनीतिक दलों के पास यही मौका था कि अगर कहीं अधिक वोटरों का नाम दर्ज हो गया हो, या कहीं बड़े पैमाने पर लोगों का नाम लिस्ट से हटा दिया गया हो उसके लिए चुनाव आयोग के पास आपत्ति दर्ज कराते. आपत्ति दर्ज कराने का समय 1 सितंबर तक ही है. पर अभी तक राजनीतिक दलों ने चुप्पी साध रखी है. **(साभार आज तक न्यूज चैनल)**

**आज का इतिहास**

1862 : बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना.
1924 : प्रसिद्ध पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म.
1938 : बीबीसी की फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलीविजन पर प्रसारित.
1947 : भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना.
1968 : मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित.
1975 : पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया.
2003 : अमेरिका और कनाडा में बिजली ठप, जिसका असर न्यूयॉर्क और ओटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा.
2006 : संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा.
2013 : मिस्र में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 638 लोग मारे गये.

# परिस्थिति से खुश नहीं हैं, तो प्रयास करके बदल दीजिए


**चिंतन**

फ्रेडी मेंढक तालाब के पास से गुजर रहा था,तभी उसे किसी की दर्द भरी आवाज़ सुनाई दी.उसने देखा फ्रैंक नाम का एक मेंढक उदास बैठा हुआ था. क्या हुआ, तुम उदास क्यों हो? फ्रेडी ने पुछा. देखते नहीं ये तालाब कितना गंदा है. यहां ज़िंदगी कितनी कठिन है, फ्रैंक ने कहा.पहले यहां इतने सारे कीड़े-मकोड़े थे पर अब मुश्किल से ही कुछ खाने को मिलता है अब तो भूखों मरने की नौबत आ गयी है. फ्रेडी बोला, मैं करीब के ही तालाब में रहता हूं, वो साफ़ है और वहां बहुत सारे कीड़े-मकोड़े भी हैं, आओ तुम भी वहीं चलो. काश यहीं पर खूब सारे कीड़े होते तो मुझे हिलना नहीं पड़ता. फ्रैंक मायूस होते हुए बोला.

फ्रेडी ने समझाया, लेकिन अगर तुम वहां चलते हो तो तुम पेट भर के कीड़े खा सकते हो. काश मेरी जीभ इतनी लंबी होती कि मैं यहीं बैठे-बैठे दूर-दूर तक के कीड़े पकड़ पाता और मुझे यहां से हिलना नहीं पड़ता. फ्रैंक हताश होते हुए बोला. फ्रेडी ने फिर से समझाया, ये तो तुम भी जानते हो कि तुम्हारी जीभ इतनी लंबी नहीं हो सकती. इसलिए चलो उठो और मेरे साथ चलो . अभी वे बात कर ही रहे थे कि एक बगुला तालाब के किनारे आकर बैठ गया. वाह, अभी मुसीबत कम थी कि बगुला आ गया.अब मेरी मौत निश्चित है, फ्रैंक रोते हुए बोला. घबराओ मत मेरे साथ चलो, वहां कोई बगुला नहीं आता, फ्रेडी कूदते हुए बोला. फ्रैंक उसे जाते हुए देख ही रहा था कि बगुले ने उसे चोंच में दबा लिया मरते हुए फ्रैंक मन ही मन सोच रहा था कि बाकी मेंढक कितने लकी हैं.

दोस्तों, बहुत से लोग फ्रैंक की तरह हैं, वे मौजूदा परिस्थिति से खुश नहीं होते, पर वे उसे बदलने के लिए हिलना नहीं चाहते. वे अपनी नौकरी, अपने व्यापार, अपने माहौल,हर चीज के बारे में शिकायत करते हैं, कमियां निकालते हैं पर उसे बदलने का प्रयास नहीं करते. और हैरानी की बात है कि वे खुद भी जानते हैं कि उनकी लाइफ कैसे बदल सकती है ; पर वे कोई प्रयास नहीं करते और एक दिन बस ऐसे ही, दुनिया से चले जाते हैं. क्या आप अपनी लाइफ से खुश नहीं हैं. तो उठिए, आप तालाब गंदा है तो साफ़ कीजिए, नहीं तो साफ़ तालाब में चले जाइए...

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #WorldOrganDonationDay
2. Save Imran Khan
3. अहिल्याबाई होल्कर
4. #AhilyabaiHolkar
5. #SureshRaina
6. #straydogsmenace
7. #VyasanMuktBharat
8. Nation Building
9. Yuva Seva Sangh
10.Dera Sacha Sauda

**बहुरंग**



## सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' का ट्रेलर रिलीज

फिल्म 'परम सुंदरी' के ऐलान के बाद से ही फैन्स का जोश चरम पर है और दर्शक इसके रिलीज का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. यह प्रोजेक्ट खास इसलिए है क्योंकि इसमें पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी बड़े पर्दे पर रोमांस करती नज़र आएगी. अब इंतज़ार खत्म करते हुए मेकर्स ने इस रोमांटिक कॉमेडी का ट्रेलर रिलीज कर दिया है.

'परम सुंदरी' में सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली के एक रईस और बड़े कारोबारी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर 'परम सुंदरी' नाम की एक ऐसी लड़की बनी हैं, जो केरल से है और पेशे से कलाकार है. ट्रेलर में झलक मिलती है कि कैसे दो बिल्कुल अलग सोच और मिज़ाज वाले लोग एक-दूसरे की मोहब्बत में डूब जाते हैं. कहानी का केंद्रबिंदु इन्हीं दोनों की अनोखी प्रेम कहानी है.

सिद्धार्थ और जाह्नवी की जोड़ी को दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है, और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दिलों पर छा गई है. 'परम सुंदरी' का निर्माण दिनेश विजान ने किया है, जो 'स्त्री 2' और 'छावा' जैसी सफल फिल्मों से पहले ही दर्शकों का दिल जीत चुके हैं. तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले तैयार हुई है और अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## काजोल-ट्विंकल के शो में सलमान-आमिर की एंट्री







काजोल और ट्विंकल खन्ना का टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' लंबे समय से सुर्खियों में है और दर्शक इसके लॉन्च का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. यह शो अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा, हालांकि इसकी रिलीज़ डेट अभी घोषित नहीं की गई है. बनिजेय एशिया के बैनर तले बन रहे इस शो में अब चर्चा है कि आमिर खान और सलमान खान विशेष मेहमान के रूप में नजर आ सकते हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के पहले एपिसोड में आमिर खान और सलमान खान एक साथ मेहमान बनकर नजर आ सकते हैं. बताया जा रहा है कि दोनों ने मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी कर ली है, जिसके बाद फैन्स लंबे अरसे बाद उन्हें एक साथ स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हैं. वहीं खबर है कि शाहरुख खान और अक्षय कुमार ने भी इस शो में शामिल होने के लिए हामी भर दी है. काजोल और ट्विंकल का टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' फिल्म जगत की नामी हस्तियों को एक मंच पर लाने वाला है, जहां वे दोनों मेजबानों संग रोचक और बेबाक बातचीत करेंगे. शो में जहां ग्लैमर का तड़का देखने को मिलेगा. मेहमान अपनी निजी जिंदगी के अनसुने किस्से और करियर से जुड़े अनुभव भी शेयर करेंगे. गौरतलब है कि इस शो का पोस्टर पहले ही जारी किया जा चुका है.

## श्रीदेवी बनी थीं हिंदी सिनेमा की पहली लेडी सुपरस्टार



बॉलीवुड में अक्सर कहा जाता है कि हिंदी सिनेमा में नाम कमाने के लिए किसी गॉडफादर का सहारा जरूरी है. लेकिन कुछ सितारे अपनी मेहनत और टैलेंट से इस मिथक को तोड़ देते हैं. ऐसी ही एक सुपरस्टार थीं श्रीदेवी, जिन्होंने अपनी बेजोड़ अदाकारी, खूबसूरती और नृत्य कौशल से हिंदी सिनेमा में अमिट छाप छोड़ी .श्रीदेवी उन गिनी-चुनी एक्ट्रेसेस में से थीं, जिन्होंने अपने सिनेमाई सफर में ऊंचाइयां हासिल कीं. उनकी चमक इतनी थी कि सालों बाद भी उनका नाम और उनकी फिल्में दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं .13 अगस्त, 1963 को तमिलनाडु के शिवकाशी में जन्मीं श्रीदेवी का पूरा नाम श्रीदेवी अय्यपन था. उनका फिल्मी सफर महज चार साल की उम्र में शुरू हुआ था. उन्होंने चार साल की उम्र में 1967 में तमिल फिल्म 'कंधन करुणाई' से बाल कलाकार के तौर पर करियर की शुरुआत की. इसके बाद श्रीदेवी ने 1978 में फिल्म 'सोलहवां सावन' से बॉलीवुड में कदम रखा, लेकिन उनको साल 1983 में आई फिल्म 'हिम्मतवाला' से पहचान मिली. इस फिल्म की सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया. 'भारत की फर्स्ट लेडी सुपरस्टार' का खिताब अपने नाम किया. श्रीदेवी ने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं, जिनमें 'सदमा', 'नगीना', 'निगाहें', 'मिस्टर इंडिया', 'चालबाज', 'लम्हे', 'खुदा गवाह' और 'जुदाई' शामिल हैं.

## बंगाली सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री बसंती चटर्जी का कोलकाता में निधन



बंगाली सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री बसंती चटर्जी का कोलकाता में निधन हो गया. 88 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली. वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं और हाल के महीनों में उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था. उनकी विदाई न सिर्फ एक वरिष्ठ कलाकार का खोना है, बल्कि बंगाली फिल्म जगत के एक सुनहरे युग का अंत भी है. उनके निधन की खबर फैलते ही पूरी इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई. बसंती चटर्जी ने अपने शानदार और लंबे करियर में 100 से अधिक फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं. 'ठगिनी', 'मंजरी ओपेरा' और 'आलो' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय ने दिल जीता.

उनकी अदाकारी में एक सहजता और गहराई थी, जो उन्हें उनके समकालीन कलाकारों से अलग बनाती थी. सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बसंती ने छोटे पर्दे पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी. 'भूतु', 'बोरॉन' और 'दुर्गा दुर्गेश्वरी' जैसे सीरियल में उनके काम को दर्शकों ने खूब सराहा. उनकी कला यात्रा की शुरुआत रंगमंच से हुई थी. थिएटर की दुनिया से फिल्मों और फिर टीवी तक का उनका सफर प्रेरणादायक रहा. बसंती चटर्जी को उनके जीवंत और बहुआयामी किरदारों के लिए हमेशा याद किया जाएगा. उनकी अदाकारी, उनकी मुस्कान और उनका सहज व्यक्तित्व आने वाले समय में भी दर्शकों के दिलों में जीवित रहेगा, जैसे किसी कहानी का वो खूबसूरत अध्याय, जो खत्म तो हो गया, लेकिन जिसकी गूंज हमेशा सुनाई देती रहेगी.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## वन: फोर्स ऑफ दि फॉरेस्ट में मनीष पॉल की नई शुरुआत



अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द ही फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आएंगे, जिसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ देखने को मिलेगी. यह फिल्म 29 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. आने वाले समय में सिद्धार्थ कई बड़ी फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे, जिनमें से एक है पौराणिक थ्रिलर 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट'. अब इस फिल्म में अभिनेता मनीष पॉल की एंट्री हो गई है.

रिपोर्ट के अनुसार 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की स्टार कास्ट में मनीष पॉल की एंट्री हो चुकी है. फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने भी इसकी आधिकारिक पुष्टि की है. एकता ने बताया, मनीष एक शानदार अभिनेता हैं जो पर्दे पर अपनी अनोखी ऊर्जा से दर्शकों को बांध लेते हैं. हमें 'वन' में उन्हें शामिल करते हुए बहुत खुशी हो रही है. उनका किरदार निश्चित रूप से दर्शकों को चौंका देगा. 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर और टीवीएफ मोशन पिक्चर्स के सहयोग से किया जा रहा है. फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ नजर आएंगे. इस परियोजना का निर्देशन अरुणाभ कुमार और दीपक कुमार मिश्रा ने किया है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. पदोन्नति की संभावना है. राजकीय कार्यो से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-7-8-9

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी. प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-6-7-9

**कर्क :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. कारोबारी यात्रा सफल होगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व लाभ मिलेगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-1-4-6

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-9

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. स्वास्थ नरम रहेगा. शुभांक-5-7-9

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. मायूस न हो समय चक्र है. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. धन के लेन-देन में सतर्क रहें. शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा. वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं. शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें. अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें. शुभांक-1-5-9

**धनु :** स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्घि है. मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्घ होगा. घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें. व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं. कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. शुभांक-3-5-7

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें. बातचीत में संयम बरतें. मन में चंचलता बढ़ेगी. भावुकतावश निर्णय न लें. कर्ज देने से बचें. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा. विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा. मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं. आर्थिक योजनाएं फलित होंगी. स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे. बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं. शुभांक-4-7-8

**मीन :** उत्साह में वृद्घि होगी. आलस्य का त्याग करें. नये आय के स्त्रोत बनेंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी. लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं. व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी. शुभांक-1-4-6



# ये है दुनिया का वो अनोखा पक्षी जो सिर्फ पीता है बारिश का पानी


दुनिया में आपको पक्षियों की बहुत सी प्रजातियां देखने को मिल जाएगी। जैव विविधता के साथ अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तरह की पक्षी पाई जाती है। किसी को दिन में दिखाई नहीं देता तो कोई अपना घोसला नहीं बनाता है। यही नहीं, कुछ पक्षी ऐसे भी हैं, जिसे केवल रात में दिखाई देता है। इस तरह के और भी कई गुणों से मशहूर विश्व में कई ऐसे पक्षी हैं, जो काफी मशहूर है। एक ऐसा ही पक्षी भारत में भी पाया जाता है, जो कि धरती पर मौजूद पानी के स्रोत का इस्तेमाल नहीं करता है, बल्कि वह बारिश के पानी पर ही आश्रित होता है। इसकी यही खासियत है कि यह सिर्फ बारिश का पानी ही पीता है।

## सिर्फ बारिश का पानी पीने वाले इस पक्षी का नाम क्या है?

बरसात के पानी पर जिंदा उस पक्षी का नाम- जैकोबिन कोयल यानी चातक है, जो कि धरती पर मौजूद पानी के किसी स्रोत का इस्तेमाल नहीं करता है। इस पक्षी को कई जगहों पर पपीहा भी कहा जाता है। इसकी अनोखी बात यह है कि अगर चातक पक्षी को साफ पानी की झील में भी डाल दिया जाए तो भी यह अपनी चोंच बंद कर लेता है और पानी नहीं पीता है। धरती पर मौजूद सबसे अनोखे जीवों में से एक है, जिसे कितनी भी प्यास क्यों न लग जाए, वह किसी भी तरह का पानी नहीं पीता है। यहां तक कि इकट्ठा किया हुआ बारिश का पानी भी नहीं वो नहीं पीता है।

## भारत में कहां पाया जाता है यह पक्षी?

भारत में यह पक्षी मुख्य रूप से उत्तराखंड में पाया जाता है। उत्तराखंड के गढ़वाल में इसे चोली कहते है। गढ़वाल के लोगों के अनुसार यह बस आसमान की ओर देखता रहता है। चातक को मारवाड़ी में मघवा और पपीया भी कहते हैं। यह एक लंबी पूंछ वाला पक्षी है, जिसके सिर पर एक कलगी होती है। पक्षी का आकार लगभग मैना के बराबर होता है। इस पक्षी का वैज्ञानिक नाम क्लैमेटर जैकोबिन्स है। बारिश के पानी के बिना भी यह पक्षी कई दिनों तक जीवित रह सकता है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस पक्षी को प्यास लगती है तो यह बारिश के देवता को बुलाता है।



# रहस्यमयी है वेनेजुएला की मैराकाइबो झील, साल के 300 दिन चमकती है बिजली

**वेनेजुएला की मैराकाइबो झील दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है. यह झील आज भी रहस्यमय बनी हुई है कि आखिर किस वजह से साल के 300 दिन यहां बिजली चमकती है?**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में बना हुआ एक देश है. वैसे तो अक्सर वेनेजुएला महंगाई की वजह से सुर्खियों में बना रहता है, इसके अलावा भी कई कारण है जिसकी वजह से वेनेजुएला हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है.

वेनेजुएला की मैराकाइबो झील के बारे में तो आपने जरूर सुना होगा. यूरोपियन स्पेस एजेंसी का मानना है कि मैराकाइबो झील दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है, जो लगभग 35 मिलियन साल पुरानी है. ये झील आम झीलों के मुकाबले काफी बड़ी है. वैज्ञानिकों का मानना है कि लाखों वर्षों में इस झील का पानी और तली कई बार बदलावों से गुजरी होगी. तो अब सवाल यह है कि क्या इसी दौरान झील की तलहटी में कुछ ऐसा जम गया है जिसकी वजह से इस जगह पर सबसे ज्यादा बिजली चमकती है?

यूरोपियन स्पेस एजेंसी का मानना है कि यह झील दुनिया की सबसे पुरानी झीलों में से एक है, जिसका निर्माण 35 मिलियन साल पहले हुआ होगा। यह झील साढ़े 13 हजार वर्ग किलोमीटर में फैली है, जो दूसरी झीलों से काफी बड़ी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लाखों सालों में इसके पानी और तली में कई बार बदलाव हुआ होगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या झील की तलहटी में कुछ जमा है, जिसकी वजह से यह दुनिया की सबसे ज्यादा बिजली चमकने वाला स्थान बन गया है। यह अभी तक रहस्य है और इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। अमेरिकन मेटेरोलॉजिकल सोसायटी ने नवंबर 2016 में एक स्टडी की थी, जिसमें पता चला था कि मैराकाइबो झील में एक साल में 297 दिनों तक लगातार हर मिनट करीब 25 से 40 बार बिजली चमकती है। रोशनी इतनी अधिक होती है कि स्थानीय लोग पढ़ाई-लिखाई जैसे काम भी कर लेते हैं।

अफ्रीका के कांगो बेसिन के पास पहले यह दर्जा था। दुनिया की कई पहाड़ी और पानी वाली जगहों के बारे में दुनिया के देशों ने अलग-अलग अपने दावे किए हैं, लेकिन बिजली चमकने के मामले में वेनेजुएला की यह झील सबसे आगे है। सबसे पहले 16वीं सदी में एक स्पेनिश पर्यटक अमेरिको वेस्पकी ने इस जगह को खोजा था। स्थानीय लोग तब भी इस जगह के बारे में जानते थे, लेकिन डर की वजह से आसपास रहने से डरते थे।

स्थानीय लोगों का मानना था कि यह कुदरती नहीं है, बल्कि इसके पीछे भूत-प्रेत है। करीब 300 साल बाद यहां पर झील के किनारे-किनारे आबादी बसने लगी। झील को रहस्यमयी मानने वाले और डरने वाले लोगों के लिए यह रोजगार पैदा करने लगी है। अजीबोगरीब चीजों को देखने वाले पर्यटक यहां पर आने लगे। वह बिजली को चमकते हुए देखने के लिए आते हैं। यहां पर पर्यटक सितंबर से लेकर नवंबर के दौरान आते हैं। यहां पर बिजली पूरे दिन और पूरी रात चमकती है। यहां पर पर्यटक झील के किनारे बने छोटे-छोटे घरों में रहते हैं और इसका अनुभव करते हैं। आकाशीय बिजली गिरने के दौरान कई बार टूरिस्ट्स को खास सावधानी बरतनी होती है। लेकिन कई बार मछुआरे इसकी चपेट में आकर जान गंवा बैठते हैं।

## एक मिनट मे कितनी बार चमकती है बिजली?

सन 2016 मे, अमेरिकन मेटेरोलॉजिकल सोसायटी ने एक स्टडी की और उस स्टडी मे पाया गया कि मैराकाइबो झील मे एक साल मे लगभग 297 दिनों तक लगातार बिजली चमकती है और हर एक मिनट मे 25 से 40 बार बिजली चमकती है, इसी वजह से इस जगह को लाइटनिंग कैपिटल ऑफ वर्ल्ड का नाम दिया है. बिजली चमकने की रोशनी इतनी ज्यादा तेज होती है कि लोग रात के समय में उस रोशनी में पढ़ाई-लिखाई जैसे काम भी कर लेते हैं.

## क्या भूत प्रेत है इसका कारण?

स्पेनिश सैलानी अमेरिको वेस्पकी ने 16वीं सदी में इस झील की खोज की. आपको बता दें कि लोकल लोग तब भी इस जगह के बारे में जानते थे, लेकिन डर के कारण कोई भी झील के आसपास नहीं जाता था. वहां के लोगों का यह मानना था कि ये कुदरती तो बिल्कुल भी नहीं है, बल्कि इसके पीछे भूत-प्रेतों का हाथ है. लगभग 3 सौ सालों के बाद इस झील के किनारे आबादी बसने लगी. जो लोग पहले इस झील को रहस्यमयी मान कर उससे डरते थे, अब वही झील उनके लिए रोजगार का जरिया बन गयी.

## झील को देखने के लिए बढ़ा टूरिज्म

कुछ टूरिस्ट अजीबोगरीब जगह देखने के बहुत बड़े शौकीन होते हैं, वही टूरिस्ट यहां पर बिजली चमकना देखने के लिए आते हैं. यही कारण है कि इसे लाइटनिंग टूरिज्म कहा जाता है. टूरिस्ट सितंबर और नवंबर के समय में यहां आते हैं, ताकि बिजली को पूरे दिन और पूरी रात चमकते हुए देख सकें.





## बिजली चमकने का कारण

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि सालभर बिजली के चमकने का असली कारण नमी, तापमान और स्थान है. झील के दक्षिण की ओर एंडीज पर्वत है और उत्तर में कैरेबियन सागर है. सागर की तरफ से चलने वाली गर्म और नम हवा जब पर्वत की तरफ से चलने वाली ठंडी हवा से टकराती है, तो ये बिजली चमकती है. कुछ वैज्ञानिक इस थ्योरी से इंकार करते हैं और उनके अनुसार, लाखों सालों में इस झील का पानी और तली कई बार बदलावों से गुजरी है, जिसकी वजह से झील के तल में मीथेन गैस जमा हो गई. जब झील के तल मे जमी मिथेन गैस ऊपर की तरफ उठकर वातावरण की गैस से मिलती है, तब बिजली चमकती है. अब भी वैज्ञानिक इसके रहस्य को समझने के लिए कई प्रयोग कर रहे है.




# गैस सिलेंडर पर लिखे कोड का क्या होता है मतलब?

**रसोई गैस सिलेंडर पर लिखा कोड, सिलेंडर की एक्सपायरी डेट और टेस्टिंग की तारीख बताता है। यह कोड अक्षर और नंबर के रूप में लिखा होता है। कोड में अक्षरों का मतलब महीना और नंबरों का मतलब साल होता है।**

आपने कभी गौर किया है कि आपके घर में आने वाले गैस सिलेंडर पर कुछ अंक और अक्षर लिखे होते हैं? ये कोड यूं ही नहीं लिखे होते हैं, इनका एक खास मतलब होता है। ये कोड सिलेंडर की सुरक्षा और उसकी मरम्मत से जुड़ी जरूरी जानकारी देते हैं।

## गैस सिलेंडर पर लिखे कोड का क्या होता है मतलब?

रसोई गैस सिलेंडर पर लिखा कोड, सिलेंडर की एक्सपायरी डेट और टेस्टिंग की तारीख बताता है। यह कोड अक्षर और नंबर के रूप में लिखा होता है। कोड में अक्षरों का मतलब महीना और नंबरों का मतलब साल होता है। अक्षरों के बाद लिखा नंबर सिलेंडर के एक्सपायर होने वाले साल के बारे में बताता है। जैसे, अगर आपके सिलेंडर पर C-23 लिखा है, तो इसका मतलब है कि आपका रसोई गैस सिलेंडर साल 2023 में जुलाई से सितंबर के बीच में एक्सपायर होगा। इसी तरह A-26 का मतलब है कि सिलेंडर की एक्सपायरी 2026 अप्रैल तक है। गैस सिलेंडर की अधिकतम लाइफ 15 साल होती है। इस दौरान गैस कंपनियां उस सिलेंडर की दो बार जांच करती हैं। पहला टेस्ट 5 साल पूरे होने पर और दूसरा टेस्ट 10 साल बाद किया जाता है। ये परीक्षण विवरण सिलेंडर के ऊपर भी लिखे होते हैं। अगर दोनों तिथियां बीत चुकी हैं, तो उस सिलेंडर को लेने से मना कर देना चाहिए। ऐसा न करने पर विस्फोट का खतरा बढ़ जाता है।

## गैस सिलेंडर में एबीसीडी का मतलब क्या होता है?

- गैस सिलेंडर पर लिखे कोड में A, B, C और D का मतलब महीनों से होता है। इन अक्षरों को तीन-तीन महीनों में बांटा गया है।
- A का मतलब जनवरी, फरवरी और मार्च होता है।
- B का मतलब अप्रैल, मई और जून होता है।
- C का मतलब जुलाई, अगस्त और सितंबर होता है।
- D का मतलब अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर होता है।

इस कोड के साथ सिलेंडर पर साल भी लिखा होता है। जैसे, A-24, B-25, C-26 या D-27। इन कोड से यह पता चलता है कि सिलेंडर कब तक वैलिड है। अगर सिलेंडर पर A-24 लिखा है, तो इसका मतलब है कि यह साल 2024 में जनवरी से मार्च के बीच एक्सपायर हो जाएगा। इस तरह, सिलेंडर पर लिखे कोड से उसकी एक्सपायरी डेट का पता चलता है। गैस सिलेंडर पर ऊपर की तरफ तीन चौड़ी पट्टियां होती हैं। इनमें से एक पट्टी पर ही यह कोड लिखा होता है।

## इन बातों पर ध्यान दे सकते हैं

- गैस सिलेंडर के कंधे वाले हिस्से पर गैस का नाम, निर्माता, वजन, दबाव, और आयतन के बारे में जानकारी होती है।
- सिलेंडर पर आपूर्तिकर्ता द्वारा लगाए गए लेबल से भी सिलेंडर की सामग्री का पता चलता है।
- कमर्शियल गैस सिलेंडर आमतौर पर घरेलू गैस सिलेंडर से बड़े होते हैं और इनका वजन भी ज्यादा होता है।
- घरेलू गैस सिलेंडर का वजन 14.2 किलो होता है, जबकि कमर्शियल गैस सिलेंडर का वजन 19 किलो से लेकर 47.5 किलो तक हो सकता है।
- कमर्शियल गैस सिलेंडर पाने के लिए, कमर्शियल गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करना होता है। इसके लिए, कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निकटतम वितरक का पता लगाया जा सकता है। फिर, आवेदन पत्र और जरूरी दस्तावेज जमा करने होते हैं और सुरक्षा जमा राशि का भुगतान करना होता है। इसके बाद, सदस्यता वाउचर और गैस उपभोक्ता कार्ड जारी किया जाता है।



# ये है दुनिया का सबसे महंगा और लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब

इस दुनिया में छोटी से लेकर बड़ी और सस्ती से लेकर महंगी हर तरह की चीज और जगह मौजूद है। कोई सामान खरीदना हो या फिर किसी जगह जाना हो। हर व्यक्ति का अपना एक बजट होता है इसके हिसाब से वह अपने सारे काम करता है। अलग-अलग बजट के लोगों के हिसाब से अलग-अलग जगह पर सब कुछ उपलब्ध भी होता है। जिन लोगों का बजट कम या मध्यम होता है वह सामान्य तरह की चीज करके खुश रहते हैं और जिनका बजट ज्यादा होता है वह हमेशा लग्जरी चीजें करना पसंद करते हैं। अब जब बात लग्जरी के निकल गई है तो क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया में सबसे महंगी और लग्जरी होटल कहां पर होगी।

लगभग हर शहर में छोटी से लेकर बड़ी होटल उपलब्ध रहती है। सामान्य होटल से लेकर 5 स्टार 7 स्टार हर व्यक्ति अपनी पसंद और हैसियत के हिसाब से इन जगहों पर जाता है। आज हम आपको दुनिया के सबसे महंगे और लग्जरी होटल के बारे में जानकारी देते हैं जो दुबई में मौजूद है।

## बुर्ज अल अरब

दुबई एक ऐसी जगह है जो अपनी ऊंची ऊंची और लग्जरी इमारतों के लिए पहचाना जाता है। जब आप यहां पर जाएंगे तो गगनचुंबी इमारतें और यहां मिलने वाली लग्जरी सुविधाएं देख कर हैरान हो जाएंगे। दुनिया का सबसे लग्जरी और महंगा होटल बुर्ज अल अरब है जो दुबई में ही मौजूद है। दुनिया के सबसे महंगे और लग्जरी होटल के रूप में प्रसिद्ध बुर्ज अल अरब से आप समुद्र के बेहतरीन नजारे देख सकते हैं। इस होटल के हर कमरे से दूर तक फैला हुआ नीला समंदर दिखाई देता है। यहां आप रेस्टोरेंट, बार, स्पा, स्विमिंग पूल, फिटनेस सेंटर जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।



## चढ़ी है सोने की परत


यह बात किसी को भी हैरान कर सकती है। लेकिन इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस होटल के दरवाजे से लेकर हर खंबे पर सोने की परत चढ़ी हुई है। यही इस होटल को लग्जरी बनाने का काम करती है।

## दुबई का आइकॉनिक लैंडमार्क

यह होटल 321 मीटर ऊंची है और समुद्र के अंदर 148 फीट तक गई है। इसका आकार भी काफी खास है और यह दुबई की सबसे आइकॉनिक लैंडमार्क में से एक मानी जाती है। दूर से ही यह होटल काफी खूबसूरत नजर आती है। अंदर जाने के बाद यहां की लग्जरी सुविधाएं हैरान करने वाली होती है।

## लाखों रुपए है रुकने का खर्च

यह होटल इतना आलीशान है कि यहां जाने के बाद आपको राजा महाराजाओं वाली फीलिंग आने वाली है। यहां एक दिन रुकने का किराया 20 लाख रुपए तक लगता है। लेकिन लाखों रुपए के किराए में आपको जो सुविधा मिलेगी। वो आप जिंदगी में कभी नहीं भूल पाएंगे।



रोहित शर्मा, विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेकर इंटरनेशनल करियर तबाह कर लिया?

# पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने समझाया कैसे

एजेंसियां। नयी दिल्ली

इंग्लैंड में भारतीय युवा बल्लेबाजों की सफलता ने एक नई बहस छेड़ दी है. अक्टूबर में भारतीय टीम के लिए वनडे क्रिकेट की वापसी होनी है और उससे पहले ही विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं. दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने जाने की उम्मीद है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह भारत के लिए उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा. उनके भविष्य को लेकर खासकर 2027 के वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कयासों का दौर जारी है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को लगता है कि विराट और रोहित ने गलत प्रारूप से संन्यास लिया है. उनका मानना है कि उन्हें टेस्ट खेलते रहना चाहिए था. चोपड़ा ने एक वीडियो में कहा- दोनों ने गलत क्रिकेट फॉर्मेट को अलविदा कहा. रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अचानक टेस्ट क्रिकेट को अलविदा



कहने का फैसला कर लिया. उन्होंने कहा कि अब वे केवल वनडे ही खेलेंगे. मैं आपको बताता हूं कि क्यों? टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है. सफेद गेंद वाला क्रिकेट नीरस होता है, लेकिन टेस्ट के मामले में ऐसा नहीं है। टेस्ट सबसे कठिन होता है, जबकि बल्लेबाजों के लिहाज से वनडे सबसे आसान होता है. अपेक्षाकृत कोई दबाव नहीं होता.

**रोहित शर्मा और विराट कोहली सिर्फ 6 वनडे खेलकर पूरे साल कैसे फिट रहेंगे :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 सीजन से पहले भारत को सिर्फ 6 वनडे मैच खेलने हैं. रोहित और विराट टेस्ट या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सक्रिय खिलाड़ी नहीं हैं, इसलिए चोपड़ा को लगता है कि उन्हें मोटिवेट करने के लिए वनडे मैच बहुत कम हैं. उन्होंने आगे कहा- अगर आप साल में सिर्फ छह वनडे खेल रहे हैं तो आपके पास खेलने के लिए सिर्फ छह दिन का समय है. आप कैसे प्रेरित रहेंगे? आप कैसे तैयारी करेंगे? आप कैसे फिट रहेंगे और अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में कैसे रहेंगे? मैं यही सोच रहा हूं. आपको कहना चाहिए था कि मैं वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलूंगा, लेकिन मैं टेस्ट मैच खेलूंगा. मान लीजिए कि आपने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेली होती तो आप 25 दिन खेलते. फिर आपको वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेलने का मौका मिलता.

### टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं तो रणजी ट्रॉफी और काउंटी क्रिकेट भी नहीं खेल सकते

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के पूर्व बल्लेबाज को लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में सक्रिय होने से विराट और रोहित को रणजी ट्रॉफी खेलकर सक्रिय रहने का मौका मिलता. चोपड़ा ने कहा- अगर आप टेस्ट मैच खेल रहे होते तो रणजी ट्रॉफी खेल सकते थे. काउंटी क्रिकेट भी खेल सकते थे, लेकिन फिलहाल ऐसा होगा नहीं. जब कोई टेस्ट से संन्यास ले चुका है तो रणजी और काउंटी खेलने का क्या मतलब है? भारत के घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी के बारे में चोपड़ा को नहीं लगता कि इस टूर्नामेंट में दोनों के प्रदर्शन को चयन के लिए ध्यान में रखा जाएगा.

### रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में प्रदर्शन सिलेक्शन का आधार नहीं

चोपड़ा ने कहा- विजय हजारे ट्रॉफी खेलने की चर्चा का क्या मतलब है? अगले आईपीएल तक भारत के लिए 9 एकदिवसीय मैच हैं. आपके लिए सिर्फ 9 दिन का क्रिकेट एक्शन है. आप बिल्कुल नहीं खेल रहे हैं. आप अभ्यास नहीं कर रहे हैं. रोहित शर्मा और विराट कोहली को विजय हजारे ट्रॉफी खेलने की जरूरत नहीं है. उन्हें टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के आधार पर नहीं चुना जाएगा. इस बारे में ईमानदारी से कहें तो यह बकवास है. अगर वे टेस्ट खेलते और वनडे छोड़ देते तो लय में बने रहना आसान होता.

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले तैयारियों में जुटे रोहित शर्मा

# पूर्व कोच अभिषेक नायर के साथ किया अभ्यास

एजेंसियां। मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अभ्यास सत्र में भाग लिया. इसकी तस्वीर हिटमैन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा की. बता दें कि, सितंबर में एशिया कप के बाद भारतीय टीम अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी. इस दौरान दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी. इससे पहले वनडे टीम के कप्तान रोहित ने अभ्यास शुरू कर दिया है.

**रोहित-कोहली के वनडे भविष्य को लेकर चल रही अटकलें :** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप से संन्यास ले लिया है और अब इन दोनों बल्लेबाजों के वनडे भविष्य को लेकर अटकलें चल रही है. हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इन दोनों को लेकर जल्दबाजी दिखाने के मूड में नहीं है. भारतीय क्रिकेट में इस बात की चर्चा है कि अक्तूबर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जाएंगे. ऐसे में क्या ये दोनों दिग्गज तब तक टिके रह पाएंगे? बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, जाहिर है कि अगर रोहित और कोहली के दिमाग में कोई बात होगी तो वे बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को बताएंगे जैसे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट दौरे से पहले किया था. भारतीय टीम के नजरिए से देखें तो अगला बड़ा टूर्नामेंट फरवरी में होने वाला टी20 विश्व कप और उससे जुड़ी तैयारियां हैं.

### रोहित से पहले कोहली ने भी शुरू किया अभ्यास

कोहली अब लंदन में रहते हैं और उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की थी जिसमें वो इंडोर नेट सत्र में अभ्यास करते हुए दिख रहे थे. इससे यह संकेत मिलता है कि उन्होंने अभ्यास करना शुरू कर दिया है. रोहित शर्मा आईपीएल के बाद छुट्टी पर इंग्लैंड में थे. हालांकि, अब वह मुंबई लौट आए हैं और अभ्यास शुरू कर दिया है.

डीपीएल 2025

## ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को आखिरी ओवर में हराया



**नयी दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार रात खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के एक रोमांचक मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरानी दिल्ली 6 को पांच विकेट से हराया. 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स ने धमाकेदार शुरुआत की. ओपनर अर्पित राणा और सुजल सिंह ने पहली गेंद से ही दबदबा बनाया और 149 रनों की बेहतरीन साझेदारी की. अर्पित ने 52 गेंदों पर आतिशी 87 रन बनाए, जबकि सुजल ने 46 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली. हालांकि, 17वें ओवर में मैच ने करवट ली जब पुरानी दिल्ली 6 के गेंदबाजों ने ताबड़तोड़ प्रहार करते हुए दोनों सेट बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और स्कोर 149/0 से 160/5 कर दिया. लेकिन नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए मयंक रावत ने नाबाद 22 रन (10 गेंद) बनाकर टीम को 19.4 ओवर में जीत दिलाई. इससे पहले, पुरानी दिल्ली 6 ने 182/8 का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया.

दक्षिण अफ्रीका ने 53 रन से जीता दूसरा टी20

# डेवाल्ड ब्रेविस का नाबाद शतक ऑस्ट्रेलिया 165 पर ऑलआउट

एजेंसियां। डार्विन

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मैच में 53 रन से हरा दिया. डार्विन में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने डेवाल्ड ब्रेविस की नाबाद 125 रनों की पारी की बदौलत सात विकेट पर 218 रन बनाए. जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 165 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई. इस मुकाबले में जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली. अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला 16 अगस्त को कार्निस में खेला जाएगा.

**ताश के पत्तों की तरह बिखरा ऑस्ट्रेलिया का खेमा :** 219 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब हुई. ट्रेविस हेड के रूप में टीम को पहला झटका मार्करम ने दिया. वह सिर्फ पांच रन बना पाए. इसके बाद क्वेन मफाका ने कैमरन ग्रीन को पवेलियन की राह दिखाई. वह सिर्फ नौ रन बना सके. इस दौरान कप्तान और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर बड़ी



पारी खेलने की कोशिश की. हालांकि, वह नाकाम रहे और 13 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं, टिम डेविड ने एक बार फिर चमक बिखेरी. उन्होंने 24 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से 50 रनों की तूफानी पारी खेली. इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 16, मिचेल ओन ने आठ, एलेक्स कैरी ने 26, बेन ड्वार्शिस ने 12, सीन अबॉट ने एक रन बनाया. वहीं, एडम जाम्पा खाता भी नहीं खोल पाए जबकि जोश हेजलवुड नाबाद रहे. दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि कगिसो रबाडा, एडेन मार्करम, लुंगी एनगिडी और पीटर को एक-एक सफलता मिली.

**ब्रेविस ने स्टब्स के साथ निभाई साझेदारी :** ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे. कप्तान एडेन मार्करम, रियान रिक्लेटन और लुहान ड्री प्रिटोरियस ने सस्ते में अपने विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद ब्रेविस ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 126 रनों की साझेदारी की. इसे एडम जांपा ने स्टब्स को आउट कर तोड़ा जो 31 रन बनाकर आउट हुए. दक्षिण अफ्रीका के लिए स्टब्स और ब्रेविस के अलावा कोई अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सका. ब्रेविस अंत तक क्रीज पर टिके रहे जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के सामने मजबूत लक्ष्य रखा.

### एलीट सूची में शामिल हुए ब्रेविस

ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर क्लास ली और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाया. ब्रेविस से कम गेंदों पर सिर्फ डेविड मिलर ने ही दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 शतक लगाया है. मिलर ने बांग्लादेश के खिलाफ 2017 में 35 गेंदों पर शतक लगाया था. इसके साथ ही ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के आठवें बल्लेबाज बने जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाया है. वह क्विंटन डिकॉक, फाफ डुप्लेसिस और मिलर की एलीट सूची में शामिल हो गए हैं.

बर्मिंघम टेस्ट में लगाया दोहरा शतक हमेशा याद रहेगा

# गिल ने याद किए इंग्लैंड दौरे के सुखद पल

एजेंसियां। मुंबई

इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 754 रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल को मंगलवार को आईसीसी का महीने (जुलाई 2025) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया. उन्होंने कहा कि एजबेस्टन में टीम की जीत में योगदान देने वाला उनका दोहरा शतक उन्हें हमेशा याद रहेगा. गिल ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम को कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर काफी प्रेरित किया. उन्होंने पांच मैचों की इस सीरीज में चार शतक लगाए जिससे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की गैरमौजूदगी में भी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज को 2-2 से बराबर करने में सफल रही.

**स्टोक्स और मुल्डर को पछाड़ा_** गिल ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियन मुल्डर को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता. गिल ने उम्मीद जताई कि वह आने वाले सत्र में भी अपनी इस लय को जारी रखेंगे. गिल ने कहा, जुलाई महीने का आईसीसी प्लेयर चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है. इस बार इसका महत्व और भी ज्यादा है, क्योंकि यह कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज में मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है. बर्मिंघम (एजबेस्टन मैदान) में लगाया गया दोहरा शतक ऐसी उपलब्धि है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा और यह इंग्लैंड के मेरे दौरे के खास पलों में से एक होगा.



### गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

गिल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर जुलाई में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन (कुल 754 रन में से) बनाए थे. वह इससे पहले जानवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में इस खिताब को अपने नाम कर चुके है. गिल ने इस दौरान बर्मिंघम में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में कुल 430 रन (पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन) बनाए। यह ग्राहम गूच (456 रन) के बाद एक टेस्ट में किसी बल्लेबाज के द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है. उनकी इन पारियों से भारत दूसरा मैच जीत कर सीरीज को 1–1 से बराबरी करने में सफल रहा था.

### महिला वर्ग में इंग्लैंड की डंकले सर्वश्रेष्ठ

महिला वर्ग में इंग्लैंड की सोफिया डंकले को जुलाई महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. डंकले ने इस सम्मान के लिए अपनी टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को पीछे छोड़ा. उन्होंने इस दौरान वनडे और टी20 दोनों में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर दोनों प्रारूप में हुए सभी सात मैच खेले, जिसमें तीन वनडे और चार टी 20 में कुल 270 रन बनाए.

# टी20 में शीर्ष महिला गेंदबाज बनने के करीब दीप्ति, दूसरे स्थान पर पहुंचीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गई हैं. हालांकि, सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को नुकसान हुआ है और वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं. दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं. सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गईं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रहीं.

**ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दीप्ति तीसरे स्थान पर बरकरार:** सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए.



पाकिस्तान महिला टीम इस सीरीज को 1-2 से हार गई थी. सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है. इससे उनके रेटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है. टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं. वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं. मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गई हैं.

हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुंच गई हैं. वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं. आयरलैंड की ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को पाकिस्तान के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है. वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं. प्रेंडरगैस्ट पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में आयरलैंड की 2-1 की सीरीज जीत के दौरान शानदार फॉर्म में थीं. इस 23 साल की खिलाड़ी ने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन योगदान दिया और सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता.

एशिया कप 2025 से पहले भारत-पाकिस्तान का रिकॉर्ड

# कौन है असली चैंपियन?

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है. इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला हाईवोल्टेज मुकाबला होगा. दोनों टीमों के बीच जबरदस्त क्रिकेट राइवलरी के कारण इस मैच का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. हालांकि राजनीतिक तनाव के चलते इस मैच की संभावना पर कई बार सवाल उठे हैं, लेकिन अगर क्रिकेट के आंकड़ों की बात करें तो भारत एशिया कप में इस टकराव में



पूरी तरह से भारी साबित हुआ है.

**भारत का एशिया कप में दबदबा_** वहीं भारत का एशिया कप में दबदबा रहा है. भारत ने एशिया कप में अब तक 8 बार खिताब अपने नाम किया है. 1984 में हुए पहले संस्करण से लेकर 2023 में खेले आखिरी टूर्नामेंट तक टीम इंडिया ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया है. टी20 फॉर्मेट में भी भारत ने दो बार एशिया कप खेला है और एक बार विजेता भी बना है. यानी कुल 65 मुकाबलों में से भारत को 43 में जीत मिली हैं जबकि केवल 19 मुकाबलों में भारत को हार झेलनी पड़ी है.

### पाकिस्तान के खाते में केवल दो खिताब

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी और अब तक वनडे और टी20 फॉर्मेट मिलाकर कुल 16 टूर्नामेंट आयोजित किये जा चुके हैं. पाकिस्तान ने 2000 में श्रीलंका को हराकर पहली बार खिताब जीता था. इसके बाद 2012 में बांग्लादेश को हराकर दूसरा खिताब अपने नाम किया था.

विराट कोहली, रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर नहीं

# सनत जयसूर्या के नाम है एशिया कप में सबसे ज्यादा शतक

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप (वन डे इंटरनेशनल) में जब सबसे ज्यादा शतक लगाने की बात आती है, तो फैन्स के दिमाग में विराट कोहली, रोहित शर्मा या सचिन तेंदुलकर जैसे बड़े नाम आते हैं, लेकिन इस मामले में टॉप पर हैं श्रीलंका के महान ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या, जिन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई बार विपक्षी टीमों के छक्के छुड़ाए हैं. श्रीलंका के महान ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या के नाम एशिया कप (वनडे इंटरनेशनल) में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है. 1990 से 2008 के बीच उन्होंने 25 मैचों की 24 पारियों में 102.52 के



स्ट्राइक रेट से 1220 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत 53.04 का रहा. उन्होंने 6 शतक और 3 अर्धशतक लगाए, जबकि उनका बेस्ट स्कोर 130 रन का था. आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर जयसूर्या का यह रिकॉर्ड आज भी कायम है.

**भारत के अन्य खिलाड़ी:** इस लिस्ट में भारत के सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के नाम भी शामिल हैं. एशिया कप में क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के नाम 2 शतक हैं. वहीं रोहित शर्मा ने एशिया कप में 1 शतक जड़ा है.

### रन मशीन विराट कोहली : कुल शतक- 4

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं. 2010 से 2023 तक खेले गए 16 मैचों की 13 पारियों में उन्होंने 742 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत 61.83 और स्ट्राइक रेट 99.73 का रहा. कोहली ने एशिया कप में 4 शतक लगाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 183 रन है. रन चेज के मास्टर कोहली ने इस टूर्नामेंट में कई बार भारत को मुश्किल हालात से निकाला है.

### शिखर धवन भी लिस्ट में शामिल: कुल शतक- 2

भारत के ओपनिंग बल्लेबाज शिखर धवन इस लिस्ट में नंबर 6 पर है. उन्होंने 2014 से 2018 के बीच एशिया कप में 9 मैच खेले और 534 रन बनाए हैं. उनका औसत 59.33 और स्ट्राइक रेट 91.43 का था. उन्होंने इस दौरान 2 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 127 रन है. धवन का आक्रामक खेल टीम इंडिया को तेज शुरुआत देने के लिए जाना जाता है.

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 203 रनों से दी करारी शिकस्त, खत्म किया 34 साल का इंतजार



एजेंसियां। तरौबा

वेस्टइंडीज ने मंगलवार को पाकिस्तान को करारी शिकस्त देते हुए 34 साल बाद वनडे सीरीज अपने नाम कर ली. तीसरे और आखिरी वनडे में कैरेबियाई टीम ने 295 रन का लक्ष्य देकर मेहमानों को मात्र 92 रन पर समेट दिया और 203 रनों से जीत दर्ज की, जो पाकिस्तान के खिलाफ उनका अब तक का सबसे बड़ा वनडे अंतर है. इस जीत के नायक रहे तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स, जिन्होंने 8.2 ओवर में 6 विकेट झटके. यह पुरुष वनडे क्रिकेट में किसी वेस्टइंडीज गेंदबाज़ के संयुक्त रूप से दूसरे सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हैं. वहीं, कप्तान शाई होप ने नाबाद शतक (100*) जमाते हुए टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकाला.

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए वेस्टइंडीज ने शुरुआती 43 ओवर तक धीमी बल्लेबाज़ी की और 200 रन के पार नहीं पहुंच पाए थे. लेकिन 44वें ओवर में होप ने मोहम्मद नवाज़ को लगातार दो छक्के लगाकर रफ्तार पकड़ी. इसके बाद होप और जस्टिन ग्रीव्स ने अंतिम 7 ओवरों में 100 रन जोड़ते हुए स्कोर 294/5 तक पहुंचा दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही. सील्स ने पहले ओवर में सैम अयूब को आउट किया और फिर अब्दुल्ला शफीक को भी बिना खाता खोले पवेलियन भेजा.

## ब्रीफ न्यूज

### एमजीसीयू में शुरू होंगे एमबीए के दो नए पाठ्यक्रम

**पूर्वी चंपारण ।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दो नए एमबीए पाठ्यक्रम शुरू करने का जा रहा है. इन कार्यक्रमों में एमबीए (फूड एंड एग्रीबिजनेस) और एमबीए (इंटरनेशनल बिजनेस) शामिल हैं. विश्वविद्यालय के पंडित मदन मोहन मालवीय स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज के प्रबंधन विज्ञान विभाग के अंतर्गत ये कार्यक्रम शुरू किए जायेगे. इन पाठ्यक्रमों को विकसित करने के लिए एक विशेष सलाहकार समिति का गठन किया गया है. इस समिति में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, आनंद कृषि विश्वविद्यालय और जी. बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी विशेषज्ञ शामिल हैं.

### अधिवक्ता प्रिंस मिश्रा से फोन पर रंगदारी की मांग

**पटना ।** जिले में सकतपुर थाना क्षेत्र के विष्णुपुर गांव निवासी अधिवक्ता प्रिंस कुमार मिश्र ने तीन अज्ञात व्यक्तियों पर फोन कर रंगदारी मांगने, गाली-गलौज करने और सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने का आरोप लगाया है. आवेदन के अनुसार, 12 अगस्त की शाम दरभंगा व्यावहारिक न्यायालय में कार्य के दौरान उनके मोबाइल पर कॉल कर रंगदारी मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई. बाद में उनका फोटो फेसबुक पर डालकर अपमानजनक टिप्पणी की गई. अधिवक्ता ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

### एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू लापता

**पटना।** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव चुन्नू सिंह उर्फ शशि कुमार रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं. इसको लेकर उनके भाई मीनू कुमार ने पटना के पाटलिपुत्र थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. मीनू ने बताया कि वह गोपालगंज जिले के महम्मदपुर थाना क्षेत्र के झझवां बाजार स्थित करसघाट का निवासी है, जबकि शशि कुमार पिछले आठ वर्षों से पटना में किराए के मकान में रह रहे थे.

# बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकता है राजद : तेजस्वी यादव

संवाददाता ।पटना

बिहार में मुख्य विपक्षी दल, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकता है. इसका निर्णय बिहार की जनता से और विचार-विमर्श करने बाद लिया जाएगा. राजद के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में इसकी जीनकारी दी.




तेजस्वी यादव ने पटना में पोलो रोड स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकती हैं. 17 अगस्त से वे राहुल गांधी के साथ 'वोट अधिकार यात्रा' में शामिल होंगे, जिसके दौरान लोगों से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे. यात्रा के बाद वे और उनकी पार्टी के नेता इस बात पर गंभीरता से विचार करेंगे कि विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेना है या नहीं.

तेजस्वी यादव ने कहा, जब चुनाव आयोग पहले से ही सब कुछ तय कर चुका है, तो इस पर भी गौर किया जा सकता है कि हम चुनाव में हिस्सा न लें. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की जा रही हैं.

तेजस्वी यादव ने दावा किया कि मुजफ्फरपुर की मेयर और भाजपा की वरिष्ठ नेता निर्मला देवी का नाम दो अलग-अलग मतदाता सूची में दर्ज है. उन्होंने कहा कि एक ही विधानसभा क्षेत्र में उनके दो-दो ईपीक कार्ड बने हुए हैं और दोनों में उम्र भी अलग-अलग दर्ज है. यही नहीं, निर्मला देवी के दो देवरों के नाम भी दो-दो स्थानों पर दर्ज हैं और उनके पास भी अलग-अलग ईपीक आईडी हैं. तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा के संगठन मंत्री भिखू भाई दलसानिया का नाम भी बिहार की मतदाता सूची में दर्ज है, जबकि वे मूल रूप से गुजरात के हैं. आखिरी बार उन्होंने गुजरात में वोट दिया, वहां से नाम कटवाया और अब बिहार में वोट देंगे. संभव है कि चुनाव के बाद यहां से भी नाम कटवा कर फिर गुजरात में वोट दें.

### अपनी हार देख चुनाव बहिष्कार की बात कर रहा है विपक्ष : विजय सिन्हा

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव के आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें लोकतंत्र पर भरोसा होता तो वे चुनाव बहिष्कार की बात नहीं करते. अपनी हार तय मानकर ये लोग चुनावी मैदान से भागने की कोशिश कर रहे हैं. उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि जो लोग संविधान पर भरोसा नहीं रखते, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल बेबुनियाद आरोप लगाकर राजनीति कर रहा है और नियम-कानून की परवाह नहीं करता. भाजपा के प्रदेश महामंत्री भीखू भाई दलसानिया का नाम बिहार के वोटर लिस्ट में जुड़ने के सवाल पर विजय सिन्हा ने कहा कि अब 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की बात चल रही है. अगर कोई व्यक्ति किसी जगह पर सालों से रह रहा है, तो उसे उस जगह पर वोट डालने का अधिकार है. यह कानून के दायरे में है. तेजस्वी यादव की ओर से उम्र को लेकर लगाए गए आरोप पर विजय सिन्हा ने कहा, मैं उन्हें नोटिस भेजूंगा. वे अपनी डिग्री दिखाएं और बताएं कि उसमें उनकी उम्र क्या दर्ज है?

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की बाढ़ राहत कार्य की समीक्षा

# भागलपुर में 32814 लोगों को निकाला गया सुरक्षित

संवाददाता ।भागलपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को भागलपुर सहित बाढ़ प्रभावित जिले में चलाए जा रहे बाढ़ राहत कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. भागलपुर के समीक्षा भवन से आयुक्त भागलपुर प्रमंडल हिमांशु कुमार राय, पुलिस महानिरीक्षक भागलपुर पूर्वी क्षेत्र विवेक कुमार, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत, पुलिस अधीक्षक नवगछिया प्रेरणा कुमार, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त शुभम कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी ऑनलाइन जुड़े हुए थे. बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को गंगा किनारे के दस जिले की बाढ़ राहत कार्य की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया.




उन्होंने कहा कि 10 जिले के 54 प्रखंड के 348 पंचायत के 24.64 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. जिसमें भागलपुर में राहत एवं बचाव कर तेजी से किया गया है. एनडीआरएफ की 7 में से 6 टीम भागलपुर में तैनात है. कुल 60 मोटर बोट एवं 1233 नांव का परिचालन कर 37000 लोगों को बाढ़ प्रभावित इलाकों से सुरक्षित निकाला गया है. 52573 लोगों को पॉलीथिन शीट तथा 1785 लोगों को सुखा राशन पैकेट उपलब्ध कराया गया है. 8811 लोगों को बांध राहत शिविर में रखा गया है. जिसको एसओपी के अनुसार भोजन वस्त्र सहित सब कुछ उपलब्ध कराया जा रहा है. 414 सामुदायिक किचन में 12 लाख 82 हजार लोग भोजन कर रहे है.

भागलपुर के संबंध में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा बताया गया कि भागलपुर के 12 प्रखंड में 85 पंचायत के लगभग 6 लाख लोग प्रभावित हैं. 8 अगस्त से समुदाय किचन प्रारंभ किया गया है. आज की तिथि में 186 समुदाय किचन चल रहा है. जहां अब तक 7 लाख 67 हजार लोग भोजन कर चुके हैं. आवागमन की सुविधा के लिए 104 नांव चलाया जा रहा है. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की आठ टीम की 180 जवान 36 मोटर बोट से लगातार रेस्क्यू अभियान चला रहे हैं. अब तक 32 हजार 814 लोगों को बाढ़ ग्रस्त इलाके से सुरक्षित निकाला जा चुका है. जिले में 3360 पशु प्रभावित हुए हैं, 335 क्विंटल पशु चारा का वितरण करवाया जा चुका है. पशु चिकित्सा दल एवं मानव चिकित्सा दल कार्यरत है.

बैठक में कृषि विभाग द्वारा स्थिति से अवगत कराते हुए बताया गया की 94% रोपनी हुई है. फसल क्षति का आकलन किया जा रहा है, जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा. जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि भागलपुर इस्माइलपुर के बिन्द टोली में हुए कटाव पर तेजी से कार्य कराया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी बाढ़ प्रभावित परिवारों को कोई भी दिक्कत ना हो एवं अनुग्रह अनुदान की राशि 7000 रुपया कि दर से जल्द उनके खाते में प्रदान किया जाए.

### बदसलूकी मामले में थानाध्यक्ष समेत 5 पुलिसकर्मियों को डीआईजी ने किया निलंबित

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी के छतौनी थाना पुलिस द्वारा बीते दिनो वाहन जांच के दौरान दंपत्ति से बदसलूकी और मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ चंपारण रेंज के डीआईजी हरि किशोर राय ने बड़ी कार्रवाई की है. वायरल वीडियो की जांच और पीड़ित दंपति से पूछताछ के बाद डीआईजी ने छतौनी थाना के थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार,अपर थानाध्यक्ष एसआई आरिफ हुसैन,एसआई इंद्रकांत कुमार और एसआई मोहिनी कुमारी को निलंबित कर दिया है. साथ ही होमगार्ड जवान सुरेंद्र साह का अनुबंध समाप्त करने की अनुशंसा जिला समादेष्टा होमगार्ड, मोतिहारी को भेज दी है. उल्लेखनीय है,कि बीते रविवार की रात छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर में वाहन जांच के दौरान पुलिसकर्मियो ने भितहां बनकट निवासी बाइक सवार पिंटू कुमार और उनकी पत्नी अनुराधा कुमारी को बुरी घसीट कर मारपीट करते हुए अपनी गाडी में बैठाया था, जिसका वीडियो स्थानीय लोगो ने बनाकर वायरल कर दिया.

### मामूली विवाद में पिता ने बेटे का गला घोंटकर मार डाला

संवाददाता ।नालंदा

नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र के बड़ी मुढारी गांव में पिता द्वारा बेटे की गला घोंटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मृतक 23 वर्षीय पिंटू कुमार था. हत्या का आरोप उसके पिता श्याम राम पर है. घटना 10 अगस्त की रात हुई, जिसका खुलासा बुधवार को हुआ. थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि गुमशुदगी और हत्या की आशंका की सूचना पर पुलिस ने श्याम राम और उसकी पत्नी नीलू देवी को हिरासत में लिया. शुरू में उन्होंने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में नीलू देवी ने सच उजागर किया. उसने बताया कि 10 अगस्त की रात पिंटू उसके साथ अनुचित व्यवहार कर रहा था, तभी श्याम राम ने देख लिया. पहले विवाद हुआ, फिर श्याम राम ने गमछे से गला घोंटकर पिंटू की हत्या कर दी.



**नाना की शिकायत पर केस दर्ज**

मृतक के नाना सहदेव राम के आवेदन पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर श्याम राम को गिरफ्तार कर लिया गया है. अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है. एसडीआरएफ टीम के साथ शव बरामद करने की कोशिश की गई, लेकिन तेज धारा में शव बह गया.

**एंबुलेंस से शव गंगा में फेंका :** हत्या के बाद श्याम राम ने अपने बड़े भाई शैलेंद्र राम, पड़ोसी दीना साव और चाचा की मदद से एंबुलेंस मंगाई. शव को बेडशीट में लपेटकर पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव के पास गंगा नदी में फेंक दिया.

### फ्लाईओवर पर युवक को मारी गोली, भूमि विवाद की आशंका

संवाददाता ।खगड़िया

खगड़िया शहर में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए. बुधवार सुबह चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के व्यस्त फ्लाईओवर ब्रिज पर बाइक सवार बदमाशों ने नीरज कुमार नामक युवक को गोली मार दी. इस दुस्साहसिक वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नीरज रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. फ्लाईओवर के पास अज्ञात बदमाशों ने उन पर अचानक गोली चला दी. गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े. स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया गया. सूत्रों के अनुसार, घटना के पीछे भूमि विवाद की आशंका है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है. चित्रगुप्त नगर थाना प्रभारी अमित कुमार कांत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है. दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. शहरवासियों में दहशत का माहौल है, जबकि प्रशासन का कहना है कि अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएगा.

## कारोबार

### दिल्ली हवाईअड्डे पर 15 अगस्त को अनिर्धारित उड़ानों पर रहेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) पर 15 अगस्त को निर्दिष्ट अवधि में उन उड़ानों को उतरने या उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो पहले से निर्धारित नहीं होंगी. ये प्रतिबंध अनुसूचित एयरलाइनों की गैर-अनुसूचित उड़ानों के साथ-साथ चार्टर्ड उड़ानों पर भी लागू होंगे. आधिरिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली हवाई अड्डे पर यह प्रतिबंध सुबह 6 बजे से लेकर 10 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 बजे तक लागू रहेंगे. इस प्रतिबंध से अनुसूचित उड़ानों के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. राज्यपाल या मुख्यमंत्री को ले जाने वाले सरकारी विमान एवं हेलीकॉप्टर तथा त्वरित प्रतिक्रिया मिशन और दुर्घटना/तत्काल चिकित्सा निकासी वाले विमानों को भी प्रतिबंधों से छूट दी गई है.

### कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर, मुनाफा 10% घटकर 8,024 करोड़

**नयी दिल्ली।** सरकारी पीएसयू कंपनी ऑइल एन्ड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) ने बुधवार को 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया. कंपनी ने बताया कि जून तिमाही में उसका मुनाफा 10 फीसदी घट गया. तेल की कम कीमतें और पुराने तेल क्षेत्रों से सुस्त उत्पादन के चलते कंपनी का मुनाफा घटा है. ओएनजीसी जबकि पिछले साल इसी अवधि में 8,938 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था. कंपनी को जमीन और समुद्र तल से निकाले गए प्रत्येक बैरल कच्चे तेल की बिक्री से 67.87 डॉलर की प्राप्ति हुई. इसे रिफाइनर पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है. जबकि अप्रैल-जून 2024 में यह प्राप्ति 80.64 डॉलर प्रति बैरल थी. नैचुरल गैस की कीमत पिछले वर्ष की 6.5 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट से मामूली रूप से बढ़कर पहली तिमाही में 6.64 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट हो गई.

## फार्मा और मेटल शेयरों में खरीदारी से बाजार में उछाल

# सेंसेक्स 304 बढ़ा, निफ्टी 24619 पर बंद

एजेंसी ।नयी दिल्ली

वैश्विक बाजारों में जोरदार तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को मजबूती के साथ बंद हुए. मेटल, फार्मा और ऑटो शेयरों में खरीदारी से प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ़्टी50 और सेंसेक्स हरे निशान में रहने में कामयाब हुए. घरेलू मोर्चे पर रिटेल महंगाई के आंकड़ों में नरमी आने से बाजार की धारणा को बल मिला. रिटेल महंगाई कई वर्षों के न्यूनतम स्तर पर आ गई. तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढ़कर 80,492 अंक पर खुला. कारोबार के दौरान यह 80,683 अंक तक चढ़ गया था. अंत में यह 304.32 अंक या 0.38 फीसदी की बढ़त लेकर 80,539.91 पर बंद हुआ.

इस तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी मजबूती के साथ 24,586 अंक पर खुला. कारोबार के दौरान यह 24,586 अंक के नीचले और 24,664 अंक के हाई लेवल तक गया. अंत में यह 131.95 अंक या 0.54 फीसदी की बढ़त लेकर 24,619.35 पर बंद हुआ.

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "भारतीय शेयर बाजार में व्यापक तेजी देखने को मिली क्योंकि खुदरा महंगाई दर (सीपीआई) आठ साल के निचले स्तर पर आ गई. इससे ऑटो और मेटल सेक्टर की अगुवाई में डिस्क्रीशनरी खर्च में सुधार की उम्मीदें बढ़ीं. मिडकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी को दर्शाता है." उन्होंने कहा, "वैश्विक स्तर पर भी माहौल बेहतर हुआ है. चीन की टैरिफ डेडलाइन बढ़ाने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को सहारा मिला. हालांकि ट्रंप की व्यापार नीतियों और अन्य वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है. इसके बावजूद, भारत की ग्रोथ और महंगाई की स्थिति एफवाई26 के लिए अनुकूल बनी हुई है. हालांकि टैरिफ को लेकर अपडेट के आधार पर मामूली डाउनग्रेड का जोखिम बना हुआ है. भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक पर नजर बनाए हुए है."

**ये कंपनियां रही लाभ में :** सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटरनल, महिंद्रा एन्ड महिंद्रा, कोटक बंद, टाटा मोटर्स, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे. दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर लाल निशान में बंद हुए.

ब्रोडर मार्केटस में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.63 प्रतिशत और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेटल हुआ. सेक्टोरल मोर्चे पर निफ्टी हेल्थकेयर में सबसे ज़्यादा 2.13 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई. इसके बाद निफ्टी फार्मा में 1.73 प्रतिशत, निफ़्टी मेटल सेक्टर में 1.26 प्रतिशत और ऑटो में 1.12 प्रतिशत की बढ़त आई. निफ्टी एफएमसीजी, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस में क्रमशः 0.04 प्रतिशत, 0.14 प्रतिशत और 0.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई.

**जुलाई में घटी महंगाई :** कंज्यूमर प्राइसिंग इंडेक्स आधारित रिटेल इन्फ्लेशन दर जुलाई में घटकर 1.55 फीसदी रह गई , जो करीब आठ साल में इसका सबसे कम आंकड़ा है. जून में इसका आंकड़ा 2.1 फीसदी था. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार आखिरी बार इससे कम खुदरा मुद्रास्फीति जून 2017 में दर्ज की गई थी. उस महीने आंकड़ा 1.46 फीसदी रहा था. महंगाई में नरमी का बड़ा कारण खाद्य पदार्थों के दाम में आई कमी है. आंकड़ों से पता चलता है कि सब्जियों के दाम में 20.7 फीसदी कमी आई है, जो सितंबर 2021 के बाद सबसे ज्यादा गिरावट है. ग्लोबल मार्केटस से क्या संकेत : एशियाई बाजारों में बुधवार को दर्ज की गई. चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.37 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.94 प्रतिशत, जापान का निक्केई इंडेक्स 1.3 प्रतिशत तथा दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.38 प्रतिशत बढ़ गया.

जुलाई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े उम्मीद से कम रहने के कारण वॉल स्ट्रीट इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए. इससे निवेशकों की यह आशंका कम हुई कि टैरिफ से कीमतों में बढ़ोतरी नहीं हो रही है. अर्थशास्त्रियों की उम्मीदों के अनुरूप, जून में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि के बाद पिछले महीने सीपीआई में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

एसएंडपी 500 और नैस्डैक कंपोजिट मंगलवार को क्रमशः 1.1 प्रतिशत और 1.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए.

### सोना और चांदी की कीमत घटी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है. कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,390 रुपये से लेकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,940 रुपये से लेकर 93,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,940 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा.

### सिट्रोएन इंडिया ने बेहतर फीचर्स के साथ नई सिट्रोएन सीउएक्स लॉन्च की

**मुंबई।** सिट्रोएन 2.0 - ''शिफ्ट इन टू द न्यू'' स्ट्रेट्जिक प्लान के अंतर्गत, सिट्रोएन इंडिया ने आज नई सिट्रोएन सी3एक्स रेंज लॉन्च की. यह इसकी लोकप्रिय एसयूवी-स्टाईल की कार का बोल्ड रूपांतरण है. इसमें 15 नए इंटैलिजेंट फीचर्स दिए गए हैं. सिट्रोएन सी3 हर सफर में बेहतर कम्फर्ट, टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करती है. यह अपने सेगमेंट में सबसे किफायती मूल्य में होने के कारण आसानी से खरीदी जा सकती है, जिससे इसे प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है. इसकी इनोवेटिव विशेषताओं में सिट्रोएन का प्रॉक्सी-सेंस पैसिव एंट्री और पुश स्टार्ट सिस्टम है, जो टू हैंडस-फ्री अनुभव प्रदान करने वाला सेगमेंट का सबसे बेहतर फीचर है. जहाँ पारंपरिक की-लेस सिस्टम के लिए यूज़र्स को रिक्वेस्ट सेंसर को दबाना पड़ता है, वहीं प्रॉक्सी सेंस, जब भी चाबी वाहन के नजदीक होती है, तो उसे ऑटोमैटिक रूप से अनलॉक कर देता है, और जब आप दूर जाते हैं, तो उसे लॉक कर देता है.

### निसान ने नई निसान मैग्नाइट के लिए लॉन्च किया सेगमेंट का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने आज नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान लॉन्च किया. यह सेगमेंट में अपनी तरह का पहला प्लान है, जो गुणवत्ता, भरोसे और मन के सुकून को लेकर ब्रांड की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) को दर्शाता है. एओपी (एडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी) में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग के साथ ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में नई निसान मैग्नाइट को 5-स्टार रेटिंग मिलने की सफलता के बाद कंपनी ने इस एक्सटेंडेड प्लान का एलान किया है.

## इंश्योरेंस

## एलआईसी में हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में सरकार, शुरू करेगी रोड शो

# 14,000-17,000 करोड़ रुपये की होगी कमाई

एजेंसी।नयी दिल्ली

सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में अपनी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी के लिए अगले दो सप्ताह के भीतर रोड शो शुरू कर सकती है. सीएनबीसी-टीवी18 ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी. विनिवेश के पहले दौर में एलआईसी के 2.5% से 3% शेयर बेचे जा सकते हैं. मोतीलाल ओसवाल और आईडीबीआई कैपिटल को इस ऑफर फॉर सेल का मैनेजर बनाया जा सकता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि रोडशो के बाद पहले चरण का अंतिम आकार और कीमत तय की जाएगी. पहले चरण में इस बिक्री से केंद्र सरकार को लगभग रु. 14,000 करोड़ से रु. 17,000 करोड़ तक की आय होने का अनुमान है. वर्तमान में सरकार के पास एलआईसी में 96.5% हिस्सेदारी है. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एलआईसी को 16 मई, 2027 तक अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी को वर्तमान 3.5% से कम से कम 10% तक बढ़ाने का समय दिया है.




**एलआईसी की फाइनैंशियल हेल्थ :** इस महीने की शुरुआत में, एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अपने नतीजों का ऐलान किया था. Q1FY26 में बीमा कंपनी का नेट प्रॉफिट 5.02% बढ़कर 10,986 करोड़ रूपये रहा. एक साल पहले की समान तिमाही में यह 10,461 करोड़ रुपये था.

आईआरडीएआई के अनुसार फर्स्ट ईयर प्रीमियम इनकम के आधार पर बाजार हिस्सेदारी में एलआईसी देश में जीवन बीमा कारोबार में अब भी मार्केट लीडर बनी हुई है, जिसकी कुल हिस्सेदारी 63.51% रही. 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही में, व्यक्तिगत बिजनेस में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 38.76% रही, जबकि ग्रुप बिजनेस में यह 76.54% रही. Q1FY26 में एलआईसी की वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस बढ़कर रु. 1,944 करोड़ हो गई, जो पिछले साल इसी अवधि में रु. 1,610 करोड़ थी. यानी इसमें 20.75% की बढ़त दर्ज की गई. नेट वीएनबी मार्जिन भी इस तिमाही में 150 बेसिस प्वाइंट बढ़कर 15.4% हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 13.9% था. जून 2025 तक एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 6.47% बढ़कर रु. 57,05,341 करोड़ हो गया, जबकि 30 जून 2024 को यह रु. 53,58,781 करोड़ था. पहली तिमाही में एलआईसी का ओवरऑल एक्सपेंस रेशियो घटकर 10.47% हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 11.87% था. यानी इसमें 140 बेसिस प्वाइंट्स की कमी आई है.

## पेज एक का शेष...

### केवल जश्न नहीं अभिनव संकल्प का दिन है 15 अगस्त

इसके लिए हमें अपनी प्राथमिकताओं, चुनौतियों, समस्याओं पर चिंतन आधारित समग्रता के सहकारी प्रयास की आवश्यकता है. प्रत्येक हाथ श्रेष्ठता के साथ उत्पादक बने, हर उत्पाद के लिए लाभकारी बाजार हो, शिक्षा के विविध आयामों का संवर्धन हो और हर असमर्थ को समर्थन देने की क्षमता समाज जीवन में व्याप्त हो. आजादी का सही अर्थ हर आंगन तक पहुंचे इसके लिए शोषण मुक्त वातावरण में नागरिक जीवन पुष्पित पल्लवित हो तथा सब की सुरक्षा, सब की संरक्षा का दायित्व राज्य संभाले. हमारी सामरिक शक्ति ऐसी हो की इस ओर उठने वाली आंख चुंधिया जाय और अंगुली सीधी न रहे. हमारी सीमाएं अक्षुण्ण रहें और आन्तरिक सुरक्षा सद्भाव लोक जीवन को हर कदम पर समर्थित करें.

**विश्व को भारत से बहुत अपेक्षा :** आज वैश्विक अशांति का एक दौर सा दिख रहा है. प्रायः देशों में सामरिक तैयारी कुछ अधिक स्थान ले रही है, इकोनोमी को ग़लत दिशा दे रही है. मानवता प्रेम सद्भाव सहकार युक्त समृद्धि का अभाव दिख रहा है और ऐसा लगता है एक दूसरे को नीचा दिखाना ही शक्ति का पर्याय बन गया है. समृद्धि विनाशक बना रही है. जो साधन मानवता के समग्र विकास, असमानता को कम करने, मानव में मानवीय गुणों के सृजन में लगना चाहिए उसका तेजी से क्षरण और गलत दिशा में दुरूपयोग हो रहा है. दुर्भाग्य है कि राजनीति का अभिषेक केवल सत्ता प्राप्ति रह गया है. ऐसे में शांति और सद्भाव के पुजारी भारत का रोल अधिक बढ़ जाता है. सदियों से हमारी वैदेशिक नीति परस्पर प्रेम और सद्भाव तथा सह अस्तित्व पर आधारित रही है. भारत ने विश्व बंधुत्व के भाव से समष्टि के साथ सह अस्तित्व का व्यवहार किया है. हम विश्व को वृहत परिवार मानते हैं. हमारी चिंतन धारा में अंत्योदय और सर्वे भवंतु सुखिनः का भाव है. इसलिए विश्व को भारत से स्पर्धा संघर्ष एवं ईर्ष्या के बीच भी समाधान की अपेक्षा है. मार्ग निकलेगा तो हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं सह अस्तित्व की समृद्धिजन्य वैश्विक अर्थव्यवस्था और समर्थन से ही. हमारी आजादी इसका संदेश बार-बार देती है. आने वाला 15 अगस्त अर्थात स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रव्यापी जश्न अपनी अतीत के स्मृतियों के संबल के साथ विश्व शांति सद्भाव और समृद्धि की नई मशाल जलाएगा ऐसी अपेक्षा है! तिरंगे को सबसे ऊंचा फहराने वाले युवा हाथों के लिए श्रेष्ठ भारत हेतु कतिपय अभिनव रचनात्मक संकल्पों का दिन है, अवसर है 15 अगस्त.




**15 अगस्त की तैयारी** | नई दिल्ली के लाल किला परिसर में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र.

## न्यूज अपडेट

### कर्नाटक में कांग्रेस विधायक सतीश सैल के आवास पर ईडी की छापेमारी

**कैरावर ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के कारवार निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल के आवास पर छापा मारा है. 24 से ज्यादा ईडी अधिकारियों ने घर पर मौजूद दस्तावेजों की जांच की है. विधायक सतीश सैल और उनका परिवार बेंगलुरु में हैं. अवैध अयस्क तस्करी के एक मामले में जेल की सजा काट चुके विधायक सैल को मल्लिकार्जुन शिपिंग कंपनी के जरिए बेलेकेरी बंदरगाह से विदेशों में अवैध अयस्क तस्करी के एक मामले में दोषी ठहराया गया था. सेवानिवृत्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति संतोष हेगड़े के नेतृत्व वाली एक टीम की एक शिकायत के आधार पर अदालत ने पिछले अक्टूबर में सतीश सैल को सात साल की जेल और 44 करोड़ के जुर्माने की सजा सुनाई थी.

### हर घर तिरंगाः गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पत्नी सोनल शाह के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत यहां अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया. अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज देश को एकता के सूत्र में पिरोने और राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रबल बनाने वाला जन-अभियान बन गया है. यह अभियान दर्शाता है कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से जिस आजाद भारत का सपना साकार किया था, उसे विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए 140 करोड़ देशवासी संकल्पित हैं.

### एयर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी से मुंबई की उड़ान रद्द, हंगामा

**कच्छ ।** एयर इंडिया विमानों में लगातार खराबी की खबरें आने के क्रम में बुधवार को गुजरात के भुज हवाई अड्डे पर मुंबई जाने वाली उड़ान रद्द करनी पड़ी. मुंबई से यह फ्लाइट करीब एक घंटे विलंब से भुज पहुंची थी. नतीजतन 182 यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्होंने जमकर हंगामा किया. भुज हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया का यह विमान मुंबई से आज सुबह 8.30 बजे के बजाय 9.30 बजे भुज हवाई अड्डे पर पहुंचा.इसी विमान को फिर मुंबई लौटना था, इसलिएविमान की प्रतीक्षा कर रहे 182 यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. करीब एक घंटा देरी से भुज पहुंचने के कारणों में तकनीकी खामी बताई गई.

### पंजाब पुलिस ने जालंधर से पकड़ी डेढ़ किलो हेरोइन, पांच गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** नशा तस्करी और अवैध हथियारों के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बहुस्तरीय नशा–हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने बुधवार को इस ऑपरेशन में पांच तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.5 किलो हेरोइन और सात अवैध हथियार बरामद किए हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीमों का गठन किया गया था. लगातार निगरानी और सटीक कार्रवाई के बाद इन तस्करों को अलग-अलग स्थानों से दबोचा गया. शुरूआती जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क पंजाब के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में भी सक्रिय था और इसके तार अंतरराष्ट्रीय नशा-हथियार तस्करी गिरोहों से जुड़े हो सकते हैं.

### उत्तर प्रदेश के जौनपुर में रोडवेज बस-ट्रक में टक्कर, पांच की मौत

**जौनपुर ।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में खेतासराय थाना क्षेत्र स्थित गुरैनी बाजार के मोड़ पर मंगलवार देररात रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में पांच यात्रियों की मौत और कई लोग घायल हो गए. इनमें सात गंभीर रूप से घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. एक को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है. जिलाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ जिला अस्पताल पहुंचे. घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के लिए निर्देशित किया. जिलाधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि एक रोडवेज बस वाराणसी से शाहगंज जा रही थी. बस गलत दिशा से चल रही थी.

### पुरी श्रीमंदिर को आतंकी हमले की धमकीः बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

**भुवनेश्वर ।** पुरी के विश्वप्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के पास बुधवार को बालीसाही प्रवेश द्वार के निकट बुढ़ी मां ठाकुराणी मंदिर की दीवारों पर धमकीभरे ग्राफिटी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया. इस घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा किया है बल्कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. यह आपत्तिजनक और धमकीभरे ग्राफिटी बालीसाही प्रवेश द्वार के निकट स्थित बुढ़ी मां ठाकुराणी मंदिर की दीवारों पर पाए गए. इनमें लिखा था, "आतंकवादी मंदिर को नष्ट कर देंगे" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी उल्लिखित था. इसके अलावा कुछ मोबाइल नंबर और 'कॉल करने' के निर्देश भी लिखे गए थे.

## श्री बांके बिहारीजी मंदिर न्यास अध्यादेश पारित

**एजेंसी । लखनऊ**

- मंदिर की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं को बनाए रखने का प्रावधान
- 18 सदस्यीय न्यासी बोर्ड करेगा मंदिर का संचालन

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को मथुरा में स्थित विश्वप्रसिद्ध श्री बांके बिहारीजी मंदिर के संचालन, संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'श्री बांके बिहारीजी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025' ध्वनि मत से पारित हो गया. यह अध्यादेश परंपरागत पूजा-पद्धति और धार्मिक मान्यताओं को बिना छुए, प्रबंधन, सुरक्षा और सेवा-सुविधाओं को आधुनिक स्वरूप देने का मार्ग प्रशस्त करेगा. इस अध्यादेश के लागू होने से श्री बांके बिहारी जी मंदिर न केवल अपनी प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं को बनाए रखेगा, बल्कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक अनुभव भी देगा. जानकारी के अनुसार न्यास का संचालन 18 सदस्यीय न्यासी बोर्ड करेगा. इसमें 11 नामनिर्दिष्ट सदस्य होंगे, जिनमें 3 वैष्णव परंपरा से, 3 अन्य सनातन परंपराओं से, 3 विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति, 2 गोस्वामी परंपरा से (राज-भोग व शयन-भोग सेवायत) होंगे.

बलूचिस्तान के खुजदार जिले के बसिमा इलाके में सैन्य शिविर पर जोरदार हमला

# कैप्टन समेत 18 जवान मारे गए

**एजेंसी । क्वेटा (बलूचिस्तान)**



बलूचिस्तान के खुजदार जिले के बसिमा इलाके में सोमवार देर रात हुए हमले में पाकिस्तान की सेना के एक कैप्टन समेत कम से कम नौ सैनिक मारे गए और छह अन्य घायल हो गए. बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों ने बसिमा स्थित मुख्य सैन्य शिविर को निशाना बनाया. इस दौरान दोनों ओर से भीषण गोलीबारी और विस्फोट किए गए. इसके अलावा सोमवार रात एक अन्य हमले में ईरान की सीमा से लगे बलूचिस्तान के दक्षिणी वाशुक जिले में एक अधिकारी समेत नौ जवानों की मौत हो गई.

**सैन्य शिविर की ओर बढ़ने का प्रयास किया :** द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार हमले के दौरान पाकिस्तान की सेना की 328 ब्रिगेड के त्वरित प्रतिक्रिया बल ने मुख्य सैन्य शिविर की ओर बढ़ने का प्रयास किया. घात लगाकर किए गए इस हमले में कैप्टन मोहम्मद आसिफ और आठ अन्य सैनिक मारे गए, जबकि छह घायल हो गए. इस दौरान लड़ाकों ने एक लेवी स्टेशन पर भी कब्जा कर लिया. कर्मियों के हथियार छीन लिए और लेवी स्टेशन और परिसर में खड़ी 40 -50 मोटरसाइकिलों में आग लगा दी. बलूच सशस्त्र समूहों का बसिमा हमला हाल के हफ्तों किए गए हमलों में सबसे घातक है. पिछले एक महीने में समन्वित हमलों में कई अधिकारियों सहित दर्जनों सैन्यकर्मी मारे गए हैं.

खबर के अनुसार, 16 जुलाई को मेजर सैयद रबनवाज तारिक अवारन जिले में मारे गए. इसकी जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने ली. तीन दिन बाद मेजर अनवर काकर क्वेटा के जबल-ए-नूर के पास बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विशेष सामरिक अभियान दस्ते (एसटीओएस) के बम विस्फोट में मारे गए. 23 जुलाई को मेजर जैद सलीम मस्तुंग के पहाड़ी क्षेत्र में बीएलए लड़ाकों के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए. हाल ही में, 05 अगस्त को मेजर रिजवान नुश्की में सड़क किनारे हुए एक आईईडी विस्फोट में मारे गए. नुश्की विस्फोट की जिम्मेदारी भी बीएलए ने ली थी. इससे पहले पहली अगस्त को पंजगुर जिले के गोरान में बलूच सशस्त्र समूहों के बलूच राजी आजोई संगर (बीआरएएस) गठबंधन ने एक सैन्य शिविर पर कब्जा कर 20 से अधिक सैनिकों की हत्या कर दी. 11 अगस्त को सिबी, तगरान, झाल मग्सी, जमुरान, तुरबत, टम्प, मंड और जेहरी में पाकिस्तान के सैन्य बलों, आपूर्ति दस्तों और पुलिस को निशाना बनाकर कई हमले किए गए. 11 अगस्त के हमले और बसिमा हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी समूह ने निजी तौर पर नहीं ली है.

**बलूचिस्तान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित :** इस बीच, सुरक्षा चिंताओं के कारण पूरे बलूचिस्तान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं. यात्री बसों का परिचालन बंद कर दिया गया है. ट्रेन सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं. संघीय अधिकारियों ने क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बैंकों को भी बंद करने का आदेश दिया है. डान अखबार की खबर के अनुसार सोमवार रात ईरान की सीमा से लगे दक्षिणी वाशुक जिले में सुरक्षा बलों पर किए हमले में एक अधिकारी समेत नौ जवानों की मौत हो गई. डान ने कहा कि इस खबर के छपने तक सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने कोई बयान जारी नहीं किया. डान की एक अन्य खबर के अनुसार, सिबी में एक ग्रेनेड हमले में एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया, जबकि प्रांतीय राजधानी क्वेटा में गश्त करा एक पुलिस वाहन बम विस्फोट से बाल-बाल बच गया. अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात सिबी में सरकारी गर्ल्स कॉलेज के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने एक पुलिस वाहन पर ग्रेनेड फेंका. ग्रेनेड पुलिस वाहन के पास फटा और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया. वाहन को कोई नहीं पहुंचा. इसके अलावा क्वेटा में पूर्वी बाईपास के पास लिंक बादिनी रोड पर सड़क किनारे हुए बम हमले में एक पुलिस वाहन बाल-बाल बच गया. हालांकि, विस्फोट के दौरान उस इलाके से गुजर रही एक कार नष्ट हो गई.

**पश्चिम बंगाल का मामला**

## 100 मतदान केंद्रों से मतदाता सूचियों के रिकॉर्ड हुए लापता

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव आयोग को देंगे मामले की जानकारी

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है. वर्ष 2002 में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार की गई मतदाता सूचियों के रिकॉर्ड लगभग 100 से अधिक मतदान केंद्रों से गायब हो गए हैं. मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह मामला चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया जाएगा और आयोग से अनुमति मांगी जाएगी कि 2003 के प्रारूप मतदाता सूची को आधार बनाकर नए पुनरीक्षण की प्रक्रिया की जाए. सूत्रों ने बताया कि कई बूथों के 2002 के रिकॉर्ड पूरी तरह उपलब्ध नहीं हैं. कुछ सूचियां इस कदर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि उन्हें आयोग के सर्वर पर अपलोड करना भी संभव नहीं है. जिन बूथों के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे, उनमें अधिकांश दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना, हावड़ा और बीरभूम जिलों के हैं. ये जिले पारंपरिक रूप से तृणमूल कांग्रेस के गढ़ माने जाते हैं. यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब चुनाव आयोग और राज्य सरकार के बीच चार चुनाव अधिकारियों के निलंबन को लेकर टकराव जारी है.

**अनुराग ठाकुर बोले-**

## बिहार चुनाव में संभावित हार से बौखला गयी है कांग्रेस


**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है तो वह राहुल गांधी हैं. पार्टी के अंदर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठते हैं. जब वह चुनाव हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं. पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर बुधवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे. अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने पहले कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है.

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को स्पष्ट किया, बोले-

# डोनबास से सेना नहीं हटाएगा यूक्रेन

**एजेंसी । कीव**





यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वे रूस के उस प्रस्ताव को खारिज करेंगे, जिसमें यूक्रेन से पूर्वी डोनबास क्षेत्र से अपनी सेनाएं हटाने की मांग की गई है. जेलेंस्की ने कहा कि ऐसा करने से यूक्रेन अपनी मजबूत रक्षा रेखाएं खो देगा और रूस को आगे के आक्रामक अभियानों के लिए खुला रास्ता मिल जाएगा. राष्ट्रपति ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा केवल तब हो सकती है जब रूस युद्धविराम के लिए सहमत हो और यूक्रेन के लिए ठोस सुरक्षा गारंटियां उस चर्चा का हिस्सा हों. उन्होंने जोर दिया कि यूक्रेन से संबंधित किसी भी बातचीत में यूक्रेन की भागीदारी अनिवार्य है. जेलेंस्की के अनुसार, रूस का मौजूदा प्रस्ताव यह है कि वह यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों में अपनी सैन्य प्रगति रोक देगा, बशर्ते कीव डोनबास क्षेत्र से अपनी सेनाएं पीछे हटा ले. डोनबास में डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्र शामिल हैं, जहां 2022 से युद्ध तेजी से जारी है.

राष्ट्रपति ने बताया कि वर्तमान में यूक्रेन डोनेट्स्क क्षेत्र का लगभग 30 फीसदी हिस्सा, यानी करीब 9,000 वर्ग किलोमीटर भूमि, पर नियंत्रण बनाए हुए है. इस क्षेत्र में यूक्रेनी सेनाओं ने मजबूत किलेबंदी और रणनीतिक ऊंचाइयों पर नियंत्रण स्थापित किया हुआ है, जो रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन ने डोनबास से अपनी सेना हटा ली, तो रूस को जापोरिज्झिया और ड्नीप्रो क्षेत्रों तक सीधा रास्ता मिल जाएगा. इससे खारकीव पर भी खतरा बढ़ जाएगा.

जेलेंस्की ने कहा, क्षेत्रीय मुद्दों को सुरक्षा गारंटियों से अलग नहीं किया जा सकता. उनका यह बयान यूक्रेन की इस नीति को दोहराता है कि कोई भी समझौता उसकी संप्रभुता और रक्षा क्षमताओं से समझौता नहीं कर सकता. उल्लेखनीय है कि जेलेंस्की का यह बयान उस समय आया है जब आगामी शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक प्रस्तावित है. ट्रंप ने हाल में संकेत दिया था कि किसी संभावित शांति समझौते में क्षेत्रीय अदला-बदली भी शामिल हो सकती है.



**बारिश से आफत**

गुवाहाटी में बारिश के बाद पानी से भरी सड़क से गुजरता हुआ एक रिक्शा चालक

**व्हाइट हाउस ने कहा-**

### उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में मुद्रास्फीति बाजार की उम्मीदों से बेहतर

**वाशिंगटन ।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा है, ₹आज (12 अगस्त) की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट से साफ है कि मुद्रास्फीति एक बार फिर बाजार की उम्मीदों से बेहतर रही और स्थिर बनी हुई है. इससे अमेरिकी परिवारों और व्यवसायों के लिए लागत कम करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है. आधिकारिक तौर पर व्हाइट हाउस से भेजी गई विज्ञप्ति में लेविट ने कहा कि डर फैलाने वाले लोग आंकड़ों से लगातार गलत साबित हो रहे हैं. राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ अरबों डॉलर कमा रहे हैं. लघु व्यवसायों का आशावाद पांच महीने के उच्चतम स्तर पर है. वास्तविक मजदूरी बढ़ रही है. अमेरिकी नागरिकों ने राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडा यानी अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाने पर अपना भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से मुद्रास्फीति 1.9 प्रतिशत पर स्थिर है. जुलाई में नागरिकों की वास्तविक औसत साप्ताहिक आय में वृद्धि हुई. अमेरिकियों का वास्तविक वेतन पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 फीसद बढ़ा है.

## दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियोन गिरफ्तार

**नौ घंटे बाद किम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया**

**एजेंसी। सियोल (दक्षिण कोरिया)**



देश के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल की पत्नी किम कियोन ही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही को उनके खिलाफ लगे कई आरोपों से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका के चलते हिरासत में लेने का वारंट जारी किया. द कोरिया हेराल्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सियोल कोर्ट ने आयातित कार डीलर डॉयच मोटर्स के शेयर मूल्य में हेरफेर, रिश्वतखोरी के एक मामले और 2022 के उपचुनाव में प्रभाव डालने के आरोप में किम की कथित संलिप्तता की जांच कर रही विशेष वकील टीम के अनुरोध पर गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी दे दी. किम मंगलवार सुबह अदालत पहुंचीं. वह सुनवाई में शामिल हुईं. उन्होंने कथित तौर पर अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार किया. लगभग चार घंटे बाद सुनवाई समाप्त हुई. इसके बाद अदालत ने वकीलों की विशेष टीम और किम के कानूनी प्रतिनिधियों की दलीलों की समीक्षा की और नौ घंटे बाद किम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया. विशेष वकील ने अपनी दलीलों के समर्थन में अदालत में 848 पन्नों की एक रिपोर्ट पेश की और कथित तौर पर किम को हिरासत में न लेने की स्थिति में सबूतों के नष्ट होने की आशंका पर चिंता जताई. किम के वकीलों ने दावा किया कि उनके खराब स्वास्थ्य के कारण हिरासत में रखना अनुचित होगा. बताया गया है कि दोपहर 2:35 बजे अदालत की सुनवाई समाप्त होते ही पूर्व प्रथम महिला बिना किसी सवाल का जवाब दिए बाहर निकल गईं.

**चिंता :** अमेरिकी विदेश विभाग ने 'बांग्लादेश पर ताजा मानवाधिकार रिपोर्ट' में कहा-

# मानवाधिकारों की स्थिति स्थिर लेकिन चिंताजनक

**एजेंसी । ढाका**



अमेरिकी विदेश विभाग की 'बांग्लादेश पर ताज़ा मानवाधिकार रिपोर्ट' में देश में मानवाधिकारों की स्थिति को स्थिर किन्तु चिंताजनक करार दिया है और कहा है कि पत्रकारों के खिलाफ हिंसा और धमकियां देने, गैरकानूनी गिरफ्तारियां, अनुचित मुकदमे और सेंसरशिप, श्रमिक अधिकारों के उल्लंघन और मजदूर नेताओं के दमन और बाल श्रम जैसी बुराइयां बेरोकटोक जारी हैं. मानवाधिकार रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के बाद बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति स्थिर हो गई है, हालांकि चिंताएं बरकरार हैं. यह जरूर है कि अंतरिम सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम किया. साथ ही अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के लिए सामान्य न्याय प्रणाली और देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण का इस्तेमाल किया. बांग्लादेश के अखबार 'द डेली स्टार' ने आज अपनी वेबसाइट पर अमेरिका के विदेश विभाग की यह रिपोर्ट प्रसारित की है. इसमें यह भी जिक्र है कि पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त में बड़े पैमाने पर छात्र विरोध प्रदर्शनों, पुलिस और अवामी लीग पार्टी की युवा शाखाओं के साथ झड़पों में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई. इस दौरान 05 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर भाग गईं. 08 अगस्त को राष्ट्रपति ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में 'मुख्य सलाहकार' (प्रधानमंत्री के समकक्ष) की भूमिका में एक अंतरिम सरकार को शपथ दिलाई. रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले साल अगस्त में कुछ घटनाओं के बाद देश में मानवाधिकारों की स्थिति स्थिर होने के बावजूद कुछ चिंताएं बनी हुईं हैं. इनमें मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाएं अहम हैं. इन उल्लंघनों में मुख्यतः पिछली सरकार के कार्यकाल में मनमानी या गैरकानूनी हत्याओं, जबरन गायब किए जाने, यातना, मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने और अंतरराष्ट्रीय दमन की घटनाएं शामिल हैं.

अमेरिकी रिपोर्ट में अभिव्यक्ति और मीडिया की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंधों का भी हवाला दिया गया है. रिपोर्ट में पत्रकारों के खिलाफ हिंसा और धमकियां देने के साथ अनुचित गिरफ्तारियां, मुकदमे और सेंसरशिप, श्रमिक संघ बनाने पर प्रतिबंध, श्रमिक संघ कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा और बाल श्रम के बेरोकटोक एवं खुल्लमखुल्ला जारी रहने का भी उल्लेख किया गया है. रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अवामी लीग प्रशासन के तहत दुर्व्यवहारों के लिए ₹व्यापक दंड से मुक्ति की कई रिपोर्टें₹ थीं, जिसने ₹जिम्मेदार अधिकारियों या सुरक्षा बल के सदस्यों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के लिए शायद ही कभी विश्वसनीय कदम उठाए. रिपोर्ट में कहा गया, पिछली सरकार के पतन के बाद अंतरिम सरकार ने मानवाधिकारों के हनन के आरोप में पिछले प्रशासन के सदस्यों को गिरफ्तार किया. मानवाधिकार संगठनों और मीडिया की विश्वसनीय रिपोर्टों में जुलाई-अगस्त की अशांति के दौरान अवामी लीग की छात्र शाखा, बांग्लादेश छात्र लीग के किए गए गंभीर दुर्व्यवहारों का दस्तावेजीकरण किया गया है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.